राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में आरती करते सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश चंद्रशेखर कुमार

• बोकारो, सोमवार 14 सितम्बर 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 120 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित

## सरेंडर के लिए सुरक्षित रास्ता तलाश रहा एक करोड़ का इनामी नक्सली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड पुलिस के वांटेड लिस्ट का आखिरी बड़ा इनामी नक्सली असीम मंडल इन दिनों बंगाल में छिपा हुआ है। एक करोड़ रुपये के इनामी असीम मंडल के बारे में सुरक्षा एजेंसियों को लगातार कई अहम इनपुट मिल रहे हैं। बताया जा रहा है कि लगातार बारिश में भीगने और एक स्थान से दूसरे स्थान तक यात्रा करने के कारण उसकी तबीयत खराब हो गई है। असीम मंडल की तलाश में झारखंड और पश्चिम बंगाल की पुलिस लगातार सक्रिय है। स्पेशल ब्रांच की रिपोर्ट के अनुसार असीम मंडल झारखंड की सीमा पार कर बंगाल पहुंचने में कामयाब हो चुका है। हालांकि गिरफ्तारी के डर से वह अपने पुराने नक्सली समर्थकों और संपर्कों से दूरी बनाए हुए है। बीमारी के बाद वह झारखंड-बंगाल सीमा क्षेत्र में जड़ी-बूटी से इलाज करने वाले कुछ लोगों तक भी पहुचा था। सुरक्षा एजेंसियों को ऐसे लोगों के बीच असीम मंडल के पहुंचने की सूचना मिली है। सुरक्षा एजेंसियों को यह भी जानकारी मिली है कि असीम मंडल झारखंड में नहीं बल्कि बंगाल में ही आत्मसमर्पण करना चाहता है। गिरफ्तारी के डर और लगातार पुलिस दबाव के कारण वह सुरक्षित तरीके से पुलिस के सामने आने का रास्ता तलाश रहा है। रविवार को यह अफवाह फैली कि असीम ने बंगाल में सरेंडर कर दिया है। हालांकि उसके सरेंडर को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। झारखंड पुलिस के आईजी अभियान नरेंद्र कुमार सिंह ने असीम मंडल के बंगाल की ओर भाग जाने की सूचना की पुष्टि की है। हालांकि आत्मसमर्पण को लेकर अभी तक झारखंड पुलिस मुख्यालय या फिर बंगाल पुलिस की तरफ से कोई भी पुष्टि नहीं की गई है। असीम मंडल के बारे में सुरक्षा एजेंसियों को हाल के दिनों में कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। कोलकाता में आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों से पूछताछ के दौरान असीम मंडल से जुड़े कई इनपुट पुलिस को मिले हैं। उसके संभावित ठिकाने, संपर्क और बंगाल में गतिविधियों से जुड़ी जानकारी के आधार पर झारखंड और बंगाल पुलिस अपने स्तर पर काम कर रही है। वहीं दूसरी तरफ असीम गिरफ्तारी से बचने के लिए किसी नक्सल समर्थक के सीधे संपर्क में नहीं आ रहा है।

### नयी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित दो दिवसीय ब्रिक्स समिट संपन्न

# दुनिया में लगातार बढ़ रहा तनाव : मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** देश की राजधानी नयी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित दो दिवसीय ब्रिक्स समिट रविवार को संपन्न हो गया। समिट की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स समिट के दूसरे दिन संगठन के सदस्य देशों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत की अध्यक्षता में हमने अपनी सारी कोशिशें चार स्तंभों पर केंद्रित की हैं। लचीलापन, इनोवेशन, सहयोग और सस्टेनेबिलिटी। मुझे खुशी है कि आपके सहयोग और समर्थन से हम अपनी साझा सोच को ऐसे सहयोग में बदल पाए हैं। श्री मोदी ने ब्रिक्स समिट के दौरान ब्रिक्स कनेक्ट को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स कनेक्ट के जरिए हमने स्किल, रोजगार की क्षमता, वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी, सोशल सिक्योरिटी और क्षमता निर्माण को बढ़ावा दिया है। छोटे उद्योगों को



नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच पर दुनिया के शीर्ष नेताओं के साथ फैमिली फोटो के लिए पोज दिया। इस खास ग्रुप फोटो में पीएम मोदी के साथ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और दक्षिण अफ्रीका, ईरान व मिस्त्र के राष्ट्राध्यक्ष एक ही मंच पर नजर आए।

जानकारी, फाइनेंस और नए बाजारों से जोड़ने के लिए ब्रिक्स एमएसएमइ सहयोग पोर्टल शुरू किया गया है। हमारे शहरों के बीच बेहतरीन तौर-तरीकों को साझा करने में आसानी के लिए ब्रिक्स अर्बन मोबिलिटी हब बनाया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने ब्रिक्स के मंच से दोस्ती, साझेदारी और सहयोगी की भावना को बढ़ाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि हमने यह सुनिश्चित करने की कोशिश की है कि ब्रिक्स का सहयोग सिर्फ सरकारों तक ही सीमित न रहे। बल्कि हम चाहते हैं कि हमारे उद्यमी, किसान, रिसर्चर, महिलाएं, युवा और आम नागरिक भी इसमें सक्रिय रूप से शामिल हों। पीएम मोदी ने कहा कि आज दुनिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है, जिसका आम लोगों के जीवन पर काफ़ी और व्यापक बुरा असर पड़ रहा है। महामारी, जलवायु आपदाओं और सप्लाई चेन में रुकावटों ने यह दिखा दिया है कि आज की आपस में जुड़ी दुनिया में कोई भी संकट किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता। इसलिए हमने ब्रिक्स समूह में मुश्किलों का सामना करने की क्षमता को बढ़ाने पर खास जोर दिया है। चुनौतियों की समय रहते पहचान करना, उनके लिए तैयार रहना और तुरंत कार्रवाई करना भी उतना ही जरूरी है। इसी सोच के साथ, संक्रामक बीमारियों की रोकथाम और उनसे निपटने के लिए ब्रिक्स इंटीग्रेटेड अर्ली वार्निंग सिस्टम पर सहमति बनी है। इसके अलावा आपदा प्रबंधन के लिए अर्ली वार्निंग डेटा इंटीग्रेशन गाइडलाइंस भी तैयार की गई हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में भारत मंडपम में सदस्य देशों के नेताओं का ग्रुप फोटो सेशन हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### दिनदहाड़े दुकान में घुसकर दुकानदार को चाकू मारा

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के असनाबाद में रविवार दोपहर दिनदहाड़े चाकूबाजी की घटना हुई। इसमें असनाबाद निवासी इम्तियाज अहमद उर्फ गुड्डू गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना रविवार दोपहर करीब 12 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शी सईद नसीम ने बताया कि वह इम्तियाज की दुकान के बगल में बैठकर चाय पी रहे थे। इसी दौरान एक युवक अचानक गुड्डू की दुकान से निकलकर भागने लगा। इसके तुरंत बाद इम्तियाज भी खून से लथपथ हालत में दुकान से बाहर निकले और भाग रहे युवक का पीछा करने लगे। कुछ दूर जाने के बाद वह सड़क पर गिर पड़े।

### घर में घुसकर मां-बेटे पर जानलेवा हमला

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** देवीपुर के राजपुरा गांव में रविवार की सुबह घर में घुसकर महिला और उसके 13 वर्षीय बेटे पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। टांगी और लाठी-डंडे से हुए हमले में रूबी देवी और उनका बेटा घायल हो गया जिसमें महिला की हालत गंभीर बताई गई है। घटना के बाद परिजनों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद रूबी देवी की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### महिला को सांप ने काटा, हालत गंभीर

**लोहरदगा(नबिटा ब्यूरो)।** धान के खेत में काम करने के दौरान एक महिला को सांप ने काट लिया जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। जानकारी के अनुसार लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के बरवाटोली निवासी रनिया मुंडा की पत्नी मोगवा देवी धान के खेत में निकवन करने गई थी। वह खेत में घास निकालने का काम कर रही थी। इसी दौरान खेत की मेड़ से अचानक एक सांप निकला और उसने मोगवा देवी को डंक मार लिया। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उसे तत्काल इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहां महिला की हालत नाजुक बतायी जा रही है।

### एसआइआर में शिक्षकों की नहीं चलेगी मनमानी

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर)-2026 के दौरान शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति और उनके कामकाज को लेकर चुनाव आयोग ने सख्ती बरती है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह की शिकायत के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त शिक्षकों का युक्तिसंगत उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## अवैध खनन के दौरान मलबे में दबने से तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** कतरास रामकनाली ओपी क्षेत्र के केशालपुर कुम्हारपट्टी में रविवार सुबह अवैध खनन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोग अवैध तरीके से कोयला निकालने के लिए खदान के अंदर घुसे थे। इसी दौरान अचानक ऊपर से मिट्टी का बड़ा हिस्सा धंस गया और वहां मौजूद कई लोग मलबे में दब गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और अपने स्तर से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। लोगों ने मलबे को हटाकर काफी खोजबीन की और करीब तीन लोगों को बाहर निकाला। इसके बाद तीनों को आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में मृतकों की पहचान केवट कूली निवासी मुनिया देवी और बेलगोंजाबाद निवासी एक व्यक्ति के रूप में बताई जा रही है। हालांकि मृतकों की पूरी पहचान की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। वहीं इस हादसे में करीब पांच से छह अन्य लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोग लगातार मलबा हटाकर अंदर फंसे लोगों की तलाशी कर रहे हैं।



बताया जा रहा है कि कुछ लोग हादसे से पहले ही बाहर निकलने में सफल रहे थे। घटना की सूचना के बाद इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। अवैध खनन को लेकर एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं मामले को लेकर जब बाघमारा डीएसपी अजित कुमार विमल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें फिलहाल घटना की जानकारी नहीं है। ऐसे में हादसे में कितने लोग दबे हैं और कितनी मौतें हुई हैं, इसकी आधिकारिक पुष्टि प्रशासन और पुलिस की जांच के बाद ही हो सकेगी। इधर रामकनाली ओपी प्रभारी अलीशा अग्रवाल ने बताया कि ग्रामीण कोयला चुनने के लिए गए थे। इसी दौरान अचानक मिट्टी धंसने से हादसा हो गया। हालांकि उन्होंने इस घटना को अवैध उत्खनन के दौरान हुई दुर्घटना मानने से इनकार किया है। ओपी प्रभारी ने दो लोगों की मौत की पुष्टि की है। हालांकि मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस की ओर से मृतकों के नाम की जानकारी जुटाई जा रही है।

## पलामू में एनएच-39 पर पांकी और पाटन रोड में बनेगा अंडरपास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले से गुजरने वाली नेशनल हाईवे-39 पर पांकी और पाटन रोड अंडरपास से होकर गुजरेगी। इसको लेकर राज्य मंत्री अजय टमटा ने पलामू सांसद को पत्र लिखा है। दरअसल नेशनल हाईवे-39 का फोरलेन का कार्य पूरा हो गया है। पाटन और पांकी रोड फिलहाल नेशनल हाईवे फोरलेन को क्रॉस करती है। नेशनल हाईवे के कारण दोनों जगह पर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। दोनों जगह पर पिछले छह महीने में सड़क दुर्घटनाओं में आधा दर्जन के करीब लोगों की मौत भी हुई है। दोनों जगहों पर अंडर पास बनाने की मांग को लेकर आंदोलन भी हुआ था। 23 जून 2026 को पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम ने अंडरपास को लेकर लोकसभा में आवाज भी उठाई थी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के राज्य मंत्री अजय टमटा ने पलामू सांसद विष्णु दयाल राम को पत्र लिखा है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने अंडरपास बनाने के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति की जानकारी दी। केंद्रीय राज्य मंत्री ने पलामू सांसद को पत्र में लिखा है मंत्रालय द्वारा दिए गए पत्र के अनुसार पोखराहा के पास किलोमीटर 165+700 पर वीयूपी एवं जोड़ के पास किलोमीटर 169+023 पर एलवीयूपी के निर्माण के लिए रेलवे ट्रांसमिशन लाइन को ऊंचा करना जरूरी है। ट्रांसमिशन लाइन शिफ्टिंग के लिए 3.43 करोड़ रुपए रेलवे प्राधिकरण को दिया गया है। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि क्षेत्र में सड़क एवं रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। पांकी एवं पाटन रोड का अंडरपास बनाने की प्रक्रिया तेज हो गई है।

## हाइवा ने बाइक सवार दंपति को कुचला, मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रांची जिले के सोनाहातू थाना क्षेत्र में रविवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी की मौत हो गई। हादसा बारेंदा टोला देवानसारणा के पास हुआ। आयरन लदे तेज रफ्तार हाइवा ने सड़क किनारे खड़े बाइक सवार दंपति को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद हाइवा चालक वाहन को कुछ दूरी पर खड़ा कर मौके से फरार हो गया। मृतकों की पहचान पश्चिम बंगाल के झालदा थाना अंतर्गत कुशी पापड़ाहुडूम गांव निवासी रमेश महतो और उनकी पत्नी सिंधु वाला देवी के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों बारेंदा स्थित रिश्तेदार के घर तीन नहान कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम के बाद रविवार सुबह दोनों बाइक से अपने घर लौट रहे थे। देवानसारणा के पास दोनों ने बाइक सड़क किनारे खड़ी की थी और किसी व्यक्ति के आने का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान रांगामाटी की ओर से सिल्ली की तरफ जा रहे तेज रफ्तार आयरन लदे हाइवा ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। हाइवा की टक्कर इतनी जोरदार थी कि सिंधु वाला देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं रमेश महतो गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

## जंगल में बैठकर कर रहे थे साइबर ठगी, चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** साइबर अपराध के खिलाफ देवघर पुलिस की कार्रवाई जारी है। इस कड़ी में रविवार को देवघर साइबर थाना की पुलिस ने मधुपुर के करौं प्रखंड क्षेत्र से चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसकी पुष्टि साइबर डीएसपी कैलाश महतो ने की है। साइबर डीएसपी ने बताया कि देवघर एसपी प्रवीण पुष्कर के निर्देश पर उन्होंने पुलिस टीम गठित की थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने करौं क्षेत्र के अंबा टीला जंगल में छापेमारी की और चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कन्हैया कुमार दास, रूपलाल पोद्दार, मोहम्मद सलीम अंसारी और समीर दास के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों के पास से 9 मोबाइल फोन और 10 सिम



कार्ड बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी घने जंगल में बैठकर साइबर ठगी का नेटवर्क संचालित कर रहे थे। वे खुद को फ्लिपकार्ट अधिकारी, गूगल पे कस्टमर केयर अधिकारी, पीएम किसान योजना, बिजली विभाग और आरटीओ अधिकारी बताकर लोगों से संपर्क करते थे और अलग-अलग तरह का लालच या झांसा देकर उनसे पैसे की ठगी करते थे। पुलिस का दावा है कि आरोपियों का यह कथित साइबर ठगी का नेटवर्क पिछले कई महीनों से सक्रिय था। इस दौरान उन्होंने कई लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनके खातों से रुपये की ठगी की है। वहीं पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपी ठगी की नई वारदात को अंजाम देने की तैयारी में थे लेकिन इससे पहले ही साइबर पुलिस ने छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल साइबर पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से कड़ी पूछताछ कर रही है। बरामद मोबाइल फोन और सिम कार्ड की तकनीकी जांच की जा रही है ताकि आरोपियों के संपर्क में रहे अन्य लोगों, ठगी की वारदातों और साइबर नेटवर्क से जुड़े लिंक का पता लगाया जा सके। पुलिस अब इस बात का पता लगा रही है कि आरोपियों ने अब तक कितने लोगों को अपना शिकार बनाया और उनके खातों से कितनी रकम की ठगी की गई है।

### फुसरो-जैनामोड़ सड़क के चौड़ीकरण का सांसद ने किया शिलान्यास, 100 करोड़ होंगे खर्च


## अनियमितता मिली तो होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** फुसरो के निर्मल महतो चौक के समीप रविवार को फुसरो-जैनामोड़ मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। करीब 15.900 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण पर लगभग 100 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि बेहतर सड़क, बेहतर सफर और बेहतर भविष्य के संकल्प के साथ क्षेत्र में विकास कार्य किये जा रहे हैं। वर्तमान में फुसरो-जैनामोड़ सड़क की चौड़ाई करीब सात मीटर है जिसे बढ़ाकर 10 मीटर किया जायेगा। सड़क



के दोनों किनारों पर भी चौड़ीकरण का काम होगा। उन्होंने कहा कि सड़क के सुदृढ़ीकरण से राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। वहीं फुसरो और आसपास के क्षेत्र की व्यापारिक एवं आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। सांसद ने कहा कि बेरमो की जनता को वर्षों से इस सड़क की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण का इंतजार था। सड़क बनने से बोकारो आने-जाने में लोगों के समय की बचत होगी। उन्होंने कहा कि टेंडर होने के करीब आठ महीने बाद इसे खोला गया। अब निर्माण कार्य एक वर्ष के अंदर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सांसद ने कहा कि विकास का संकल्प और जनहित का प्रयास ही प्राथमिकता है। सड़क निर्माण में किसी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने लोगों से निर्माण कार्य में गड़बड़ी मिलने पर इसकी सूचना देने की अपील की। सूचना मिलने पर निरीक्षण कर संबंधित कमी को दुरुस्त कराने का प्रयास किया जायेगा। मौके पर काशीनाथ सिंह, महेंद्र चौधरी, संतोष महतो, धनेश्वर महतो, वार्ड पार्षद अर्चना सिंह, रश्मि सिंह, रमेश स्वर्णकार, दीपक महतो, शिवलाल रविदास, सूरज महतो, दिनेश यादव, सुरेश महतो, कमलेश महतो समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।



# डीएवी पब्लिक स्कूल में बाल वाटिका से मजबूत हो रही बच्चों की शैक्षिक नींव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** बच्चे के जीवन के शुरूआती वर्ष उसके भविष्य की दिशा तय करने वाले सबसे महत्वपूर्ण वर्ष होते हैं। यदि इस उम्र में उसे सही वातावरण, स्नेह, संस्कार और सीखने के अवसर मिलें, तो उसकी प्रतिभा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। इसी सोच के साथ डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, हजारीबाग (सीनियर विंग) ने प्रारंभिक शिक्षा को और अधिक प्रभावी एवं बाल-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। विद्यालय में पिछले सत्र से बाल वाटिका के अंतर्गत एल.के.जी., यू.के.जी., कक्षा प्रथम एवं द्वितीय की शुरूआत की गई। इन कक्षाओं में बच्चों को केवल किताबों तक सीमित रखने के बजाय उनकी उम्र, रुचि और स्वाभाविक जिज्ञासा को ध्यान में रखते हुए सीखने के अवसर दिए जा रहे हैं।



अब विद्यालय में आगामी सत्र (2027-28) के लिए नर्सरी से कक्षा सातवीं तक नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। डी.ए.वी. हजारीबाग में प्रारंभिक शिक्षा का उद्देश्य बच्चों पर पढ़ाई का बोझ डालना नहीं, बल्कि उन्हें सीखने के प्रति उत्सुक बनाना है। खेल-खेल में सीखना, कहानी-कथन, चित्रकला, संगीत, रचनात्मक गतिविधियां, योग तथा विभिन्न गतिविधि-आधारित शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से बच्चों में सीखने की स्वाभाविक प्रवृत्ति को विकसित करने का प्रयास किया जाता है। छोटे बच्चों के लिए विशेष खेलकूद गतिविधियों पर भी ध्यान दिया जाता है। खेल के माध्यम से बच्चों में शारीरिक सक्रियता के साथ-साथ अनुशासन, टीम भावना, सहयोग, आत्मविश्वास और नेतृत्व जैसे गुण विकसित करने का अवसर मिलता है। हर बच्चा अपने आप में विशेष होता है। कोई पढ़ाई में बेहतर होता है, तो कोई खेल, संगीत, कला, अभिनय या रचनात्मक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा दिखाता है। डी.ए.वी. हजारीबाग का प्रयास है कि बच्चों को ऐसे विविध अवसर मिलें, जहां वे अपनी रुचि और क्षमता को पहचान सकें तथा उसे विकसित कर सकें। विद्यालय की गतिविधियों में शिक्षा के साथ खेल, कला, संगीत, रचनात्मकता और व्यक्तित्व विकास को विशेष महत्व दिया जाता है। यही संतुलित दृष्टिकोण बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में सहायक बनता है। डी.ए.वी. की शिक्षा परंपरा में ज्ञान के साथ संस्कारों का विशेष महत्व रहा है। बच्चों में अनुशासन, विनम्रता, सहयोग, जिम्मेदारी, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और भारतीय मूल्यों की भावना विकसित करने के साथ उन्हें आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने का प्रयास किया जाता है। विद्यालय का उद्देश्य केवल अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी तैयार करना नहीं, बल्कि आत्मविश्वासी, संवेदनशील, रचनात्मक और जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है। बच्चे की शिक्षा जितनी जल्दी सही दिशा में शुरू होती है, उसके सीखने की नींव उतनी ही मजबूत बनती है। नर्सरी से ही बच्चे को विद्यालयी वातावरण, सामाजिक व्यवहार, अनुशासन, भाषा, रचनात्मकता और सीखने की आदतों से परिचित कराने का अवसर मिलता है। डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, हजारीबाग में बाल वाटिका की शुरूआत इसी उद्देश्य का हिस्सा है कि नन्हे बच्चों के लिए ऐसा वातावरण तैयार किया जाए, जहां वे खुशी से सीखें, खुलकर अपनी प्रतिभा व्यक्त करें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। आगामी सत्र (2027-28) के लिए नर्सरी से कक्षा सातवीं तक नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

# 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान

**नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर भाजपा चलाएगी अभियान, विधायक प्रदीप प्रसाद ने दी जानकारी**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवबिहार ब्यूरो ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक देशव्यापी ह्यसेवा संकल्प अभियानह्न चलाया जाएगा। हजारीबाग जिले में भी अभियान को व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर रविवार को कालीबाड़ी स्थित भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर विधायक प्रदीप प्रसाद एवं जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को ह्यविकसित भारत 2047ह्न के संकल्प से जोड़ना और जनसेवा को जन-आंदोलन का स्वरूप देना है। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर शाम सात बजे ह्यआशीर्वाद का दियाह्न जलाकर अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। हर घर, बूथ, दुकान, कार्यालय, स्कूल, पंचायत भवन सहित प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के घरों में भी दीप जलाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक विद्यालयों में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। आंगनबाड़ी केंद्रों पर तीन दिवसीय विशेष कार्यक्रम के माध्यम से माताओं एवं बच्चों को सम्मानित करने के साथ पोषण, स्वास्थ्य एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा कि अभियान के तहत जिले के सभी मंडलों एवं बूथों पर व्यापक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला स्तर पर 25 प्रमुख सेवा गतिविधियों को अभियान में शामिल किया गया है। इनमें ह्यसेवा ज्योति यात्राह्न, महा रक्तदान शिविर, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, अंगदान संकल्प, अनाथालय एवं वृद्धाश्रम में सेवा, पौधारोपण, प्लास्टिक मुक्ति अभियान, जल संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान प्रमुख हैं। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों के लिए डिजिटल साक्षरता, नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता, दिव्यांगजनों की सहायता, ह्यफिट इंडियाह्न खेल गतिविधियां तथा वीर गाथा कार्यक्रम एवं सैनिकों का सम्मान भी किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों द्वारा पिछड़े गांवों को गोद लेकर विकास कार्यों को बढ़ावा देने, योग-ध्यान सत्र आयोजित करने तथा ह्यवोकल फॉर लोकलह्न को प्रोत्साहित करने की भी योजना है। उन्होंने बताया कि अभियान का समापन 17 अक्टूबर को नई दिल्ली, गुरुग्राम, गाजियाबाद, सूरजकुंड एवं वाराणसी सहित प्रमुख केंद्रों पर देशभर के जनप्रतिनिधियों के सम्मेलन एवं संगोष्ठी के साथ होगा। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा नेताओं ने हजारीबाग की जनता एवं सामाजिक संगठनों से अभियान से जुड़कर इसे सफल बनाने की अपील की।

## संक्षिप्त समाचार

### सुदिव्य कुमार सोनू के योगदान को चंद्रवंशी समाज ने किया याद

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आल इंडिया चंद्रवंशी युवा एसोसिएशन, गिरिडीह जिला कमेटी के तत्वावधान में रविवार को न्यू परिसदन भवन में शोक एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में गिरिडीह के दिवंगत विधायक सह झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए आल इंडिया चंद्रवंशी युवा एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक अजीत कुमार पप्पू ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू का व्यक्तित्व और कृतित्व गिरिडीह की राजनीति और सामाजिक जीवन में लंबे समय तक याद किया जाएगा। गिरिडीह के विकास तथा आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने जिस सक्रियता के साथ कार्य किया, वह अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों के प्रति स्व. सोनू का स्नेह और सहयोग रहा। चंद्रवंशी समाज के प्रति भी उनका विशेष लगाव था। उनके असमय निधन से समाज ने एक ऐसे जनप्रतिनिधि को खो दिया, जिसकी कमी लंबे समय तक महसूस होगी। सभा के अंत में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष एवं अन्य प्रतिनिधियों ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू का असमय निधन गिरिडीह ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके सामाजिक सरोकार, जनसेवा और सामाजिक समरसता की भावना को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। एसोसिएशन ने उनके दिखाए सेवा और सामाजिक समरसता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर आल इंडिया चंद्रवंशी युवा एसोसिएशन गिरिडीह के प्रमुख पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



### पुलिस-जनता संवाद में सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता

**बरही हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के गुडियो चौक स्थित माउंट ऑलिवेट स्कूल परिसर में पुलिस-जनता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने की। इस दौरान ग्रामीणों को महिला उत्पीड़न, नशा उन्मूलन, मोबाइल फोन के दुष्प्रभाव तथा डायन-बिसाही जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस पदाधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि नशे और अन्य सामाजिक बुराइयों



को समाज से खत्म करने के लिए पुलिस के साथ-साथ आम लोगों की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी है। ग्रामीण किसी भी तरह के अपराध, महिला उत्पीड़न, नशे के कारोबार, डायन-बिसाही अथवा असामाजिक गतिविधि की जानकारी बिना किसी भय या संकोच के तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस ने अभिभावकों से बच्चों के मोबाइल इस्तेमाल पर नजर रखने तथा उन्हें साइबर अपराध और मोबाइल के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की भी अपील की। पुलिस ने कहा कि सजग नागरिक ही सुरक्षित समाज की नींव हैं। सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ ग्रामीण एकजुट होकर पुलिस का सहयोग करें, ताकि क्षेत्र में अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाया जा सके। मौके पर पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार एवं महिला थाना प्रभारी कुमारी राधा रागिनी सहित पुलिस पदाधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# नगर निगम संवेदक संघ ने आयोजित की शोकसभा, सुदिव्य सोनू को दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड के मंत्री एवं गिरिडीह के विधायक रहे सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन से शहर में शोक की लहर है। रविवार को नगर निगम संवेदक संघ की ओर से नरेंद्र सिन्हा चिल्ड्रन पार्क में शोकसभा एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। संघ के सदस्यों एवं उपस्थित गणमान्य लोगों ने दिवंगत मंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोकसभा को संबोधित करते हुए नगर निगम संवेदक संघ के अध्यक्ष विकास सिन्हा ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू का असमय निधन केवल उनके परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे गिरिडीह और झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि जनसेवा और विकास के प्रति समर्पण के कारण सुदिव्य कुमार सोनू ने गिरिडीह की जनता के बीच अपनी अलग पहचान बनाई थी। उनके निधन से क्षेत्र ने एक कर्मठ, सरल स्वभाव और जनहित के प्रति समर्पित जनप्रतिनिधि को खो दिया है। विकास सिन्हा ने कहा कि गिरिडीह के विकास के लिए सुदिव्य कुमार सोनू द्वारा किए गए प्रयास और उनकी जनसेवा को लंबे समय तक याद किया जाएगा। उनका असमय चले जाना सभी के लिए बेहद पीड़ादायक है। शोकसभा में उपस्थित लोगों ने कहा कि उनके विचार, कार्यशैली और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी रहेगी। इस दौरान भरत मिश्रा, मंगल सिंह, राजीव सिंह, प्रवीण राय, रणधीर सिंह, मिथलेश पटेल, सूरज साव, रोहित जमुआर, हर्ष कुमार, अफरीदी शेख, रोहित सिन्हा, इनाम आलम, रितेश पाण्डेय, अमोद यादव, सत्यम यादव, बच्चू नारायण सिंह, अभिनय कुमार, संजीव सिंह सहित नगर निगम संवेदक संघ के सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# सुदिव्य सोनू के अधूरे सपनों को पूरा करेंगे : हफीजुल हसन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा गिरिडीह प्रखंड परिवार एवं झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन गिरिडीह के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को बनियाडीह में दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने दिवंगत नेता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए झारखंड सरकार के जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू का झारखंड के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। गिरिडीह के विकास को लेकर भी वे लगातार प्रयासरत थे। उन्होंने कहा कि सुदिव्य सोनू के अधूरे सपनों को पूरा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि गिरिडीह कोलियरी जब-जब संकट में आया, सुदिव्य सोनू ने उसे संकट से उबारने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बंदी के कगार पर पहुंच चुके गिरिडीह कोलियरी का दोबारा चालू होना भी उनके प्रयासों का परिणाम है। झामुमो के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद बैद्यनाथ राम ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू जननेता थे। यही कारण है कि उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए बड़ी संख्या में लोग बनियाडीह पहुंचे हैं। जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि सुदिव्य सोनू के निधन से पार्टी और गिरिडीह ने अपना एक मजबूत नेतृत्व खो दिया है।

# राजद की बैठक में संगठन विस्तार का शंखनाद, सैकड़ों ने थामा पार्टी का दामन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय जनता दल गिरिडीह जिला कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को नए परिषदन भवन में आयोजित हुई। बैठक की शुरूआत दिवंगत पूर्व मंत्री एवं गिरिडीह के पूर्व विधायक सुदिव्य कुमार सोनू को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। जिला एवं प्रखंड पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की तथा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद आयोजित संगठनात्मक बैठक की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष इरफान आलम ने की। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों और आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर व्यापक मंथन हुआ। नेताओं ने साफ कहा कि राजद को अब जिला से प्रखंड, पंचायत, बूथ और गांव-गांव तक मजबूत करने का अभियान तेज किया जाएगा। जिलाध्यक्ष इरफान आलम ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक प्रखंड में संगठन की समीक्षा कर कमजोर इकाइयों को मजबूत किया जाएगा। पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मान देने के साथ युवाओं, महिलाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को पार्टी से जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केवल चुनाव के समय नहीं, बल्कि लगातार जनता के बीच रहें और गरीब, मजदूर, किसान, युवा एवं आम लोगों की समस्याओं को मजबूती से उठाएं। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों को लेकर राजद ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है और हर बूथ पर मजबूत टीम खड़ी करना पार्टी का लक्ष्य है। बशीर शाह के नेतृत्व में सैकड़ों ने थामा राजद का दामन बैठक के दौरान बशीर शाह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने राजद की सदस्यता ग्रहण की। नए सदस्यों का पार्टी नेताओं ने माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। बड़ी संख्या में लोगों के राजद में शामिल होने से कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर इरफान आलम ने कहा कि नए साथियों के जुड़ने से राजद परिवार और मजबूत हुआ है। सक्रिय एवं योग्य कार्यकर्ताओं को संगठन में उचित जिम्मेदारी देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जिले के प्रत्येक प्रखंड, पंचायत और बूथ से बड़ी संख्या में लोगों को पार्टी से जोड़ने का अभियान जारी रहेगा।



# प्रधानमंत्री के जन्मदिन से शुरू होगा एक माह का सेवा संकल्प अभियान : बाबूलाल मरांडी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से शुरू होने वाले सेवा संकल्प अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान करीब एक माह तक चलेगा। इस दौरान भाजपा की ओर से विभिन्न सेवा और जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री का जन्मदिन सेवा और समर्पण के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने आम लोगों और कार्यकर्ताओं से 17 सितंबर को अपने-अपने घरों में दीप जलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक माह तक समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचकर सेवा गतिविधियां संचालित की जाएंगी, जिसकी रूपरेखा पार्टी ने तैयार कर ली है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बाबूलाल मरांडी ने जएसएससी प्रकरण को लेकर राज्य सरकार और जांच एजेंसी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सीआईडी जांच में कई महत्वपूर्ण तथ्यों को सामने नहीं ला रही है और कुछ पहलुओं को छिपाया जा रहा है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच के लिए इसे सीबीआई को सौंपने की मांग की। मरांडी ने कहा कि युवाओं और अभ्यर्थियों से जुड़े इस मामले की पूरी सच्चाई सामने आनी चाहिए तथा दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने सरकार से सीबीआई जांच कराने की मांग दोहराई। मौके पर जिला अध्यक्ष महानगर रंजीत राय, जिला अध्यक्ष ग्रामीण महेंद्र वर्मा, दिलीप वर्मा, सुरेश साव, चुन्नू कांत, विनय सिंह समेत कई भाजपा नेता मौजूद थे।



# मर्सी हॉस्पिटल के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मर्सी हॉस्पिटल, गिरिडीह में रविवार को आयोजित निःशुल्क मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य जांच शिविर में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी। शहर के अलावा आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे 200 से अधिक मरीजों ने विभिन्न रोगों की जांच कराकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग, जनरल मेडिसिन, हड्डी एवं जोड़ रोग, जनरल सर्जरी, बाल रोग, नेत्र रोग, कान-नाक एवं गला रोग, दंत रोग, त्वचा रोग तथा मूत्र रोग से संबंधित मरीजों की जांच की गई। इस दौरान ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच निःशुल्क की गई। मरीजों की सुविधा को देखते हुए पैथोलॉजी जांच पर 20 प्रतिशत, रेडियोलॉजी जांच पर 10 प्रतिशत तथा आईपीडी बिल पर 10 प्रतिशत तक की छूट भी दी गई। शिविर में पहुंचे लोगों को अस्पताल की ओर से निःशुल्क मेंबरशिप कार्ड भी उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने मरीजों की समस्याएं सुनीं और आवश्यक जांच व उपचार को लेकर उचित चिकित्सकीय सलाह दी। शिविर को सफल बनाने में मर्सी हॉस्पिटल के चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। इस मौके पर मर्सी हॉस्पिटल के सीईओ डॉ. पी. एच. मिश्रा ने कहा कि अस्पताल के निदेशकों की सोच हमेशा से जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की रही है।



# गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा और उल्लास से मना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** स्टेशन रोड स्थित मुख्य गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में रविवार को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का 422वां प्रथम प्रकाश पर्व श्रद्धा, उत्साह और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। प्रकाश पर्व को लेकर सुबह से ही गुरुद्वारे में संगत के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष शीश नवाकर परिवार एवं समाज की सुख-शांति तथा सरबत के भले की अरदास की। प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में 48 घंटे से चल रहे श्री अखंड पाठ साहिब का रविवार सुबह विधिवत भोग डाला गया। इसके बाद हजूरी रागी जत्थे ने गुरबाणी कीर्तन के माध्यम से संगत को निहाल किया। ह्यपोथी परमेश्वर का थानुह्न, ह्यसाधसंगि गावहि गुण गोबिंद केह्न एवं ह्यदेहि शिवा बर मोहि इहै, शुभ करमन ते कभूं न टरूंह्न सहित गुरबाणी के शब्दों से पूरा गुरुद्वारा परिसर गूंज उठा। कीर्तन के दौरान संगत भाव-विभोर नजर आई और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर ग्रंथी ने कथा के माध्यम से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के इतिहास, महत्व और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रथम प्रकाश पर्व मानवता, समानता, सेवा, प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि सिखों के पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी ने विक्रम संवत 1661 में आज ही के दिन दरबार साहिब, अमृतसर में आदि ग्रंथ का पहली बार प्रकाश किया था। कार्यक्रम के दौरान संगत के लिए लंगर की भी व्यवस्था की गई। श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान सेवा, श्रद्धा और भाईचारे की भावना देखने को मिली।



# कला संगम की सारेगामा गीत प्रतियोगिता में गूंजे सुर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** कला संगम द्वारा आयोजित स्व. नन्दकिशोर प्रसाद स्मृति सारेगामा गीत प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कला संगम के संरक्षक डॉ. विकास लाल, संरक्षक अजय कुमार सिन्हा ह्यमंटूह्न, सचिव सतीश कुन्दन, रोटरी ग्रेटर के पूर्व अध्यक्ष विकास सिन्हा एवं उपाध्यक्ष सुजय राज गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरूआत स्व. नन्दकिशोर प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। मंच संचालन कला संगम के सह सचिव मनोज कुमार ह्यमुन्नाह्न ने किया। वहीं नाट्य प्रमुख नीतीश आनंद एवं मनोज जी ने आगंतुक अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर कला संगम के संरक्षक अजय कुमार सिन्हा ह्यमंटूह्न ने कहा कि कलाकारों को बेहतर मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उनके पिता स्व. नन्दकिशोर प्रसाद की स्मृति में लगातार सारेगामा गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बच्चों और युवा कलाकारों में छिपी प्रतिभा को सामने लाना और उन्हें अपनी कला के प्रदर्शन का अवसर देना है। डॉ. विकास लाल ने कहा कि बच्चों में संगीत के प्रति उत्साह और रुचि बढ़ाने के लिए कला संगम लगातार प्रयासरत है। ऐसे आयोजन भारतीय कला एवं संस्कृति को समृद्ध करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। कला संगम के सचिव सतीश कुन्दन ने कहा कि संस्था रंगमंच और संगीत के प्रति लोगों का लगाव बढ़ाने तथा स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करने के लिए लगातार सक्रिय योगदान दे रही है। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका नयन दीप सिन्हा, राजीव रंजन, अरित चंद्र, दिवानंद प्रसाद एवं रविशंकर सिंह ने निभाई। वहीं संगीत संगत में दया शंकर सिंह, दिनेश, चंदन कुमार एवं सुरेंद्र जी ने अपनी भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी गायन प्रतिभा से उपस्थित लोगों को प्रभावित किया। कार्यक्रम में राजेन्द्र कुमार तर्वे, डॉ. तारक नाथ देव, रोटरी ग्रेटर के सह सचिव, पूर्व अध्यक्ष विकास सिन्हा समेत कला एवं संगीत प्रेमी मौजूद रहे। अंत में कला संगम के उपाध्यक्ष सुजय राज गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी अतिथियों, निर्णायकों, कलाकारों एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार जताया।



# पावर प्लांटों में बढ़ी कोयले की मांग, प्रतिदिन 25 रेक डिस्पैच के लक्ष्य में जुटी बीसीसीएल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। देश में बिजली की मांग बढ़ रही है और इसके साथ ही थर्मल पावर प्लांटों की कोयले की जरूरत भी लगातार बढ़ती जा रही है। पावर सेक्टर को पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण कोयला उपलब्ध कराने के लिए बीसीसीएल ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। उत्पादन बढ़ाने के साथ अब कंपनी का फोकस डिस्पैच क्षमता बढ़ाने, रेक लोडिंग तेज करने और पावर सेक्टर को अधिक से अधिक कोयला भेजने पर है। बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल लगातार कोयले के डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण कर रहे हैं और अधिकारियों से कोयले के डिस्पैच संबंधी जानकारी ले रहे हैं। जहां कोयले के अनुमानित डिस्पैच को लेकर दिक्कत हो रही है, उन डिस्पैच सेंटर्स को दुरुस्त करने की कवायद में बीसीसीएल जुटी हुई है। पावर प्लांटों की बढ़ती मांग को देखते हुए बीसीसीएल ने लोडिंग का समय कम



कर ज्यादा रैक चलाने की रणनीति बनाई है। कंपनी का लक्ष्य पूरे बीसीसीएल से प्रतिदिन कम से कम 25 रेक कोयला पावर सेक्टर को डिस्पैच करने का है। इसके लिए परिवहन व्यवस्था की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ उपलब्ध मशीनरी और ई&एम संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए हैं। सिर्फ उत्पादन बढ़ाना ही नहीं, बल्कि पावर प्लांटों तक गुणवत्तापूर्ण कोयला पहुंचाना भी कंपनी की प्राथमिकता है। इसके लिए कोयले की गुणवत्ता में सुधार, ग्रेड स्लिपेज को नियंत्रित करने और उपलब्ध कोयले के बेहतर प्रबंधन पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही वाशरियों में कोयले की फीड बढ़ाकर वाश्ड कोल का उत्पादन बढ़ाने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। बीसीसीएल की कोशिश है कि उत्पादन से लेकर परिवहन और डिस्पैच तक पूरी व्यवस्था को ज्यादा प्रभावी बनाया जाए। इसके लिए हर दिन के उत्पादन की निगरानी, संभावित बाधाओं की पहले पहचान और समय पर उनका समाधान करने पर जोर है। कंपनी का मानना है कि बेहतर समन्वय और संसाधनों के अधिकतम उपयोग से पावर सेक्टर की बढ़ती जरूरत को पूरा किया जा सकता है। सीएमडी ने कहा कि देश के थर्मल पावर प्लांटों में कोयले की मांग लगातार बढ़ रही है और इस मांग को पूरा करने के लिए बीसीसीएल के अधिकारी और कर्मचारी दिन-रात काम कर रहे हैं। ब्लॉक टू, कतरास, लोदना एरिया समेत सभी क्षेत्रों में डिस्पैच बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। सुरक्षा और गुणवत्ता को प्राथमिकता देते हुए उत्पादन और डिस्पैच की रफ्तार बढ़ाने की यह कवायद सीधे तौर पर पावर सेक्टर की जरूरत से जुड़ी है। देश की करीब 264–265 गीगावाट बिजली जरूरत को पूरा करने में कोयले की अहम भूमिका के बीच बीसीसीएल अब अपनी आपूर्ति व्यवस्था को और मजबूत करने में जुटी है।

## पलामू में एनएच-39 पर पांकी और पाटन रोड में बनेगा अंडरपास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। जिला से गुजरने वाली नेशनल हाईवे - 39 पर पांकी और पाटन रोड अंडरपास से होकर गुजरेगी। इसको लेकर राज्य मंत्री अजय टमटा ने पलामू सांसद को पत्र लिखा है। दरअसल, नेशनल हाईवे - 39 का फोरलेन का कार्य पूरा हो गया है। पाटन रोड और पांकी रोड फिलहाल नेशनल हाईवे फोरलेन को क्रॉस करती है। नेशनल हाईवे के कारण दोनों जगह पर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। दोनों जगह पर पिछले छह महीने में सड़क दुर्घटनाओं में आधा दर्जन के करीब लोगों की मौत भी हुई है। दोनों जगहों पर अंडर पास बनाने की मांग को लेकर आंदोलन भी हुआ था। 23 जून 2026 को पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम ने अंडरपास को लेकर लोकसभा में आवाज भी उठाई थी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के राज्य मंत्री अजय टम्टा ने पलामू सांसद विष्णु दयाल राम को पत्र लिखा है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने अंडरपास बनाने के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति की जानकारी दी।

# फेस्टिव सीजन में ट्रेनों पर भारी दबाव, लंबी वेटिंग लिस्ट, रांची से स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ महापर्व को लेकर फेस्टिव सीजन में रेल यात्रियों की मुश्किल बढ़ गई है। रांची से खुलने और गुजरने वाली कई प्रमुख ट्रेनों में अभी से लंबी वेटिंग चल रही है। स्लीपर और थर्ड एसी में कई ट्रेनों की वेटिंग 200 से 280 के पार पहुंच गई है। पटना, कोलकाता, दिल्ली, गोरखपुर, भागलपुर और कामाख्या जैसे प्रमुख रूटों पर यात्रियों को कंफर्म टिकट के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। कुछ ट्रेनों में आरक्षण की स्थिति रिग्रेट और नो रूम तक पहुंच रही है। इस बढ़ती मांग को देखते हुए रांची रेल मंडल ने भी तैयारी तेज कर दी है। रांची रेल मंडल की सीनियर डीसीएम श्रेया सिंह ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी फेस्टिव सीजन में स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। यात्रियों की मांग और वेटिंग की स्थिति को देखते हुए इसकी तैयारी की जा रही है। रांची रेल मंडल की ओर से करीब 12 स्पेशल ट्रेनों का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजे जाने की जानकारी सामने आई है। अंतिम निर्णय रेलवे मुख्यालय स्तर से लिया जाएगा। इस वर्ष दुर्गा पूजा का मुख्य त्योहार 16 से 21 अक्टूबर के बीच है। इसके बाद दीपावली और छठ महापर्व के कारण भी ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बनी रहेगी। त्योहार से पहले बड़ी संख्या में लोग रांची से अपने गृह जिलों और दूसरे राज्यों की ओर जाएंगे। वहीं पूजा खत्म होने के बाद रांची लौटने वाले यात्रियों की संख्या भी बढ़ेगी। ऐसे में सिर्फ दुर्गा पूजा ही नहीं, बल्कि पूरे फेस्टिव सीजन में ट्रेनों पर दबाव रहने की संभावना है। स्पेशल ट्रेनों के अलावा जिन नियमित ट्रेनों में यात्रियों की मांग ज्यादा होगी, उनमें जरूरत के अनुसार अतिरिक्त कोच लगाने की संभावना भी देखी जा रही है। स्लीपर और एसी कोच बढ़ाकर वेटिंग यात्रियों को राहत देने का प्रयास किया जा सकता है। वहीं प्रमुख रूटों पर ट्रेनों के अतिरिक्त फेरे चलाने की संभावना पर भी रेलवे स्तर पर काम किया जा रहा है। उत्तर बंगाल, कामाख्या और जयनगर जैसे रूटों के अलावा बिहार और उत्तर प्रदेश जाने वाले यात्रियों की मांग पर भी रेलवे की नजर है। स्पेशल ट्रेनों की घोषणा के बाद इनके रूट, फेरे और समय की जानकारी रेलवे की ओर से जारी की जाएगी। फेस्टिव सीजन में रांची और हटिया स्टेशन पर भी यात्रियों की संख्या बढ़ेगी। इसे देखते हुए प्लेटफॉर्म पर भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और यात्री सुविधाओं को लेकर अतिरिक्त व्यवस्था की जाएगी। आरपीएफ और अन्य संबंधित टीमों की मदद से भीड़ को नियंत्रित करने, प्रवेश-निकास व्यवस्था को सुचारू रखने और यात्रियों को जरूरी जानकारी उपलब्ध कराने पर जोर रहेगा।

# पलामू टाइगर रिजर्व से रेल लाइन होगा डाइवर्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। पीटीआर यानी पलामू टाइगर रिजर्व और रेलवे विकास निगम के बीच 2021 से चल रहा विवाद अब समाप्त हो गया है. रेलवे विकास निगम ने भारत सरकार के परिवेश पोर्टल पर पलामू टाइगर रिजर्व के कोर एरिया से गुजरने वाली रेल लाइन को डाइवर्ट करने का प्रस्ताव अपलोड कर दिया है. इस प्रस्ताव में रेल लाइन डाइवर्ट करने की विस्तृत जानकारी दी गई है और पलामू टाइगर रिजर्व से एनओसी मांगा गया है। धनबाद रेल डिवीजन के अंतर्गत लातेहार जिले के छिपादोहर और हेहेगड़ा को डाइवर्ट किया जा रहा है। फिलहाल यह रेललाइन पलामू टाइगर रिजर्व के कोर एरिया से होकर गुजर रही है, जो हाथी और बाघ का कॉरिडोर है। डाइवर्ट होने के बाद रेलवे लाइन पलामू टाइगर रिजर्व के बाहरी हिस्से से होकर गुजरेगी। डाइवर्ट होने के बाद करीब डेढ़ किलोमीटर की रेलवे लाइन पलामू टाइगर रिजर्व के चिकन नेक एरिया से होकर गुजरेगी। चिकन नेक पर टनल बनाया जाएगा। हेहेगड़ा और छिपादोहर रेलवे स्टेशन नहीं खत्म किए जा रहे हैं। दोनों स्टेशनों के बीच फिलहाल 11 किलोमीटर की दूरी है। डाइवर्ट होने के बाद यह दूरी तीन किलोमीटर बढ़कर करीब 14 किलोमीटर हो जाएगी। दोनों स्टेशनों का स्वरूप बदलेगा और वे 500 मीटर इधर-उधर शिफ्ट होंगे। छिपादोहर और हेहेगड़ा रेलवे स्टेशन ऐतिहासिक रहे हैं। छिपादोहर रेलवे स्टेशन से 70 के दशक में अविभाजित बिहार में सबसे अधिक बांस का कारोबार होता था। लातेहार के छिपादोहर से डाइवर्ट होने के बाद रेलवे लाइन केड़ गांव से होते हुए हेहेगड़ा के बीच जाएगी। पलामू टाइगर रिजर्व ने दोनों स्टेशनों के बीच एक नया रेलवे स्टेशन बनाने का आग्रह किया था। रेलवे ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।

## सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश चंद्रशेखर कुमार ने बैद्यनाथ मंदिर पहुंचकर भोलेनाथ की पूजा की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर**। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश चंद्रशेखर कुमार ने रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर पहुंचकर विधि-विधान के साथ भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद उन्होंने भोलेनाथ और माता पार्वती की आरती भी की। इस दौरान मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। बैद्यनाथ मंदिर के मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त ने बताया कि पूजा के बाद न्यायाधीश को गर्भगृह ले जाया गया, जहां सरदार पंडा की मौजूदगी में उन्होंने बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक किया।

# 17 सितंबर से शुरू होगा झारखंड बीजेपी का सेवा संकल्प अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह/जामताड़ा**। बीजेपी नेता बाबूलाल मरांडी ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शुरू होने वाले सेवा संकल्प अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से शुरू होने वाला यह अभियान करीब एक महीने तक चलेगा। इस दौरान पार्टी की ओर से विभिन्न सेवा और जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बाबूलाल मरांडी ने आम लोगों और बीजेपी कार्यकर्ताओं से 17 सितंबर को अपने-अपने घरों में दीप जलाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा और समर्पण के रूप में मनाया जाएगा तथा एक महीने तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के अलग-अलग वर्गों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मरांडी ने जेएसएससी मामले को लेकर राज्य सरकार और सीआईडी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच एजेंसी कई महत्वपूर्ण तथ्यों को सामने नहीं ला रही है और कुछ बातों को छुपाया जा रहा है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए इसे सीआइबी को सौंपने की मांग की है। बाबूलाल मरांडी ने बताया कि युवाओं और अभ्यर्थियों से जुड़े इस मामले की पूरी सच्चाई सामने आनी चाहिए और दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। 17 सितंबर से 17 वहीं जामताड़ा में प्रदेश प्रवक्ता रणधीर सिंह ने बताया कि 17 सितंबर को पीएम नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस है। जैसा कि नरेंद्र मोदी देश के लिए बिना छुट्टी लिए 24 घंटे जनता की सेवा में लगे रहते हैं। इसी से प्रेरित होकर बीजेपी ने पूरे देश में उनके जन्मदिवस को सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर कार्यक्रम चलाने का फैसला लिया है। रणधीर सिंह ने कहा कि इस अभियान के पहले दिन की शुरुआत दीया कार्यक्रम के साथ की जाएगी। सभी कार्यकर्ता सभी बूथ के व्यक्तियों के साथ मिलकर मंदिरों में दीये जलाकर उनकी दीर्घायु की कामना की जाएगी। इसके अलावा रक्तदान शिविर, मरीजों के बीच फल वितरण कार्यक्रम, रंगोली कार्यक्रम, आंगनबाड़ी जाकर बच्चों के साथ मनोरंजन कार्यक्रम से लेकर तरह-तरह का कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कुछ कार्यक्रम जिला स्तर पर, कुछ प्रदेश स्तर पर तथा कुछ कार्यक्रम केंद्र स्तर पर कार्यकर्ताओं द्वारा किए जाएंगे।

# प्रखंड परिसरों में लग रहे विशेष रजिस्ट्रेशन कैंप

### 16 से 32 हजार रुपये वेतन के साथ मिलेंगे कई सरकारी लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने के लिए भारत की प्रतिष्ठित सुरक्षा कंपनी एसआईएस लिमिटेड द्वारा नवादा जिले में बड़े पैमाने पर सीधी बहाली प्रक्रिया शुरू की जा रही है। भर्ती का पहला चरण रजौली अनुमंडल के प्रखंडों में 11 से 18 सितंबर तक आयोजित होगा। इसके बाद जिले के अन्य प्रखंडों में शिविर लगाए जाएंगे। अभियान को सुचारू रूप से संपन्न कराने एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुमंडल अधिकारी, रजौली ने पत्र जारी कर सभी अंचल अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है। बहाली में 10वीं पास या फेल युवाओं के लिए सिक्योरिटी गार्ड तथा 12वीं पास अभ्यर्थियों के लिए सिक्योरिटी सुपरवाइजर के पद निर्धारित हैं। गार्ड के लिए आयु 18 से 40 वर्ष और ऊंचाई 150 से 170 सेमी, जबकि सुपरवाइजर के लिए आयु 21 से 40 वर्ष और ऊंचाई 170 सेमी से अधिक होनी चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को 16,000 से 32,000 रुपये मासिक वेतन के साथ 10 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि, दो बोनस, पदोन्नति, पीएफ, ईएसआईसी, ग्रेच्युटी एवं मेडिकल इंश्योरेंस की सुविधा मिलेगी। बच्चों के लिए आजीवन मुफ्त शिक्षा का प्रावधान तथा भारत सरकार की आईएलआई योजना के तहत 15,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक आयोजित होंगे। रजौली अनुमंडल के तहत 11 सितंबर को अकबरपुर, 12 को गोविंदपुर, 14 को रोह, 15 को मेसकौर, 16 को सिरदला, 17 को रजौली और 18 सितंबर को नरहट में कैंप लगाया जाएगा। इसके बाद 21 से 27 सितंबर तक हिसुआ, काशीचक, कौवाकोल, नारदीगंज, पकरीबरावां, वारिसलीगंज और नवादा प्रखंड में बहाली होगी। बहाली अधिकारी दिनेश कुमार ने युवाओं से समय पर उपस्थित होने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए 8319327946 पर संपर्क किया जा सकता है।

## शिक्षक नेता के निधन पर शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। प्रखंड स्थित अंछा निवासी सेवानिवृत प्रधानाध्यापक, बिहार राज्य बीपीएससी प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संयोजक एवं जिला अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के अनुमंडलीय सचिव 61 वर्षीय कमलेश कुमार सिंह का पटना के अपोलो अस्पताल में इलाज के क्रम में निधन हो गया। उनके निधन पर बिहार राज्य बीपीएससी प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत कुमार ने कहा कि वे एक कर्तव्यनिष्ठ प्रधानाध्यापक, सादगी, शालीनता, मधुर व्यवहार व मिलनसार प्रवृत्ति के इंसान थे। उनके निधन से शैक्षणिक जगत व शिक्षक

# श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में रक्तसेवा के लिए सम्मानित हुए बमेंद्र एवं किरण

### रक्तदान जागरूकता और जरूरतमंदों तक रक्त पहुंचाने के अभियान की सराहना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। पूरे देश में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने एवं जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रहे औरंगाबाद के क्षत्रिय नगर निवासी, पथ प्रदर्शक संस्था के संस्थापक-सह-सचिव एवं रक्तसेवक बमेंद्र कुमार सिंह तथा उनकी पत्नी किरण सिंह को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में सम्मानित किया गया। अयोध्या में श्रीराम कृष्ण फाउंडेशन की ओर से 12 एवं 13 सितंबर को आयोजित राष्ट्रीय रक्तदान महोत्सव सह सम्मान समारोह में बमेंद्र कुमार सिंह को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में देश के 22 राज्यों से पहुंचे रक्तसेवकों एवं रक्तदाताओं के साथ अयोध्या के स्थानीय



रक्तदाताओं को भी सम्मानित किया गया। बमेंद्र कुमार सिंह एवं किरण सिंह को रक्तदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाने, रक्तदान शिविरों के आयोजन तथा जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने के लिए सम्मान मिला। सम्मान प्राप्त करने के बाद बमेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान ऐसी मानवीय सेवा है, जिसका प्रत्यक्ष लाभ जरूरतमंद की जिंदगी बचाने के रूप में मिलता है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी किरण का सामाजिक सेवा में पूरा सहयोग रहता है। किरण स्वयं रक्तदानी हैं और अब तक सात बार रक्तदान कर चुकी हैं। बमेंद्र कुमार सिंह ने सम्मान का श्रेय पथ प्रदर्शक से जुड़े सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों को देते हुए कहा कि उनके सहयोग से लगातार रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं और जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा रहा है। बमेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पथ प्रदर्शक द्वारा युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 से 'मिशन रक्तदान हिंदुस्तान' अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से अब तक देश के 9 राज्यों के 18 शहरों में रक्तदान शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। अयोध्या में मिले सम्मान से औरंगाबाद के रक्तसेवा अभियान से जुड़े लोगों में उत्साह है। बमेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में रक्तदान जागरूकता एवं रक्तसेवा के अभियान को देश के अन्य हिस्सों तक पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा।

# शैक्षणिक भ्रमण पर शाहाबाद क्षेत्र गए विद्यार्थी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। मनार स्थित सरस्वती विद्या पब्लिक स्कूल के 55 बच्चों का दल शैक्षणिक परिभ्रमण पर रविवार को सासाराम एवं भभुआ भेजा गया। वहां बच्चों को पुरातत्व स्थलों का भ्रमण करवाया जाएगा। परिभ्रमण दल को पूर्व मुखिया एवं सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार मेहता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके




पर प्राचार्य सुबोध कुमार उपाध्याय एवं निदेशक सुमन सौरभ, ग्रामीण संतु कुमार,मंडल कुमार उपस्थित रहे। सभी ने सुखद यात्रा की

## अपराध नियंत्रण को लेकर चला सघन बाइक जांच अभियान

**हसपुरा (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र कुमार वर्मा के निर्देश पर हसपुरा थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से हसपुरा-मेहंदिया मुख्य मार्ग पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व एसआई मो. कलाम आलम ने किया। जांच अभियान के दौरान पुलिस ने दोपहिया वाहनों की गहन जांच की तथा बाइक की डिक्की की भी तलाशी ली। वाहन चालकों से आवश्यक कागजात की जांच की गई और बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों को सख्त हिदायत दी गई। एसआई मो. कलाम आलम ने बताया कि अपराध पर अंकुश लगाने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाए रखने के लिए नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाया जाता है।

# परंपरागत लोकगीतों और राष्ट्रभक्ति गीतों का होगा समूह-गान, तैयारियां प्रारंभ

### भारत विकास परिषद अखिल भारतीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में जनपद से भेजेगा प्रतिनिधि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नवादा जिला में परंपरागत लोकगीतों के साथ राष्ट्रभक्ति गीतों का समूह गान प्रतियोगिता होगी। नवादा नगर के काली चौक स्थित अहिबरण पैलेस में दो अक्टूबर को भारत विकास परिषद जिला स्तर पर इस प्रतियोगिता का आयोजन कराएगा, इसको लेकर तैयारियां प्रारंभ हो गई है। नगर के वीआइपी कालोनी में शनिवार की देर रात परिषद सदस्य मनोज कुमार एलआईसी के आवास पर भारत विकास परिषद



की बैठक हुई, जिसमें पदाधिकारियों और सदस्यों ने सामूहिक रूप से विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया। राष्ट्र की प्राण भारत माता और उनके योद्धा सन्यासी पुत्र स्वामी विवेकानन्द के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पार्पण पश्चात राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् का गायन हुआ। भारत विकास परिषद के जिलाध्यक्ष मुन्ना प्रसाद ने कहा कि परिषद की नवादा इकाई अखिल भारतीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में नवादा जनपद से मंझे हुए प्रतिनिधि भेजेगा, जो हमारी लोक संस्कृति का डंका बजाएंगे। सचिव राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य जिलेभर के युवाओं में टीम वर्क, समन्वय और सामूहिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है, जबकि कोषाध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से आएं प्रतिभागियों के बीच सामाजिक सामंजस्य और राष्ट्रप्रेम की भावना को बढ़ावा मिलेगा।

**हिन्दी और संस्कृत भाषाओं में गीत गायन की परंपरा को बढ़ावा देना उद्देश्य:**

भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागी हिन्दी और संस्कृत भाषाओं में गीत गायन करेंगे। परिषद के पदाधिकारी रामचन्द्र सोनी ने कहा कि यह हमारी परंपरा को बढाएगा, यही हमारा उद्देश्य है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सह वरिष्ठ नेता प्रो. विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भारत विकास परिषद भारत की गौरवशाली परंपरा और संस्कृति को बढ़ावा देने में जुटा है, यह प्रेरणादायक कार्य है। उन्होंने 14 प्रखंडों के विद्यालयों और युवाओं तक प्रतियोगिता के उद्देश्य को लक्षित करते हुए सहभागिता बढ़ाने का प्रोत्साहन दिया। बैठक में शिक्षाविद् आर पी साहू, तुलसी दयाल, चिकित्सक समाजसेवी डा. मनोज कुमार बरनवाल, अभय कुमार श्रीवास्तव, अरविंद कुमार गुप्ता, भोला प्रसाद, संदीप कुमार चुन्नू, डा. सुनील कुमार, गोपाल प्रसाद, नित्यानंद प्रसाद, नवीन कुमार, सतीश कुमार, शैलेश कुमार समेत कई प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# 15 सितंबर को सहयोग शिविर में होगा समस्याओं का समाधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, औरंगाबाद द्वारा पंचायत स्तर पर "सहयोग शिविर" के आयोजन की तैयारियों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के मार्गदर्शन में 15 सितंबर ( मंगलवार) को निर्धारित पंचायतों में आयोजित होने वाले सहयोग शिविरों के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। इसके माध्यम से आम नागरिकों को शिविर की प्रक्रिया, आवेदन जमा करने की व्यवस्था एवं उपलब्ध सेवाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की जा रही है, ताकि अधिकाधिक पात्र एवं जरूरतमंद नागरिक इस पहल से लाभान्वित हो सकें। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने क्षेत्र से संबंधित समस्याओं, शिकायतों अथवा विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़े मामलों के संबंध में शिविर से पूर्व ही पंचायत सरकार भवन में अपना आवेदन जमा करें, ताकि प्राप्त आवेदनों का पूर्व परीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके तथा शिविर के दौरान उनके मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया को त्वरित एवं प्रभावी बनाया जा सके। "सहयोग शिविर" का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों की सुलभ प्राप्ति एवं उनके त्वरित, पारदर्शी तथा प्रभावी समाधान को सुनिश्चित करना है। इसके अंतर्गत प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहेंगे। प्रत्येक शिविर के आयोजन से पूर्व संबंधित पंचायतों में कम-से-कम 30 दिन पूर्व से आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि प्राप्त आवेदनों का पूर्व परीक्षण कर निष्पादन प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक शिविर हेतु वरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं सहयोगी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को शिविर के सफल संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में 15 सितंबर को आयोजित होने वाले पंचायतवार "सहयोग शिविर" के अंतर्गत कुटुम्बा प्रखंड के रिसियप एवं भरौंधा, पंचायत, औरंगाबाद प्रखंड के पोखराहां पंचायत, बारूण प्रखंड के पिपरा एवं धनगाई पंचायत, देव प्रखंड के हसौली एवं पवई पंचायत, मदनपुर प्रखंड के पिपरौरा एवं वार पंचायत, रफीगंज प्रखंड के पौथु एवं इटार, नवीनगर प्रखंड के महुआंव एवं अंकोराह पंचायत, ओबरा प्रखंड के तेजपुरा एवं डिहरा पंचायत, दाउदनगर प्रखंड के शमशेर नगर एवं अरई पंचायत, गोह प्रखंड हथियारा एवं बनतारा पंचायत तथा हसपुरा प्रखंड पिरु पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शिविरों का आयोजन सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुखी तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिकाधिक नागरिकों को इस पहल का लाभ मिल सके। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अपने पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करें तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

# आज से शुरू होगा 11 दिवसीय गणेश उत्सव




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। सोमवार से 11 दिवसीय गणेश उत्सव शहर के धर्मशाला चौकी स्थित गणेश मंदिर के प्रांगण में शुरू होगा। गणेश उत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्सुकता दिखाई दे रही है। गणेश सेवा समिति द्वारा गणेश मंदिर से लेकर आसपास के सड़के एवं गलियारों को आकर्षक लाइटों से सजाया गया है। शाम होते ही रंग बिरंगी लाइटे आकर्षण का केंद्र बन रहा है। सोमवार की आले सुबह से ही गणपति बप्पा का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इसको लेकर गणेश सेवा समिति के संरक्षक रंजीत कुमार सिंह एवं अन्य सदस्यों द्वारा विधि व्यवस्था बनाए रखने एवं सुरक्षा कायम करने को लेकर तमाम तैयारियां कर ली गई है। वहीं स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा भी सहयोग रहती है। पहले दिन संध्या महा आरती में पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ

## यूजीसी इक्विटी कानून की विसंगतियों पर परिचर्चा, वापसी की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। औरंगाबाद नगर स्थित कुंडा हाउस के प्रांगण में रविवार को यूजीसी इक्विटी कानून, एससी-एसटी आरक्षण तथा दलित उत्पीड़न निरोधक अधिनियम की कथित विसंगतियों को लेकर परिचर्चा आयोजित की गई। परिचर्चा में वक्ताओं ने संबंधित प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। वक्ताओं ने कहा कि इन प्रावधानों के कारण समाज में विभाजन और असमानता की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है। उन्होंने केंद्र सरकार से ऐसे प्रावधानों की समीक्षा करते हुए उन्हें तत्काल वापस लेने की मांग की। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि कानून के कुछ प्रावधान समाज में वैमनस्य पैदा करने वाले तथा अन्यायपूर्ण हैं और इनके दुरुपयोग की आशंका बनी रहती है। परिचर्चा में रामकेवल सिंह, अंकित पांडे, अनिल सिंह, रूद्र सिंह,



विजय सिंह सतवत, राजेंद्र सिंह मलिक, सुनील सिंह, प्रमोद सिंह सहित अन्य लोग शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि समानता और सामाजिक समरसता के उद्देश्य से कानूनों की समीक्षा जरूरी है, ताकि किसी भी वर्ग के साथ अन्याय न हो। परिचर्चा में आंदोलन को आगे भी अहिंसात्मक तरीके से जारी रखने का निर्णय लिया गया। सवर्ण संघर्ष समिति की ओर से बताया गया कि इस आंदोलन को गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर से पुनः शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार सिंह ने किया।

# छापेमारी करने पहुंची टीम पर तस्करों का हमला

## थानाध्यक्ष सहित आधा दर्जन पुलिसकर्मी जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** जिले के हलई थाना क्षेत्र के बनबीरा गांव में शराब तस्करों के खिलाफ रविवार को कार्रवाई करने पहुंची उत्पाद विभाग की टीम पर शराब माफिया और उसके गुर्गों ने हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में उत्पाद थाना पटोरी के थानाध्यक्ष मुकेश कुमार समेत आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए। हमलावरों ने पुलिस के तीन वाहनों के शीशे तोड़ दिए। स्थिति बिगड़ने पर पुलिसकर्मियों को हथियार छोड़कर अपनी जान बचाकर मौके से भागना पड़ा।

घटना रविवार को हलई थाना क्षेत्र के बनबीरा गांव में हुई। बताया जा रहा है कि उत्पाद विभाग की टीम को गांव में शराब छिपाकर रखे जाने और अवैध कारोबार की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर उत्पाद थाना पटोरी के थानाध्यक्ष मुकेश कुमार के नेतृत्व में टीम छापेमारी करने पहुंची थी।

पुलिस टीम के गांव में पहुंचते ही शराब माफिया और उसके समर्थकों ने विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते कतिपय शराब माफिया और उसके समर्थकों ने

## बदमाशों ने वाहनों को किया क्षतिग्रस्त

पुलिसकर्मियों पर हमला बोल दिया। हमले में कई जवान घायल हो गए। भीड़ के उग्र तेवर को देखते हुए पुलिसकर्मियों को मौके से पीछे हटना पड़ा। इस दौरान हमलावरों ने पुलिस के तीन वाहनों में तोड़फोड़ करते हुए शीशे क्षतिग्रस्त कर दिए।

घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना मिलते ही हलई थाना समेत आसपास के कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। अतिरिक्त पुलिस बल के पहुंचने के बाद स्थिति को नियंत्रित किया गया। पुलिस ने मौके पर छूटे अपने हथियारों को सुरक्षित किया और इसके बाद दोबारा छापेमारी की कार्रवाई शुरू की।

घायल पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए अस्पताल भेजे जाने की जानकारी सामने आई है। पुलिस अधिकारियों ने घटना को गंभीरता से लेते हुए हमलावरों और शराब कारोबार से जुड़े लोगों की पहचान शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। छापेमारी की कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम पर हमला करने वाले लोगों की गिरफ्तारी और शराब के लिए छापेमारी जारी है।

## बाढ़ पीड़ितों के लिए बनी टेंट सिटी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** गंगा के बढ़ते जलस्तर और बाढ़ के पानी से घर-आंगन डूबने के बाद सुरक्षित ठिकाने के लिए बेसहारा भटकने वाले मुंगेर के बाढ़ पीड़ितों को अब खुले आसमान के नीचे या सड़कों के किनारे रातें नहीं काटनी पड़ेंगी। जिला प्रशासन ने आपदा की इस घड़ी में संवेदनशीलता दिखाते हुए जिले में पहली बार एक सुव्यवस्थित 'टेंट सिटी' नुमा बाढ़ राहत केंद्र स्थापित किया है।

मुंगेर समाहरणालय के सामने स्थित केसी सुरेंद्र बाबू पार्क में रविवार से विधिवत रूप से इस केंद्र का संचालन शुरू कर दिया गया है। यहां बाढ़ से विस्थापित परिवारों के ठहरने के साथ-साथ उनके समुचित इलाज, खान-पान और छोटे बच्चों की जरूरी देखभाल की मुकम्मल व्यवस्था की गई है।

इस आधुनिक राहत केंद्र में अनुशासन और सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए एक निबंधन (रजिस्ट्रेशन) काउंटर बनाया गया है। विस्थापित ग्रामीण पहले अपना पंजीकरण कराएंगे, जिसके बाद उन्हें विश्राम स्थल में जगह दी जाएगी।

# थम नहीं रही भू धंसान की घटनाएं

## अब तक कई को लील ली धरती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड में लगातार भू धंसान की घटनाएं सामने आ रही है। घटना में अब तक कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। धनबाद जिले के कतरास में रविवार सुबह अवैध कोयला खदान की चाल धंसने से बड़ा हादसा होने की सूचना है। कतरास के रामकनाली ओपी क्षेत्र के केशलपुर कुम्हारपट्टी में सुबह करीब सात बजे हुए हादसे में एक महिला समेत दो लोगों की मौत की सूचना है। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसे में तीन लोगों को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया है, जबकि मलबे में कई और लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।



स्थानीय लोगों के मुताबिक, कुछ महिला और पुरुष अवैध सुरंग में कोयला काटने और चुनने के लिए गए थे। इसी दौरान सुरंग का ऊपरी हिस्सा अचानक भरभराकर गिर गया। इससे वहां मौजूद कई लोग मलबे में दब गए। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कुदाल, गैंता समेत दूसरे साधनों की मदद से मलबा हटाने का काम शुरू किया। स्थानीय लोगों के अनुसार, मलबे से दो लोगों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतकों में केवटकुली निवासी मुनिया देवी और बेलोंजाबाद निवासी एक व्यक्ति के शामिल होने की बात कही जा रही है।

हादसे के बाद तीन घायलों को भी मलबे से बाहर निकाला गया। उन्हें स्थानीय नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि अवैध सुरंग के मलबे के नीचे अभी कई और लोग दबे हो सकते हैं। इसी आशंका को देखते हुए मौके पर राहत और बचाव का काम जारी है। बताया जा रहा है कि इलाके की अवैध सुरंगों से निकाले गए कोयले को बाइक के जरिए आसपास के बाजारों में बेचने का काम किया जाता था। हादसे के समय भी कुछ लोग इसी तरह सुरंग के अंदर कोयला काटने और चुनने के लिए गए थे।

हालांकि, हादसे में दो लोगों की मौत और अन्य लोगों के मलबे में दबे होने की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। राहत और बचाव अभियान के साथ अधिकारियों की जांच जारी है। इसी के बाद मृतकों, घायलों और मलबे में दबे लोगों की वास्तविक संख्या के बारे में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# बीगॉस ने लॉन्च किया सी12 मैक्सआर इलेक्ट्रिक स्कूटर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बीगॉस ने सी12 मैक्सआर इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च किया। यह नई पीढ़ी का इलेक्ट्रिक स्कूटर है, जिसे भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रदर्शन, टिकाऊपन, रेंज, स्मार्ट यूटिलिटी और आकर्षक डिजाइन के संयोजन के साथ तैयार किया गया है। बीगॉस के संस्थापक हेमंत कबराने कहा कि पिछले छह वर्षों से हमारा ध्यान भारतीय उपभोक्ता को केंद्र में रखकर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी विकसित करने पर रहा है और सी12 मैक्सआर इस सोच को एक ही प्रोडक्ट में एक साथ लाता है। हम ऐसा स्कूटर बनाना चाहते थे जो रेंज, प्रदर्शन और विश्वसनीयता जैसे बुनियादी पहलुओं पर मजबूत हो, लेकिन साथ ही आज के उपभोक्ता की बढ़ती अपेक्षाओं को भी समझे। स्पेस, डिजाइन, लाइटिंग, टेक्नोलॉजी और अपने वाहन पर गर्व करने का अनुभव भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सी12 मैक्सआर इस बात की हमारी परिकल्पना है कि एक संपूर्ण इलेक्ट्रिक स्कूटर कैसा होना चाहिए। इसे भारत की रोजमर्रा की परिस्थितियों के लिए इंजीनियर किया गया है, साथ ही इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि हर राइड खास महसूस हो।

# भाजपा नेता के घर पर बाइक सवार अपराधियों ने बरसाई गोलियां

## मौके से दस खोखे बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के सदर थाना क्षेत्र के अदलपुर मोहल्ले में बेखौफ अपराधियों ने भाजयुमो के जिलाध्यक्ष और हिंदू पुत्र संगठन के संरक्षक राजीव ब्रह्मर्षि के आवास को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ गोलीबारी की। बाइक सवार दो बदमाशों ने भाजपा नेता के मकान पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं। हालांकि, गनीमत रही कि घटना में परिवार का कोई सदस्य घायल नहीं हुआ और सभी सुरक्षित हैं। वारदात के बाद अपराधी हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। फायरिंग की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया।

मिली जानकारी के अनुसार, एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो अपराधी अदलपुर मोहल्ले में राजीव ब्रह्मर्षि के आवास के पास पहुंचे। इसके बाद दोनों ने मकान को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई गोलीबारी से आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गई। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों अपराधी हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। परिवार के सभी सदस्यों के सुरक्षित होने की जानकारी मिलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वैशाली एसएसपी शुभांक

## पुलिस कर रही छानबीन

मिश्रा और सदर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार पुलिस बल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने इलाके की नाकेबंदी कर छानबीन शुरू की और घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया। तलाशी के दौरान पुलिस ने मौके से करीब 10 खाली खोखे बरामद किए हैं। बड़ी संख्या में खोखे मिलने से पुलिस भी मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर रही है। इतनी बड़ी संख्या में हुई फायरिंग को लेकर यह आशंका जताई जा रही है कि अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने या इलाके में दहशत कायम करने के इरादे से पहुंचे थे।

### करंट से किसान की मौत

**जमुई।** खेतों में लहलहाती फसलों को पानी से सींचने का सपना संजोकर निकले एक अन्नदाता की सांसें बिजली विभाग और बदहाल व्यवस्था की लापरवाही की भेंट चढ़ गईं। सिमुलतला थाना क्षेत्र की टेलवा पंचायत अंतर्गत चरैया गांव स्थित गोड़गोड़नी बहियार में रविवार की सुबह एक हृदयविदारक हादसा हो गया। खेतों की सिंचाई के लिए बांस-बल्लियों के सहारे खींचे गए खुले तार के अचानक टूटकर गिरने से 65 वर्षीय वृद्ध किसान नारायण राणा की करंट की चपेट में आकर घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना सुबह करीब साढ़े छह बजे की है।

## नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिले में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार और सेवन पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन ने निगरानी और कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में बखरी अनुमंडल क्षेत्र में प्रशासन की संयुक्त टीम ने अचानक सघन जांच अभियान चलाकर दर्जनों दुकानों का निरीक्षण किया। टीम ने दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी रूप में नशीले पदार्थों की बिक्री, उपलब्धता या सेवन को बढ़ावा देने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बखरी एसडीओ सन्नी कुमार सौरव के नेतृत्व में प्रशासन, पुलिस, उत्पाद विभाग और औषधि विभाग की संयुक्त टीम अलग-अलग दुकानों और संवेदनशील स्थानों पर पहुंची। अधिकारियों ने प्रतिष्ठानों की जांच करने के साथ नशीले पदार्थों की बिक्री से संबंधित गतिविधियों की जानकारी ली और संचालकों को नियमों का पूरी तरह पालन करने का निर्देश दिया।

# अब्दुल जलील मस्तान के निधन से सीमांचल और कांग्रेस को अपूरणीय क्षति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अररिया।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं अमौर विधानसभा क्षेत्र से पाँच बार विधायक रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अब्दुल जलील मस्तान के निधन पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं एडवोकेट, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया, इन्तेखाब आलम ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मस्तान साहब के इंतकाल से न केवल कांग्रेस पार्टी, बल्कि सीमांचल की राजनीति और सामाजिक जीवन को भी अपूरणीय क्षति हुई है।

उन्होंने कहा कि वे सीमांचल के उन लोकप्रिय नेताओं में शुमार थे, जिन्होंने लंबे समय तक पूरी सादगी और सहजता के साथ आम लोगों के बीच रहकर राजनीति की। अमौर विधानसभा क्षेत्र से उनका रिश्ता केवल राजनीति तक सीमित नहीं था, बल्कि लोगों के सुख-दुख में शामिल रहने और हर व्यक्ति के लिए आसानी से उपलब्ध रहने के कारण उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई थी।

इन्तेखाब आलम ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी अब्दुल जलील मस्तान को व्यक्तिगत रूप से जानते और उनके राजनीतिक योगदान को समझते थे। अमौर की एक सभा में राहुल गांधी ने मस्तान साहब से कहा था कि यदि वे इस बार एक लाख वोट के अंतर से जीतते हैं तो उन्हें मंत्री बनाने की दिशा में बात होगी।

श्री मस्तान ने एक लाख से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की और बाद में बिहार सरकार में मंत्री भी बने। यह उनकी लोकप्रियता और अमौर की जनता के साथ उनके गहरे जुड़ाव का प्रमाण था।

# बारिश ने खोली प्रधानमंत्री सड़क योजना की पोल

## पानी के दबाव में एप्रोच कटकर बहा, सड़क भी धंसी, लोगों का अवागमन बाधित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** बरसात के अंतिम दौर में हुई तेज बारिश ने झाझा प्रखंड क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की पोल खोल दी है। बलियाडीह पंचायत के करमा गांव के समीप करमा पुलिया के पास ग्रामीण सड़क का एप्रोच तेज पानी के बहाव में कटकर बह गया।

एप्रोच का बड़ा हिस्सा कटने के बाद सड़क धंस गई है। इससे मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया है और राहगीरों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। करमा से होकर गुजरने वाली यह सड़क घोरमारा, पीपरा, जुड़पनिया, ढेकियो, ठेलपत्थर, मयूरनचा और पांती समेत आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों के लिए प्रमुख संपर्क मार्ग है।

इसी रास्ते से ग्रामीण नरगंजो रेलवे स्टेशन और राष्ट्रीय राजमार्ग 333ए तक पहुंचते हैं। सड़क क्षतिग्रस्त होने से दैनिक यात्रियों, स्कूली बच्चों, मरीजों और अन्य ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पहले से ही जर्जर थी। पुलिया के समीप बारिश के पानी के तेज बहाव को रोकने के लिए पर्याप्त सुरक्षात्मक व्यवस्था नहीं की गई थी। यही वजह है कि पानी के दबाव में एप्रोच कटकर बह गया और सड़क का बड़ा हिस्सा धंस गया।



ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते मरम्मत और सुरक्षात्मक कार्य कराया जाता तो स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती।सामाजिक कार्यकर्ता कार्तिक कुसुम यादव ने कहा कि यह मार्ग दर्जनों गांवों को मुख्य सड़क और रेलवे स्टेशन से जोड़ता है। एप्रोच का बहना गंभीर मामला है। विभाग को तत्काल स्थल का निरीक्षण कर आवागमन बहाल कराना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कटाव नहीं रोका गया तो बारिश के बाद सड़क पूरी तरह टूट सकती है। करमा के शिवलाल टुडू, दिलीप बास्के, शिक्षक विकास कुमार, दिनेश यादव, चिंटू कुमार तथा मयूरनचा के राजू बास्के समेत अन्य ग्रामीणों ने तत्काल मरम्मत की मांग की।

## गोली से जख्मी खुद पहुंचा अस्पताल

**गयाजी।** बाइक सवार दो बदमाशों ने रेलवे के एक ट्रैकमैन पर फायरिंग कर दी। घटना डेल्हा थाना क्षेत्र के लोको चौराहे के पास हुई। हमलावरों ने रेलवे कर्मचारी लाल बाबू यादव पर दो राउंड गोली चलाई, जिसमें एक गोली उनके कंधे में जा लगी। गोली लगने के बावजूद लाल बाबू ने हिम्मत नहीं हारी और खुद बाइक चलाकर रेलवे अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार लाल बाबू यादव रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग में ट्रैकमैन के पद पर कार्यरत हैं। वह लोको स्थित रेलवे क्वार्टर से अपने गांव चाकंद जाने के लिए बाइक से निकले थे। इसी दौरान लोको चौराहे के पास पहले से घात लगाए बाइक सवार दो बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी। गोली चलाने के बाद दोनों अपराधी मौके से फरार हो गए।फायरिंग में एक गोली कंधे में लगी। घायल होने के बावजूद उन्होंने खुद बाइक संभाली और इलाज के लिए रेलवे अस्पताल पहुंच गए। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए एएनएमसीएच रेफर कर दिया।

# 10 स्मार्ट मोबाइल फोन के साथ छह साइबर ठग गिरफ्तार

## सेक्स स्कॉर्ट सर्विस में रोजगार के नाम पर करता था ठगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** साइबर अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में अस्थावां थाना पुलिस ने साइबर ठगी के एक संगठित गिरोह का खुलासा करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से साइबर अपराध में इस्तेमाल किए जा रहे 10 स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

एसपी हृदयकांत के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत सूचना के आधार पर अस्थावां थाना क्षेत्र के चुलिहारी पुल के पास छापेमारी की गई। इस दौरान चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ और उनकी निशानदेही के आधार पर पुलिस टीम ने उगावां गांव के खंधा में छापेमारी कर दो अन्य आरोपियों को



भी गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, आरोपित संगठित गिरोह के रूप में काम करते थे। सोशल मीडिया, मोबाइल कॉल और अन्य ऑनलाइन माध्यमों के जरिए लोगों को सेक्स स्कॉर्ट सर्विस में रोजगार दिलाने का झांसा दिया जाता था। इसके अलावा फर्जी बाबा बनकर मनचाहे स्त्री-पुरुष को वशीकरण करने का दावा कर भी लोगों से साइबर ठगी की जाती थी।

गिरफ्तार आरोपियों में 21 वर्षीय पुत्र बंटी कुमार, 19 वर्षीय सोनू कुमार, 36 वर्षीय सोनेलाल पासवान 18 वर्षीय लक्की कुमार सभी ग्राम चुलिहारी निवासी हैं। वहीं 19 वर्षीय दीपक कुमार और 20 वर्षीय सोनू कुमार दोनों ग्राम उगावां निवासी हैं। सभी आरोपी थाना अस्थावां, जिला नालंदा के रहने वाले बताए गए हैं।

कार्रवाई में पुनि. सह थानाध्यक्ष सत्यम कुमार, पुअनि. धर्मेन्द्र कुमार, जितेन्द्र कुमार साह, सअनि. धर्मवीर पासवान, गयानन्द पाण्डेय, सिपाही लालु राय, अरूण कुमार, रंभा कुमारी, मुरारी कुमार दास, बीएचजी शैलेन्द्र कुमार तथा चालक इन्द्रजीत कुमार शामिल रहे। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। बरामद मोबाइल फोन की जांच की जा रही है। साथ ही पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों, इनके संपर्कों और साइबर ठगी से जुड़े नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# शिक्षिका ने प्रिंसपल पर दर्ज करायी प्राथमिकी

## अश्लील हरकत करने सहित कई संगीन आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** जिले के मोरो थाना क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय की एक महिला शिक्षिका ने विद्यालय के प्रिंसिपल कुमार गौरव पर जबरन अश्लील वीडियो दिखाने, अश्लील हरकत, छेड़छाड़ और विरोध करने पर जातिसूचक गाली-गलौज करने की प्राथमिकी मोरो थाने में दर्ज करवाई है।

महिला शिक्षिका ने दर्ज प्राथमिकी में प्रिंसिपल पर आरोप लगाया है कि वर्ष 2025 से वह उसके साथ गंदी हरकत करता आ रहा है। प्रिंसिपल होने का धौंस दिखाकर वह अक्सर अपने कमरे में बुलाया करता है और उसके कंधे पर जबरन हाथ रखकर अश्लील वीडियो दिखाया करता है। प्रिंसिपल के मानसिक प्रताड़ना के कारण उसका दो महीने का गर्भ नष्ट हो गया।वहीं, इस मामले को लेकर उसने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रंजन कुमार से शिकायत की थी। इसके बाद मांगे गए स्पष्टीकरण में शिक्षा विभाग ने प्रिंसिपल को क्लीन चिट दे दी, वहीं उसके द्वारा प्रिंसिपल पर लगाए गए आरोपों को झूठा करार दिया गया।

हालांकि, अधिकारियों के निरीक्षण में प्रिंसिपल के खिलाफ कई अनियमितताएं पाई गईं। इसमें प्रिंसिपल बिना अवकाश स्वीकृत कराए अवकाश में पाए गए, वहीं उनके मौखिक आदेश पर उमेश कुमार चौधरी को प्रिंसिपल का प्रभार दिया गया। मिड-डे मील में भी गड़बड़ी पाई गई है। जबकि निरीक्षण करने आए अधिकारियों को प्रिंसिपल द्वारा अन्य शिक्षकों के साथ भी अभद्र व्यवहार करने की शिकायत मिली है। वहीं, स्कूल के शिक्षक बसंत कुमार पासवान ने भी प्रिंसिपल कुमार गौरव पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया है।

## जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** खगौल थाना क्षेत्र के निमतल्ला रोड फाटक के पास पुलिस ने जुए के एक बड़े अड्डे का भंडाफोड़ करते हुए 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 2 लाख 25 हजार 810 रुपये नकद, 11 मोबाइल फोन और ताश की गड्डियां बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपितों में वार्ड पार्षद महेंद्र कुमार सिंह समेत अन्य लोग शामिल हैं। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना मिली थी कि निमतल्ला रोड फाटक के पास स्थित एक मकान में 10 से 12 लोग बड़े पैमाने पर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के बाद नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी के निर्देशन और सहायक पुलिस अधीक्षक दानापुर के नेतृत्व में खगौल थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने विशेष छापेमारी टीम गठित की। टीम ने सूचना के आधार पर मकान में छापेमारी की, जहां जुआ खेल रहे लोगों को पकड़ा गया।

# मेस में बुलाकर प्रेमिका का गला रेता

## शव को बोरा में भरकर ले जा रहा था ठिकाने लगाने, धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में प्रेम प्रसंग में शक के चलते प्रेमी अमित कुमार महतो ने अपनी प्रेमिका की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी शव को एक बोरे में भरकर अपनी बाइक के पीछे बांधकर रात के अंधेरे में ठिकाने लगाने जा रहा था। हालांकि, बलरामपुर थाना पुलिस की मुस्तैदी से आरोपी नाका चेकिंग के दौरान रंगे हाथों पकड़ा गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतका बाघमुंडी थाना क्षेत्र के बुड़दा गांव की रहने वाली थी, जबकि आरोपी अमित हुरुमदा गांव का निवासी है।

दोनों पढ़ाई के सिलसिले में पुरुलिया शहर के बाहरी इलाके (टामना थाना क्षेत्र) में किराए के मेस में रहते थे। पिछले कुछ समय से अमित को संदेह था कि युवती किसी अन्य युवक के संपर्क में है, जिसे लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। इसी रंजिश के तहत अमित ने शनिवार को प्रीतिका को अपने सुनसान मेस में बुलाया। वहां दोनों के बीच तीखी बहस हुई।

विवाद इतना बढ़ गया कि अमित ने आपा खो दिया और धारदार हथियार से युवती के गले पर जोरदार वार कर दिया।

अत्यधिक खून बहने से युवती ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने की नीयत से आरोपी ने शव को प्लास्टिक के बोरे में बंद किया और उसे अपनी बाइक की पिछली सीट पर रस्सी से बांध लिया। वह देर रात करीब 1:30 बजे पुरुलिया से बलरामपुर की ओर निकल पड़ा। बलरामपुर इलेक्ट्रिक कार्यालय के पास मुस्तैद पुलिस टीम ने संदिग्ध बाइक सवार को रोककर तलाशी ली।

जब पुलिसकर्मियों ने बाइक के पीछे बंधे बोरे को खुलवाया, तो अंदर का नजारा देखकर उनके भी होश उड़ गए। बोरे में युवती की गला कटी लाश पड़ी हुई थी।

पुलिस तुरंत उसे स्थानीय बांशगढ़ अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पूछताछ के दौरान आरोपी अमित कुमार महतो ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल मेस को सील कर दिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए पुरुलिया गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया है।

दूसरी ओर, मृतका के पिता फलारी महतो ने घटना में एक से अधिक लोगों के शामिल होने की आशंका जताई है। उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि हत्या में शामिल अन्य संभावित आरोपियों को भी बेनकाब कर सख्त सजा दी जाए। पुलिस ने आरोपी को पुरुलिया जिला न्यायालय में पेश कर आगे की पूछताछ के लिए कस्टडी की मांग की है।

# हथियार के साथ वांछित कुख्यात धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** नाम कप्तान, लेकिन काम खौफनाक। पुलिस ने शुक्रवार की देर रात कई संगीन मामलों में वांछित कुख्यात अपराधी कप्तान यादव उर्फ विक्रमा यादव को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी उसके नियाजीपुर स्थित घर से हुई। आरोपित के पास से एक कट्टा, तीन कारतूस और एक खोखा बरामद किया गया।

डुमरांव एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की, जिसके बाद आरोपित के खिलाफ तिलक राय के हाता थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर डुमरांव एसडीपीओ समीर कुमार सिंह की अगुवाई में एक विशेष टीम गठित की गई।

टीम ने सत्यापन के बाद दल्ली के डेरा (नियाजीपुर) स्थित आरोपित के घर पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसके पास से हथियार बरामद किए गए।

पुलिस के अनुसार, वह गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपी के खिलाफ सिमरी थाने में 1997 से 2022 के बीच लूट, डकैती, चोरी, आर्म्स एक्ट और उत्पाद अधिनियम से जुड़े आठ मामले दर्ज हैं।

नया मामला (कांड संख्या 75/26) दर्ज होने के बाद उसके खिलाफ कुल मामलों की संख्या नौ हो गई है।

छापामारी में एसडीपीओ समीर कुमार सिंह के साथ तिलक राय के हाता की थानाध्यक्ष पूजा कुमारी, रामदास राय के डेरा के थानाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय, रविन्द्र कुमार यादव, पीटीसी अभिषेक कुमार और डीआईयू टीम के जवान शामिल थे।

# जीविका के 20 साल बेमिसाल : दो अक्टूबर से हर जिले में होगा 'नीतीश संवाद'

## जदयू की समीक्षा बैठक में ग्रामीण महिलाओं के सशक्तीकरण और सामाजिक बदलाव को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जनता दल (यू) प्रदेश कार्यालय में आगामी 2 अक्टूबर से राज्य के सभी जिलों में आयोजित होने वाले 'जीविका के 20 साल बेमिसाल' विषयक 'नीतीश संवाद' कार्यक्रम को लेकर रविवार को महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जद (यू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने की। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों, संगठनात्मक समन्वय और कार्यक्रम को व्यापक स्तर पर सफल बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 'जीविका' ने पिछले दो दशकों में ग्रामीण बिहार की तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। खासकर ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने, उन्हें स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने तथा सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी बढ़ाने में जीविका का योगदान उल्लेखनीय रहा है। 'नीतीश संवाद' के माध्यम से जीविका की इन उपलब्धियों और इसके सकारात्मक प्रभाव को आम लोगों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान पार्टी नेताओं एवं पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अपने सुझाव दिए। जिलास्तर पर कार्यक्रम के बेहतर संचालन, अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा पार्टी संगठन एवं संबंधित पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने को लेकर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम की तैयारियों की नियमित समीक्षा करने और समयबद्ध तरीके से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करने पर बल दिया गया। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि 'जीविका' के 20 वर्षों की यात्रा को केवल उपलब्धियों तक सीमित न रखते हुए ग्रामीण समाज में आए बदलाव से भी जोड़ा जाए। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं में बढ़ी आर्थिक भागीदारी, आत्मनिर्भरता और निर्णय लेने की क्षमता जैसे विषयों को संवाद का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने की बात कही गई। जद (यू) नेताओं ने कहा कि 'नीतीश संवाद' के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और जीविका के जरिए हुए सामाजिक-आर्थिक बदलाव को जनता के बीच प्रभावी ढंग से रखा जाएगा। इसके लिए जिले से लेकर प्रखंड स्तर तक संगठनात्मक तैयारियों को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल बनाने की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई। बैठक में मंत्री श्रवण कुमार, विधान परिषद में पार्टी के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, विधान पार्षद सह पार्टी की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष शिवरानी प्रजापति, विधान पार्षद रीना यादव, महिला प्रकोष्ठ की दक्षिण बिहार प्रभारी सुप्रिया रानी, मुख्यालय प्रभारी शंभू कुशवाहा, अरुण वर्मा एवं सुमित कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।


# फौज में सेवा कर रहे लोगों के लिए फिजियोथैरेपी जरूरी : राज्यपाल




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने कहा कि आज फिजियोथैरेपी की वजह से मेरा हाथ उठने लगा और मुझे सेवा में प्रमोशन मिला। एक फौजी को सेवा के दौरान चोट लगती है और वह चोट फिजियोथैरेपिस्ट के वजह से दूर होता है। बिहार के राज्यपाल रविवार को स्थानीय जगजीवन राम संसदीय शोध संस्थान में बिहार स्टेट फिजियोथैरेपिस्ट एसोसिएशन की ओर से आयोजित फिजियोथैरेपी कांफ्रेस का उद्घाटन कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा भारतीय सेना फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर का आभारी है जिनकी वजह से भारतीय सैनिक को लगे चोट छूमंतर में गायब हो जाता है। उन्होंने फिजियोथैरेपी चिकित्सकों से आग्रह किया कि अगर ऊपर जाना है आगे बढ़ाना है तो अपने जीवन में झुकना सीखें। राज्यपाल ने कहा मैं देश व जनता की सेवा के लिए समर्पित हूं और हमेशा उच्च शिक्षा के विकास के लिए तत्पर हैं हम सभी विश्वविद्यालय के शिक्षक छात्र व कर्मचारी से मिलकर व्यवस्था में सुधार कर रहे हैं। उन्होंने कहा जब हम शिक्षक व छात्रों के साथ बैठकर समस्या हल करने को तैयार हैं तो उन्हें धरना प्रदर्शन करने की क्या जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय सेवा में फिजियोथेरेपिस्ट का रोल अहम है कश्मीर से लद्दाख के सिपाही का मनोबल फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर की वजह से ऊंचा रहता है फिजियोथैरेपी एक फूल फ्लेज मेडिकल प्रॉब्लम है और यह पैरामेडिकल या एलाइड मेडिकल सेवा नहीं है। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बिहार स्टेट फिजियोथैरेपिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अभिनव आनंद ने कहा कि प्रदेश में फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर की समस्या को हल करने के लिए सरकार को अपने स्तर से प्रयास करना चाहिए और हर पंचायत में एक फिजियोथेरेपिस्ट की बहाली करनी चाहिए। इस मौके पर विधान पार्षद जीवन कुमार ने कहा कि पहले मेडिकल के क्षेत्र में फिजियोथैरेपी क्रांति को ठीक से माइलेज नहीं दिया गया जबकि 1996 के बाद फिजियोथैरेपी दिवस मनाने से इस सेवा को बहुत माइलेज मिला है।

# अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अब्दुल जलील मस्तान के निधन पर जताया शोक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं कोसी-सीमांचल क्षेत्र के अत्यंत लोकप्रिय राजनेता अब्दुल जलील मस्तान के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। अपने शोक संदेश में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि अब्दुल जलील मस्तान का निधन राजनीतिक जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके प्रस्थान से हमने एक ऐसा समर्पित जननेता खो दिया है जिनका पूरा जीवन आम जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहा। वे पूर्णिया जिले की अमौर विधान सभा सीट से 6 बार विधान सभा सदस्य चुने गए थे। सीमांचल के विकास और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच आपसी भाईचारा व सामाजिक समरसता बनाए रखने में उनका योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने ईश्वर से विनम्र प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों और समर्थकों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# कालजयी और अमर कवि हैं 'बिहार गीत' के रचनाकार सत्यनारायण : शिक्षा मंत्री




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कालजयी और अमर कवि हैं बिहार के 'राज्य-गीत' लिखने वाले रचनाकार कवि सत्यनारायण जब तक बिहार का अस्तित्व रहेगा, कवि सत्यनारायण बिहार के कण-कण में जीवित रहेंगे। उपरोक्त बातें कवि सत्यनारायण की 93वीं जयंती पर आयोजित पुस्तक-लोकार्पण समारोह का उद्घाटन करते हुए बिहार के शिक्षामंत्री मिथिलेश तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि कवि सत्यनारायण की स्मृति को जीवित रखने तथा साहित्य सम्मेलन के उन्नयन के लिए, सम्मेलन का एक प्रतिनिधि-मण्डल सरकार को प्रस्ताव दे। सभी अच्छे प्रस्ताव को सरकार अवश्य पूरा करेगी। शिक्षा मंत्री ने जयंती-पुरुष की संपूर्ण रचनावली 'सत्यनारायण समग्र' का लोकार्पण भी किया। समारोह के मुख्य अतिथि और सुप्रसिद्ध साहित्यकार शिवदयाल ने अपनी स्मृतियां साझा करते हुए कहा कि जय प्रकाश आंदोलन ने जिस तात्कालिक जड़ता को तोड़ा था, उसमें नुक्कड़-काव्य आंदोलन की बड़ी भूमिका थी। कवि सत्यनारायण की काव्य-प्रतिभा का परिचय हमें नुक्कड़ कवि-सम्मेलनों के माध्यम से मिला। सत्य नारायण ऐसे कवियों में शुमार हैं जिन्होंने अपने समय की जनता की आकांक्षाओं को शब्द दिए। जनता की केवल पीड़ा लिखी ही नहीं, सड़क पर भी आए। अपने अध्यक्षीय उद्गार में सम्मेलन के अध्यक्ष डा.अनिल सुलभ ने कहा कि कवि सत्यनारायण को समग्रता में पढ़ना, अनुभूति के एक अभिनव संसार से जुड़ना है। लोकार्पित पुस्तक हिन्दी की एक धरोहर के रूप में स्मरण की जाती रहेंगी जिससे नहीं केवल आनेवाली पीढ़ियां अपितु साहित्य के विद्यार्थी सदा लाभान्वित होते रहेंगे। सरकार को चाहिए कि 'बिहार-गीत' के अमर रचनाकार की एक भव्य प्रतिमा लगाकार उनकी जयंती को 'राजकीय समारोह' के रूप में मनाए तथा उनके नाम से कम से कम तीन लाख रूपए वाली पुरस्कार राशि से प्रतिवर्ष बिहार के किसी एक कवि का सम्मान हो। इससे कम में 'राज्य-गीतकार' के प्रति उचित श्रद्धांजलि नहीं हो सकती। बिहार विधान परिषद के सदस्य संजय मयूख, पटना की महापौर सीता साहू, डॉ.कुमार अरुणोदय, बिहार लोक सेवा आयोग के सदस्य निशीथ वर्मा, डॉ.कल्याणी कुसुम सिंह, बच्चा ठाकुर, संजीव कर्ण तथा कवि के ज्येष्ठ पुत्र संजयने भी अपने विचार रखे।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा मेघना गर्ग के नेतृत्व में 'ऑल इंडिया ऑन द स्पॉट निबंध प्रतियोगिता' का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा मेघना गर्ग के नेतृत्व में 'ऑल इंडिया ऑन द स्पॉट निबंध प्रतियोगिता' का आयोजन, हाजीपुर मुख्यालय के दो परीक्षा केंद्रों तथा महेंद्रूघाट पटना के एक परीक्षा केंद्र पर किया गया। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा रंजना कुमार, कोषाध्यक्ष पूनम श्रीवास्तव, तथा कार्यकारिणी के सदस्य रश्मि प्रियदर्शी, हनी वर्मा, श्रुति पांडे तथा विनीता प्रसाद उपस्थित रहीं। इस निबंध प्रतियोगिता में रेलवे कर्मचारीगण के लगभग 200 बच्चे शामिल हुए। इस प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में काफी उत्साह दिखा। इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन की ओर से बच्चों को चॉकलेट, बिस्किट, चिप्स तथा फ्रुटी के साथ मिल्टन टिफिन बॉक्स उपहार स्वरूप प्रदान किया गया।

# सेवा संकल्प अभियान की सफलता के लिए ओबीसी मोर्चा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की कार्यशाला आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, बिहार प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आज पार्टी कार्यालय स्थित अटल सभागार में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' की सफलता को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ओबीसी मोर्चा बिहार प्रदेश के अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने की। कार्यशाला में सेवा संकल्प अभियान के बिहार संयोजक एवं प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक, प्रदेश के पूर्व महामंत्री एवं सेवा संकल्प अभियान के संयोजक राजेश कुमार वर्मा, प्रदेश मंत्री एवं 'आशीर्वाद का दिया' के संयोजक प्रभाकर मिश्रा तथा अभियान संयोजक मंडल के सदस्य वीरेंद्र सिंह चंद्रवंशी ने अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों एवं इसकी रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 वर्षों तक संवैधानिक पदों पर रहते हुए गुजरात और देश की सेवा की है। उन्होंने कहा कि वैसे तो नरेंद्र मोदी जी बाल्यकाल से ही राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित रहे हैं, लेकिन 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री बनने और वर्ष 2014 से देश के प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश के विकास और परिवर्तन की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किया है।

# अब्दुल जलील मस्तान के निधन पर राजेश राम ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं 6 बार के विधायक रहे अब्दुल जलील मस्तान का दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने गहरा दुःख जताया और अपने शोक संदेश में कहा कि बिहार कांग्रेस ने अपने एक समर्पित और जुझारू नेता को खो दिया है। सीमांचल की आवाज के रूप में उन्होंने लंबे समय तक जनता की सेवा की। 2015 की महागठबंधन सरकार में उन्होंने उत्पाद, मद्य निषेध एवं निबंधन मंत्री के रूप में भी जिम्मेदारी निभाई। उनका निधन कांग्रेस संगठन, सीमांचल और पूरे बिहार के लिए अपूरणीय क्षति है।

# बिहार में 45 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित, डबल इंजन सरकार गंभीर नहीं : तेजस्वी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार में 45 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं, लेकिन डबल इंजन सरकार इस मामले में गंभीर नहीं है। दोनों इंजन में आग लगी हुई है जिसके कारण बाढ़ पीड़ितों को सहायता राशि नहीं मिल रही है। 1, पोलो रोड स्थित अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर बिहार की बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने, प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने और विशेष आर्थिक पैकेज की मांग की है, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से अब तक कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई। मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखा गया, पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्होंने कहा कि बिहार से एनडीए के सात मंत्री और 31 लोकसभा सांसद हैं, फिर भी लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। राज्य सरकार ने जुलाई में आकस्मिक निधि से 4000 करोड़ रुपये निकाले जिसे वेतन मद और अन्य कार्यों में खर्च किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य का खजाना खाली है और बिहार से केंद्रीय मंत्री भी सहायता नहीं दिला पा रहे हैं। बाढ़ पीड़ितों के लिए चल रहे किचन और रसोई की सूची भी सरकार से मांगी गई, लेकिन उपलब्ध नहीं कराई गई। तेजस्वी ने कहा कि कोसी बाढ़ के समय लालू प्रसाद ने बिहार को विशेष पैकेज दिलाया था तथा तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बिहार आकर पीड़ितों को सहायता राशि दी थी। उन्होंने गुजरात में बारिश होने पर राहत शिविर और हरसंभव सहायता दिए जाने का दावा करते हुए कहा कि आपदा के समय बिहार को भाजपा और केंद्र के नेता नजरअंदाज करते हैं जबकि चुनाव के समय प्रधानमंत्री से गृह मंत्री तक बिहार पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है और बाढ़ के स्थायी समाधान पर डबल इंजन सरकार का ध्यान नहीं है। चुनाव के समय अमित शाह बाढ़ से निजात दिलाने की बात करते हैं, लेकिन अब 45 लाख लोगों के बाढ़ में फंसे होने के बावजूद उनका बयान नहीं आता। तेजस्वी ने अपने बाढ़ दौरे का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस नाव से वे जायजा लेने गए थे, उसकी हवा नदी के बीच निकल गई और गांव के लोगों ने किसी तरह उन्हें बचाया। उन्होंने कहा कि सरकार से सहायता की मांग करने पर भी बाढ़ पीड़ितों की पीड़ा सामने लाने पर सवाल उठाए जा रहे हैं। सरकार का यह रवैया लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है।

# दो दिवसीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण शिविर का समापन

## घर-घर कांग्रेस की विचारधारा पहुंचाना हमारा लक्ष्य : राजेश राम




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में चल रहे प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन संगठन एवं जनभागीदारी से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस की गौरवशाली विरासत और लोकतांत्रिक विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी और सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग के माध्यम से संगठन को और मजबूत बनाया जाएगा। प्रशिक्षकों से उन्होंने आह्वान किया कि वे कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर जनता के मुद्दों से जोड़ें और संगठन की गतिविधियों को बूथ स्तर तक प्रभावी बनाएं। राजेश राम ने कहा कि हमारा लक्ष्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, जनता से सीधा संवाद स्थापित करना और कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना है। प्रशिक्षित और सक्रिय कार्यकर्ता ही इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम में बिहार के सह प्रभारी सुशील पासी, प्रशिक्षण प्रभारी प्रो रंजीत कुमार मिश्रा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पंकज यादव मौजूद थे।

# डॉ. प्रेम कुमार ने 'हरतालिका तीज' पर माताओं एवं बहनों को दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने 'हरतालिका तीज' के पावन अवसर पर प्रदेश की समस्त माताओं एवं बहनों सहित प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति की परंपरा का वाहक यह पावन व्रत अखंड सौभाग्य और अटूट विश्वास का प्रतीक है। इस अवसर पर माताएं-बहनें अपने परिवार की खुशहाली, सुखद दांपत्य और पति की दीर्घायु के लिए पूरे भक्ति भाव से निर्जला व्रत रखती हैं। उन्होंने मंगलकामना की कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली लाए।

# रघुवंश बाबू की पुण्यतिथि पर राजद नेताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मनरेगा जैसी ग्रामीण समावेशीकरण की महत्वपूर्ण योजना को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले राजद के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रघुवंश प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर रविवार को 1, पोलो रोड स्थित आवास पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, प्रदेश राजद अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू सहित अन्य नेताओं ने स्वर्गीय रघुवंश प्रसाद सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नेताओं ने उनके राजनीतिक और सामाजिक योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि ग्रामीण गरीबों और वंचित वर्गों के हित में उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा। रघुवंश प्रसाद सिंह का निधन 13 सितंबर 2020 को हुआ था। वे ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में मनरेगा के क्रियान्वयन से जुड़े प्रमुख नेताओं में शामिल रहे थे।

# तीज एवं चौठ चांद पूजा पर डॉ. आनन्द रंजन झा ने दी बधाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जन्दाहा (वैशाली)।** तीज एवं चौठ चांद पूजा के पावन अवसर पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा के निदेशक डॉ. आनन्द रंजन झा ने समस्त माताओं, बहनों एवं श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। डॉ. झा ने कहा कि तीज एवं चौठ चांद हमारी समृद्ध लोक परंपरा, आस्था और पारिवारिक संस्कारों के प्रतीक हैं। ये पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ-साथ समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा एवं सद्भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि तीज का पर्व महिलाओं के समर्पण, निष्ठा एवं परिवार की सुख-समृद्धि की मंगलकामना से जुड़ा है जबकि चौठ चांद पूजा हमारी लोक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का महत्वपूर्ण पर्व है। डॉ. आनन्द रंजन झा ने कामना की कि इन पावन पर्वों से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली आए। सभी परिवार स्वस्थ, सुखी और मंगलमय रहे। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से तीज एवं चौठ चांद पूजा को श्रद्धा, उल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।

# 'राष्ट्रीय चेतना की अभिव्यक्ति' पुस्तक का लोकार्पण

## पुस्तक राष्ट्र जागरण का महत्वपूर्ण कार्य करेगी : अवधेश नारायण सिंह



**पुष्पांकर गुप्ता**

**पटना।** स्थानीय आचार्य शत्रुघ्न प्रसाद शोध संस्थान के तत्वावधान में बिहार विधान परिषद् सभागार में आज विधान परिषद् में सत्तारूढ़ दल के उपनेता एवं स्तंभकार प्रो. राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता की पुस्तक 'राष्ट्रीय चेतना की अभिव्यक्ति' का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने पुस्तक को राष्ट्रीय चेतना, जनजागरण और वैचारिक विमर्श की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण बताया। वक्ताओं ने कहा कि यह पुस्तक पाठकों को राष्ट्रहित, राष्ट्रप्रेम, स्वाभिमान और राष्ट्र जागरण की भावना से जोड़ने का कार्य करती है। बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि उन्हें राष्ट्रवादी धारा से जोड़ने में राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। उनकी लिखित पुस्तक 'राष्ट्रीय चेतना की अभिव्यक्ति' भी पाठकों को राष्ट्रवादी विचारधारा की ओर आकर्षित करेगी। यह पुस्तक राष्ट्र जागरण का महत्त्वपूर्ण कार्य करेगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने पुस्तक की भाषा-शैली की सराहना करते हुए कहा कि कॉमर्स के प्राध्यापक प्रो. राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने अत्यंत सहज और सरल हिंदी भाषा में इस पुस्तक की रचना की है जिससे गंभीर विषय भी सामान्य पाठकों के लिए सुगम हो गए हैं। वहीं कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि पुस्तक में अखंड भारत की अवधारणा सहित अनेक महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय विषयों पर चर्चा की गई है और यह पुस्तक युवाओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी है। लेखक ने भारत विभाजन की पीड़ा, राजनीति में आए ह्रास तथा सत्ता प्राप्ति के लिए राजनेताओं द्वारा किए गए असंवैधानिक कार्यों जैसे विषयों पर गंभीरता से लिखा है। उन्होंने पंजाब में प्रधानमंत्री की गाड़ी रोके जाने के प्रसंग से जुड़े आलेख का भी उल्लेख किया।

# जीविका दीदी की लाइब्रेरी से संवर रही एक लाख ग्रामीण युवाओं और महिलाओं की तकदीर

## 61 फीसदी लड़कियों की भागीदारी के साथ विद्या दीदी संभाल रहीं डिजिटल साक्षरता की कमान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



जीविका-दीदी की लाइब्रेरी केवल किताबों का केंद्र नहीं, बल्कि हमारी उन बहनों के आत्मसम्मान और सफलता की कहानी है जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों को हराकर नया इतिहास रचा है। राज्य में संचालित 118 पुस्तकालयों के माध्यम से आज 1 लाख से अधिक युवाओं और 61 फीसदी बेटियों को अपने ही गांव में डिजिटल शिक्षा और करियर मार्गदर्शन मिल रहा है। हमारी विद्या-दीदियां आज गांव-गांव में ज्ञान का दीप जलाकर ग्रामीण बिहार को आत्मनिर्भर बना रही हैं।

**श्रवण कुमार**
**ग्रामीण विकास एवं जन सम्पर्क मंत्री**

**पटना।** कल तक जो महिलाएं घर की चहारदीवारी, चूल्हे-चौके और सामाजिक बंदिशों में कैद थीं जिन्हें आर्थिक तंगी और रूढ़िवादी सोच के कारण कभी पढ़ाई का अवसर नहीं मिला। आज वही महिलाएं ग्रामीण बिहार में बदलाव की नई इबारत लिख रही हैं। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग की जीविका योजना के तहत संचालित जीविका-दीदी की लाइब्रेरी (सामुदायिक पुस्तकालय सह करियर विकास केंद्र) आज ग्रामीण इलाकों में शिक्षा, मार्गदर्शन और अवसरों के बीच की दूरी को मिटाने का सबसे सशक्त माध्यम बन चुकी है। वर्तमान में राज्य में संकुल स्तरीय संघ (सीएलएफ) के माध्यम से 118 जीविका-दीदी की लाइब्रेरी का सफल संचालन हो रहा है। इनसे अब तक 1 लाख से अधिक किशोर एवं युवा जुड़ चुके हैं। ग्रामीण विकास विभाग के अनुसार, ये लाइब्रेरी सप्ताह के सातों दिन सुबह 9.30 से शाम 5.00 बजे तक खुलते हैं। प्रत्येक केंद्र पर प्रतिदिन औसतन 50 से 70 शिक्षार्थी पहुंचते हैं। इन शिक्षार्थियों में 61 फीसदी लड़कियां हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो राज्यभर में रोजाना करीब 5,000 से 7,000 बच्चे लाइब्रेरी में बैठकर पढ़ते हैं जिसमें एक बड़ी संख्या दीदियों की बच्चों की भी है जो आज इस सुविधा के बदौलत खुद का भविष्य संवार रहे हैं। पुस्तकालयों में शांत वातावरण के साथ कंप्यूटर, टैबलेट, हाई-स्पीड इंटरनेट, किताबें, समाचार पत्र और ऑनलाइन पठन-पाठन की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि लाइब्रेरी में पढ़ने के लिए आने वाले बच्चों में कई ऐसे हैं जिन्होंने पूर्व में अपनी पढ़ाई छोड़ दी थी और आज उन्हें एनआईओएस, बीबीओएसइ और इग्नू जैसे संस्थानों में नामांकन कराकर मुख्यधारा में लाया जा रहा है। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन, ऑनलाइन आवेदन में सहायता और विशेषज्ञों द्वारा करियर काउंसिलिंग व मेंटरिंग दी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक समस्याओं और संसाधनों के अभाव में जो महिलाएं कभी घर से निकलने में भी झिझकती थीं, आज वे इन सेंटरों का पूर्ण स्वामित्व, संचालन और प्रबंधन खुद संभाल रही हैं। प्रत्येक केंद्र पर एक प्रशिक्षित सामुदायिक पेशेवर विद्या-दीदी (डिजिटल एडुप्रेन्योर) के रूप में तैनात हैं जो दैनिक संचालन से लेकर बच्चों को डिजिटल सेवाएं देने तक की कमान संभाल रही हैं जिन हाथों में कभी सिर्फ घरेलू काम हुआ करता था, आज वे माउस और कीबोर्ड पर सरपट दौड़ रहे हैं। विद्या-दीदी और लाइब्रेरी मैनेजर के रूप में काम करके हजारों महिलाएं अब नियमित आय अर्जित कर रही हैं।

# संपादकीय

## भारत के एजेंडे में वैश्विक दक्षिण, व्यापार और शांति, मोदी की कूटनीति पर दुनिया की नजर

ब्रिक्स 2026 में भारत आर्थिक सहयोग, वैश्विक दक्षिण की आवाज और शांति के मुद्दों को प्रमुखता देगा। मोदी-पुतिन और मोदी-शी जिनपिंग की बैठक से वैश्विक कूटनीति और भारत-चीन संबंधों पर नजर रहेगी। देश की राजधानी में आयोजित किया जा रहा ब्रिक्स शिखर सम्मेलन उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग और वैश्विक व्यवस्था में विकासशील देशों की भूमिका को मजबूत करने का एक महत्त्वपूर्ण अवसर है। ऐसे समय में जब दुनिया आर्थिक अनिश्चितता, युद्ध, व्यापारिक तनाव और बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों के दौर से गुजर रही है, तब ब्रिक्स की प्रासंगिकता और बढ़ गई है।भारत के लिए यह मंच अपने राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने के साथ-साथ वैश्विक दक्षिण की आवाज को सशक्त रूप देने की दृष्टि से भी अहम है। सम्मेलन से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शुक्रवार को हुई बैठक में भी भारत की प्राथमिकताओं और प्रतिबद्धताओं को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया गया।इस दौरान मुख्य रूप से वर्ष 2030 तक वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर सौ अरब डालर तक पहुंचाने तथा रक्षा, ऊर्जा और दुर्लभ खनिजों के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। यह इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में भारत को व्यापारिक सहयोग के मोर्चे पर अंतरराष्ट्रीय संबंधों को विस्तार देने और नए बाजार तलाशने की जरूरत है। ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका से शुरू हुए ब्रिक्स समूह का विस्तार अब कई अन्य देशों तक हो चुका है। ब्रिक्स भारत के लिए केवल आर्थिक एवं व्यापारिक सहयोग का मंच नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन की दृष्टि से विकासशील देशों की आवाज बुलंद करने का माध्यम भी है।भारत की नीति दुनिया की आर्थिक व्यवस्था को अधिक न्यायपूर्ण और संतुलित बनाने की रही है, जिसके तहत अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं में विकासशील देशों को उनकी आर्थिक क्षमता और जनसंख्या के अनुरूप अधिक प्रतिनिधित्व मिलने की वकालत की जाती रही है। स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने, भुगतान प्रणालियों को मजबूत करने और आर्थिक सहयोग को आसान बनाने जैसे विषय भी भारत के लिए महत्त्वपूर्ण हैं और इन मुद्दों पर शिखर सम्मेलन में भी प्रमुखता से चर्चा होने की उम्मीद है।इसके अलावा, भारत हमेशा से वैश्विक शांति का पक्षधर रहा है और प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन के साथ बैठक में दोहराया कि किसी भी समस्या का समाधान केवल युद्ध नहीं हो सकता है। साथ ही कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष को खत्म करने के शांति प्रयासों में भारत हर संभव मदद के लिए तैयार है।भारत ऐसे समय में ब्रिक्स को अधिक प्रभावी मंच के रूप में आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, जब वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक परिस्थितियां लगातार बदल रही हैं।

**यदि कोई इमारत नियमों के विरुद्ध बन रही थी तो निर्माण के दौरान संबंधित नगर निगम अधिकारी कहां थे? यदि वहां व्यावसायिक गतिविधियां चल रही थी तो फायर विभाग ने सुरक्षा का आकलन क्यों नहीं किया? बिजली और पानी के कनेक्शन किस आधार पर मिले? पुलिस और स्थानीय प्रशासन की नजर उस भवन पर क्यों नहीं पड़ी? और यदि सब कुछ नियमों के अनुसार था तो फिर हादसा हुआ कैसे? यही वे प्रश्न हैं, जिनका जवाब केवल ठेकेदार या किसी छोटे कर्मचारी को दोषी ठहराकर नहीं दिया जा सकता। सत्य निकेतन की त्रासदी इसलिए भी गंभीर है क्योंकि दिल्ली में पीजी संस्कृति तेजी से बढ़ी है। देशभर से राजधानी में पढ़ने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने और रोजगार तलाशने आने वाले हजारों युवा ऐसी इमारतों में रहते हैं, जहां कमरे छोटे हैं, गलियां संकरी हैं, सीढ़ियां संकरी हैं और सुरक्षा मानकों की स्थिति अक्सर संदिग्ध रहती है। मकान मालिक के लिए कमरों की संख्या बढ़ाना कारोबार है लेकिन उस कमरे में रहने वाला छात्र अपने सपने लेकर वहां आता है।**

# मौत का इंतजार करती इमारतें और गहरी नींद सोता प्रशासन

(योगेश कुमार गोयल)

यदि कोई इमारत नियमों के विरुद्ध बन रही थी तो निर्माण के दौरान संबंधित नगर निगम अधिकारी कहां थे? यदि वहां व्यावसायिक गतिविधियां चल रही थी तो फायर विभाग ने सुरक्षा का आकलन क्यों नहीं किया? बिजली और पानी के कनेक्शन किस आधार पर मिले? पुलिस और स्थानीय प्रशासन की नजर उस भवन पर क्यों नहीं पड़ी?

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के सत्य निकेतन में जो हृदयविदारक घटना घटित हुई है, वह केवल एक पांच मंजिला इमारत के भरभराकर गिरने की घटना नहीं बल्कि राजधानी की उस व्यवस्था का ढ़हना है, जिसकी नींव नागरिकों की सुरक्षा, कानून के शासन और प्रशासनिक जवाबदेही पर टिकी होनी चाहिए थी। जिस इमारत में कुछ घंटे पहले तक देश के अलग-अलग हिस्सों से आए युवा अपने भविष्य के सपने बुन रहे थे, देखते ही देखते वह ईंट, सीमेंट और लोहे के मलबे में बदल गई। धूल का गुबार तो छंट जाएगा, मलबा भी हट जाएगा, सड़कें फिर सामान्य हो जाएंगी लेकिन उन परिवारों के जीवन में जो शून्य पैदा हुआ है, वह कभी नहीं भर सकेगा। 'हॉस्टल डेज' नामक लड़कों के लिए बने पीजी की इस पांच मंजिला इमारत में हादसे के वक्त कई छात्र अपने कमरों में थे, जिनके मलबे में दबे होने की आशंका है। बताया जा रहा है कि इमारत लगभग 40-50 वर्ष पुरानी थी और हादसे के समय बेसमेंट में मरम्मत तथा खुदाई का काम चल रहा था। यही तथ्य इस त्रासदी को और भयावह बना देता है।

सवाल केवल यह नहीं है कि इमारत क्यों गिरी बल्कि असली सवाल यह है कि इतनी पुरानी और संवेदनशील इमारत में बेसमेंट की खुदाई और निर्माण संबंधी गतिविधियां आखिर चल कैसे रही थी? हर बड़े भवन हादसे के बाद एक ही कहानी दोहराई जाती है। प्रशासन कहता है कि जांच होगी, कुछ छोटे अधिकारियों पर कार्रवाई होती है और कुछ दिनों बाद पूरा मामला फाइलों के नीचे दब जाता है। फिर किसी दूसरे इलाके में कोई और इमारत गिरती है, कहीं आग लगती है, कोई बेसमेंट मौत का कुआं बन जाता है और हम फिर वही प्रश्न पूछते रह जाते हैं कि आखिर जिम्मेदार कौन है? सच तो यह है कि भारत के शहरों में कोई बहुमंजिला अवैध निर्माण रातों-रात खड़ा नहीं होता। जमीन का उपयोग बदलता है, नक्शा बनता है, निर्माण शुरू होता है,



मंजिलें बढ़ती हैं, बिजली-पानी के कनेक्शन मिलते हैं और अंततः उस इमारत में व्यावसायिक गतिविधियां शुरू हो जाती हैं। इस पूरी प्रक्रिया में अनेक विभागों और अधिकारियों की भूमिका होती है। ऐसे में यह कहना कि प्रशासन को कुछ पता ही नहीं था, जिम्मेदारी से बचने का सबसे आसान बहाना है।

यदि कोई इमारत नियमों के विरुद्ध बन रही थी तो निर्माण के दौरान संबंधित नगर निगम अधिकारी कहां थे? यदि वहां व्यावसायिक गतिविधियां चल रही थी तो फायर विभाग ने सुरक्षा का आकलन क्यों नहीं किया? बिजली और पानी के कनेक्शन किस आधार पर मिले? पुलिस और स्थानीय प्रशासन की नजर उस भवन पर क्यों नहीं पड़ी? और यदि सब कुछ नियमों के अनुसार था तो फिर हादसा हुआ कैसे? यही वे प्रश्न हैं, जिनका जवाब केवल ठेकेदार या किसी छोटे कर्मचारी को दोषी ठहराकर नहीं दिया जा सकता। सत्य निकेतन की त्रासदी इसलिए भी गंभीर है क्योंकि दिल्ली में पीजी संस्कृति तेजी से बढ़ी है। देशभर से राजधानी में पढ़ने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने और रोजगार तलाशने आने वाले हजारों युवा ऐसी इमारतों में रहते हैं, जहां कमरे छोटे हैं, गलियां संकरी हैं, सीढ़ियां संकरी हैं और सुरक्षा मानकों की स्थिति अक्सर संदिग्ध रहती है। मकान मालिक के लिए कमरों की संख्या बढ़ाना कारोबार है लेकिन उस कमरे में रहने वाला छात्र अपने सपने लेकर वहां आता है। जब छह कमरों की अनुमति वाली इमारत में 25 से अधिक कमरे बना दिए जाते हैं, जब बेसमेंट को पार्किंग के बजाय व्यावसायिक गतिविधियों के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जब एक ही निकास मार्ग पर सैंकड़ों लोगों की सुरक्षा निर्भर कर दी जाती है, तब यह केवल नियमों का उल्लंघन नहीं रहता, यह मानव जीवन के साथ खिलवाड़ बन जाता है।

दिल्ली में अतीत की त्रासदियां भी हमें बार-बार चेताती रही हैं। 1997 का उपहार सिनेमा अग्निकांड हो या हाल के वर्षों में सामने आए बेसमेंट, कोचिंग सेंटर और व्यावसायिक इमारतों से जुड़े हादसे, हर घटना के बाद सुरक्षा मानकों पर सवाल उठे। बंद दरवाजे, अवरुद्ध निकास, अवैध निर्माण, अग्निशमन उपकरणों की अनुपलब्धता और प्रशासनिक उदासीनता बार-बार त्रासदियों की पृष्ठभूमि में दिखाई देती रही है। फिर भी व्यवस्था की स्मृति इतनी कमजोर है कि कुछ दिनों बाद सब कुछ फिर पुराने ढ़र्रे पर लौट आता है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि सस्पेंशन हमेशा छोटे कर्मचारी का ही क्यों होता है? यदि किसी इलाके में वर्षों तक अवैध निर्माण चलता रहा, यदि नियमों के विपरीत इमारतें खड़ी होती रही और उनमें पीजी, कोचिंग सेंटर, दुकानें या अन्य व्यावसायिक गतिविधियां चलती रही तो उस पूरे प्रशासनिक तंत्र की जवाबदेही तय होनी चाहिए, जिसने इसे होने दिया। तत्कालीन अवैध निर्माण प्रभारी, संबंधित वरिष्ठ अधिकारी, जोनल स्तर के जिम्मेदार अधिकारी और संबंधित विभागों की भूमिका की निष्पक्ष जांच क्यों न हो? यदि मिलीभगत प्रमाणित होती है तो कार्रवाई भी उसी अनुपात में कठोर क्यों न हो?

समस्या किसी एक इमारत की नहीं है। दिल्ली और देश के तमाम शहरों में हजारों ऐसी इमारतें हैं, जो बाहर से सामान्य दिखाई देती हैं लेकिन भीतर से मौत के जाल में बदल चुकी हैं। कहीं बेसमेंट में अवैध निर्माण है, कहीं बिना वेंटिलेशन के कोचिंग सेंटर, कहीं संकरी सीढ़ियां, कहीं बंद खिड़कियां, कहीं लोहे की ग्रिलें और कहीं एक ही प्रवेश-निकास द्वार। अग्निशमन उपकरण कई जगह केवल निरीक्षण के समय दिखाने के लिए रखे जाते हैं और आपातकालीन निकास कागजों पर मौजूद रहते हैं, वास्तविकता में नहीं। ऐसी स्थिति में हादसा होने पर दमकल की गाड़ियां भी संकरी गलियों में फंस जाती हैं। बचाव दल के पास पहुंचने का रास्ता नहीं होता और अंदर फंसे लोगों के पास बाहर निकलने का रास्ता नहीं होता। फिर कुछ ही मिनटों में एक इमारत कब्रिस्तान में बदल जाती है।

अब जरूरत केवल दोषी खोजने की नहीं, व्यवस्था बदलने की है। दिल्ली की सभी पुरानी बहुमंजिला और व्यावसायिक इमारतों का व्यापक सुरक्षा ऑडिट होना चाहिए। पीजी, हॉस्टल, कोचिंग सेंटर और बेसमेंट में संचालित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की अनिवार्य जांच होनी चाहिए। फायर एनओसी की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल, पारदर्शी और समयबद्ध हो। अवैध निर्माण पर केवल जुर्माना लगाकर उसे वैध बनाने की प्रवृत्ति समाप्त होनी चाहिए। गंभीर उल्लंघन वाली इमारतों को तत्काल सील और आवश्यकतानुसार ध्वस्त किया जाना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण यह कि जिम्मेदारी ऊपर तक जानी चाहिए। किसी दुर्घटना के बाद दो-चार छोटे कर्मचारियों को निलंबित कर देना प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, अक्सर जिम्मेदारी से बचने का तरीका बन जाता है। यदि किसी अधिकारी की लापरवाही, मिलीभगत या भ्रष्ट आचरण के कारण लोगों की जान जोखिम में पड़ी है तो उसके विरुद्ध कठोर आपराधिक कार्रवाई होनी चाहिए। पद जितना बड़ा हो, जवाबदेही भी उतनी ही बड़ी होनी चाहिए।

सत्य निकेतन का मलबा केवल ईंट-पत्थरों का ढ़ेर नहीं है। उसके नीचे प्रशासनिक दावों की विश्वसनीयता, भवन सुरक्षा के नियमों और नागरिकों के भरोसे की भी परीक्षा हो रही है। इस त्रासदी को 'हादसा' कहकर आगे बढ़ जाना सबसे बड़ा अपराध होगा। हादसा वह होता है, जिसे रोका न जा सके लेकिन जिस दुर्घटना की जमीन अवैध निर्माण, नियमों की अनदेखी, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही से तैयार होती है, उसे केवल हादसा कहना सच्चाई को छोटा करना है। यदि इस बार भी जांच के नाम पर खानापूर्ति हुई, छोटे कर्मचारियों पर गाज गिराकर बड़े जिम्मेदार बच निकले और कुछ लाख रुपये के मुआवजे को न्याय का विकल्प बना दिया गया तो अगली त्रासदी केवल समय की प्रतीक्षा करेगी।

# पाकिस्तान की तबियत बिगड़ी ! ब्रिक्स में मोदी का शक्ति प्रदर्शन देख इस्लामाबाद में जबरदस्त खलबली

(नीरज कुमार दुबे)

इस्लामाबाद के लिए दिल्ली का यह सम्मेलन इसलिए असहज करने वाला है क्योंकि यहां चीन, ईरान और सऊदी अरब जैसे उसके अपने रणनीतिक साझेदार भी मौजूद हैं। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्टें दर्शा रही हैं कि इस्लामाबाद की कुटिल नजर भारत-चीन संबंधों के संभावित सुधार पर टिकी हुई हैं।

नई दिल्ली में आयोजित हो रहे 18वें ब्रिक्सशिखर सम्मेलन की गूंज वैसे तो पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है लेकिन पाकिस्तान के सत्ता और रक्षा प्रतिष्ठान में इसे लेकर जबरदस्त सन्नाटा छाया हुआ है। सन्नाटा इसलिए है क्योंकि शहबाज शरीफ से लेकर असीम मुनीर तक, आसिफ अली जरदारी से लेकर ख्वाजा आसिफ तक और इशाक डार से लेकर पाकिस्तान के अन्य बड़बोले नेताओं तक की नजरें टीवी चैनलों पर लगी हुई हैं और जैसे जैसे वैश्विक नेता एक एक कर दिल्ली की धरती पर उतर रहे हैं वैसे वैसे पाकिस्तान हुक्मरानों का गला सूखता जा रहा है।

हम आपको बता दें कि इस्लामाबाद के लिए दिल्ली का यह सम्मेलन इसलिए असहज करने वाला है क्योंकि यहां चीन, ईरान और सऊदी अरब जैसे उसके अपने रणनीतिक साझेदार भी मौजूद हैं। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्टें दर्शा रही हैं कि इस्लामाबाद की कुटिल नजर भारत-चीन संबंधों के संभावित सुधार पर टिकी हुई हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय से भी बाकायदा चीन-भारत बढ़ती नजदीकी पर सवाल पूछा गया, जिस पर उसने कहा कि चीन के साथ उसकी आल वेदर साझेदारी किसी तीसरे देश के साथ चीन के संबंधों से प्रभावित नहीं होगी। लेकिन यही स्पष्टीकरण बताता है कि सवाल कितना महत्वपूर्ण हो चुका है।

पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा झटका मोदी-शी जिनपिंग की मुलाकात होने वाली है। सात साल बाद शी जिनपिंग का भारत आना अपने आप में बड़ा संकेत है। सीमा विवाद के बाद दोनों देशों ने धीरे-धीरे संवाद बहाल किया है और अब व्यापार, निवेश, सीमा प्रबंधन तथा रणनीतिक संवाद पर आगे बढ़ने की कोशिश हो रही है। पाकिस्तान के लिए समस्या यह है कि उसकी सुरक्षा रणनीति लंबे समय से इस धारणा पर टिकी रही है कि भारत को दो मोर्चों पर एक साथ दबाव में रखा जा सकता है। लेकिन अगर बीजिंग और नई दिल्ली टकराव से प्रतिस्पर्धी सह-अस्तित्व की ओर बढ़ते हैं, तो इस्लामाबाद का वह रणनीतिक गणित कमजोर पड़ सकता है। साथ ही पाकिस्तान इसलिए भी परेशान है कि यदि भारत और चीन के संबंध सुधरे तो भविष्य के भारत-पाक संघर्ष में बिना बीजिंग के सहयोग के इस्लामाबाद के लिए मैदान में कुछ घंटे टिक पाना भी मुश्किल हो जायेगा। दूसरा मोर्चा मोदी-पुतिन समीकरण है। दोनों नेताओं की बैठक में स्-400 की अंतिम यूनिट की डिलीवरी और अगली पीढ़ी के बारहमास पर चर्चा हो रही है। भारत को चार एस-400 रेजिमेंट मिल चुकी हैं और पांचवीं की डिलीवरी पर रूस ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। पाकिस्तान के लिए यह इसलिए चिंता का विषय है क्योंकि भारत की वायु-रक्षा और लंबी दूरी की मारक क्षमता में रूसी सहयोग उसकी सैन्य गणना को और कठिन बनाता है। आने वाले समय में बारहमास के उन्नत संस्करण और संयुक्त उत्पादन पर बातचीत इस तस्वीर को और गंभीर बना सकती है। हम आपको याद दिला दें कि पिछले साल हुए भारत-पाक सैन्य संघर्ष के दौरान रूस की एस-400 ने पाकिस्तान के लगभग सभी हमलों को निष्क्रिय कर दिया था। उस समय पाकिस्तान ने चीन और तुर्की से रक्षा उपकरण लेकर भारत पर निशाने साधे थे लेकिन एस-400 के आगे कोई नहीं टिक पाया था। ऐसे में पाकिस्तान की नजरें इस बात पर बनी हुई हैं कि भारत और रूस के बीच क्या नये रक्षा समझौते होने जा रहे हैं।

पाकिस्तान की तीसरी चिंता सऊदी अरब और चौथी ईरान को लेकर है। ब्रिक्स की मेज पर सऊदी अरब और ईरान दोनों हैं, जबकि पश्चिम एशिया अब भी संघर्ष की आग में झुलस रहा है। पाकिस्तान के लिए यह बेहद असहज परिस्थिति है क्योंकि एक तरफ वह सऊदी अरब के साथ अपने सुरक्षा संबंधों को महत्वपूर्ण मानता है, दूसरी तरफ भारत के खाड़ी देशों के साथ रिश्ते लगातार गहरे हो रहे हैं। इसी बीच ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन भारत पहुंचे हैं और मोदी के साथ उनकी द्विपक्षीय वार्ता भी हो रही है। पाकिस्तान की चिंता यहां यह है कि सऊदी अरब के साथ वह हाल ही में मक्का पैक्ट में शामिल हुआ है। ऐसे में यदि भारत और सऊदी अरब के संबंध और मजबूत होते हैं तो मक्का पैक्ट के पैकेट की हवा पूरी तरह निकल जायेगी। साथ ही ईरानी राष्ट्रपति से मोदी की बातचीत के बाद यदि पश्चिम एशिया के हालात में सुधार होता है तो पाकिस्तान की उस पूरी कूटनीतिक कवायद पर पानी फिर जायेगा जिसके तहत कभी अमेरिका और ईरान को इस्लामाबाद बुलाकर वार्ता कराई गयी तो कभी शहबाज शरीफ और असीम मुनीर भागे भागे तेहरान और वाशिंगटन के चक्कर लगाते रहे।

# मायावती ने आकाश को क्यों दिखाई 'जमीन' ?

**उन्होंने आरोप लगाया कि आकाश आनंद और अशोक सिद्धार्थ पार्टी और बहुजन आंदोलन के हित से ज्यादा पारिवारिक रिश्तों और निजी हितों को महत्व दे रहे हैं। मायावती का सबसे तीखा सवाल आकाश की सोशल मीडिया गतिविधियों को लेकर था। उनका कहना था कि आकाश पहले उनके पोस्ट को लगातार रीपोस्ट करके अपनी राजनीतिक निष्ठा जताते रहे हैं, लेकिन सिद्धार्थ से जुड़े हालिया पोस्ट को उन्होंने रीपोस्ट नहीं किया, जबकि मायावती के मुताबिक वह पोस्ट खुद आकाश के राजनीतिक हित में था।**

(नीरज कुमार दुबे )

बसपा सुप्रीमो ने आकाश की 'दोहरी मानसिकता' पर सवाल खड़ा कर दिया। उनका तर्क था कि अगर आकाश के लिए पार्टी और बहुजन आंदोलन से ज्यादा अहम पारिवारिक रिश्ते हैं तो फिर वह पार्टी के लिए प्रभावी ढंग से काम कैसे कर सकते हैं?

बहुजन समाज पार्टी की सियासत में एक बार फिर ऐसा उलटफेर हुआ है, जिसने पार्टी के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की चुनावी राजनीति में भी हलचल तेज कर दी है। जिस कवायद को आकाश आनंद के सियासी भविष्य की राह साफ करने की कोशिश माना जा रहा था, वही कुछ घंटों में उनके बहुजन समाज पार्टी से पूरी तरह बाहर होने की पटकथा बन गई। हम आपको बता दें कि बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से 'पूरी तरह आजाद' कर दिया है।

खास बात यह है कि मायावती ने यह फैसला आकाश के ससुर और पूर्व राज्यसभा सांसद अशोक सिद्धार्थ के राजनीति से संन्यास की घोषणा के तत्काल बाद लिया। यानी जिस शर्त को आकाश की वापसी और राजनीतिक सक्रियता के रास्ते की आखिरी बाधा माना जा रहा था, वह शर्त पूरी हुई, लेकिन नतीजा उम्मीद के ठीक उलट निकला। अशोक सिद्धार्थ ने गुरुवार सुबह भावुक संदेश के जरिए राजनीति से संन्यास का ऐलान किया। उन्होंने साफ कहा कि मायावती का आदेश उनके लिए पारिवारिक और राजनीतिक रिश्तों से ऊपर है। उन्होंने यह भी कहा कि आकाश ने करीब दो दशक मायावती की देखरेख और मार्गदर्शन में बिताए हैं और उनके भीतर मायावती का 'खून' बहता है। सिद्धार्थ ने खुद पर आकाश को प्रभावित या गुमराह करने के आरोपों को भी खारिज किया और कहा कि उनके जैसे सामान्य कार्यकर्ता की इतनी हैसियत ही कहां कि वह आकाश को गुमराह कर सके।



लेकिन बसपा सुप्रीमो के तेवर इससे नरम नहीं हुए। मायावती ने अपने दस सूत्रीय संदेश में साफ कर दिया कि मामला केवल संगठनात्मक जिम्मेदारी का नहीं है, बल्कि निष्ठा, परिवार और राजनीतिक प्राथमिकताओं का है। उन्होंने आरोप लगाया कि आकाश आनंद और अशोक सिद्धार्थ पार्टी और बहुजन आंदोलन के हित से ज्यादा पारिवारिक रिश्तों और निजी हितों को महत्व दे रहे हैं। मायावती का सबसे तीखा सवाल आकाश की सोशल मीडिया गतिविधियों को लेकर था। उनका कहना था कि आकाश पहले उनके पोस्ट को लगातार रीपोस्ट करके अपनी राजनीतिक निष्ठा जताते रहे हैं, लेकिन सिद्धार्थ से जुड़े हालिया पोस्ट को उन्होंने रीपोस्ट नहीं किया, जबकि मायावती के मुताबिक वह पोस्ट खुद आकाश के राजनीतिक हित में था।

यहीं से बसपा सुप्रीमो ने आकाश की 'दोहरी मानसिकता' पर सवाल खड़ा कर दिया। उनका तर्क था कि अगर आकाश के लिए पार्टी और बहुजन आंदोलन से ज्यादा अहम पारिवारिक रिश्ते हैं तो फिर वह पार्टी के लिए प्रभावी ढंग से काम कैसे कर सकते हैं? मायावती ने अशोक सिद्धार्थ के राजनीति छोड़ने के फैसले को सही कदम बताया, लेकिन साथ ही यह भी कह दिया कि फैसला देर से लिया गया। उनका आरोप था कि अगर सिद्धार्थ को अपने दामाद के उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की सचमुच चिंता होती तो वह उसी वक्त राजनीति छोड़ने की घोषणा कर देते। देरी को मायावती ने सिद्धार्थ की महत्वाकांक्षा और नीयत पर सवाल उठाने का आधार बनाया।

दरअसल, आकाश आनंद पिछले कुछ वर्षों में बसपा की अगली पीढ़ी के चेहरे के तौर पर तेजी से उभरे थे। मायावती ने उन्हें राष्ट्रीय समन्वयक जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी थी। लेकिन आकाश की राजनीतिक भूमिका बार-बार बदलती रही। तीन सितंबर को उन्हें राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटाया गया और अब पार्टी से ही 'आजाद' कर दिया गया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों की आहट तेज हो चुकी है। बसपा के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है कि मायावती के बाद पार्टी का चेहरा कौन होगा और संगठन को नई पीढ़ी तक कैसे पहुंचाया जाएगा। आकाश आनंद को इसी संक्रमण का संभावित चेहरा माना जा रहा था। अब उनके बाहर होने से बसपा की उत्तराधिकार की पूरी रणनीति फिर सवालों के घेरे में है।

इस बीच मायावती के छोटे भाई के बेटे ईशान आनंद की हाल के महीनों में उनके साथ बढ़ती मौजूदगी भी सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है। इससे बसपा में अगली पीढ़ी की कमान को लेकर अटकलें और तेज हो सकती हैं।

देखा जाये तो उत्तर प्रदेश की राजनीति में मायावती का यह फैसला महज एक पारिवारिक विवाद नहीं माना जाएगा। 2027 में मुकाबला बहुकोणीय होने की स्थिति में बसपा का हर फैसला उसके वोट बैंक, संगठन और सोशल इंजीनियरिंग पर असर डालेगा। आकाश जैसे युवा चेहरे की विदाई से पार्टी को जहां नई पीढ़ी से जुड़ने में चुनौती मिल सकती है, वहीं मायावती के सामने अब यह साबित करने की चुनौती होगी कि बसपा किसी एक उत्तराधिकारी के भरोसे नहीं, बल्कि उनके अपने राजनीतिक नियंत्रण और संगठनात्मक ढांचे पर खड़ी है।

फिलहाल संदेश साफ है कि ससुर ने राजनीति छोड़ी, लेकिन दामाद की कुर्सी नहीं बची। और मायावती की बसपा में रिश्ते नहीं, राजनीतिक निष्ठा अंतिम कसौटी है। 2027 के रण में इस फैसले की असली कीमत और असर तब सामने आएगा, जब हाथी मैदान में उतरेगा।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# संजय सरावगी ने किया संगठन का मजबूत करने का आह्वान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कटिहार।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के कटिहार आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने उनका अभिनंदन एवं स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम संगठनात्मक आगमन को लेकर भाजपा कार्यकताओं में विशेष उत्साह एवं उमंग का माहौल देखने को मिला। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता समागम कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने, दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय ने प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय अभिनंदन एवं स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित बिहार सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद, प्राणपुर विधायक सह महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष निशा सिंह, कोढ़ा विधायक कविता पासवान, जिला प्रभारी प्रफुल्ल रंजन वर्मा,पूर्व विधान पार्षद राजवंशी सिंह, पूर्व विधायक विभाष चंद्र चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ .एस एन पोद्दार, जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह ,जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, गोविंद अधिकारी, सौरभ कुमार मालाकार शामिल हुए। कार्यकर्ता समागम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती वर्ष से जुड़े कार्यक्रमों तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की सेवा, समर्पण एवं राष्ट्रनिर्माण की भावना से जुड़े सेवा संकल्प अभियान के सभी 13 कार्यक्रमों को जनभागीदारी के साथ सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकताओं की मेहनत, समर्पण और सेवा भावना से निरंतर मजबूत हो रहा है। केंद्र एवं बिहार सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में कार्यकताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं में प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन से नया उत्साह देखने को मिला। उपस्थित कार्यकताओं ने संगठन को और मजबूत बनाने तथा जनसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस मौके पर कार्यकर्ता समागम सामरोह में जिला भाजपा के सभी पदाधिकारी, मंच मोर्चा प्रकोष्ठ प्रकल्प के पदाधिकारी संयोजक, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा संयोजक, मंडल प्रभारी एवं हजारों की संख्या में उपस्थित कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन और स्वागत करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

## अब्दुल जलील मस्तान के निधन से सीमांचल और कांग्रेस को अपूरणीय क्षति : इन्तेखाब आलम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया ।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं अमौर विधानसभा क्षेत्र से पाँच बार विधायक रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अब्दुल जलील मस्तान के निधन पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं एडवोकेट, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया, इन्तेखाब आलम ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मस्तान साहब के इंतकाल से न केवल कांग्रेस पार्टी, बल्कि सीमांचल की राजनीति और सामाजिक जीवन को भी अपूरणीय क्षति हुई है। इन्तेखाब आलम ने कहा कि अब्दुल जलील मस्तान सीमांचल के उन लोकप्रिय नेताओं में शुमार थे, जिन्होंने लंबे समय तक पूरी सादगी और सहजता के साथ आम लोगों के बीच रहकर राजनीति की। अमौर विधानसभा क्षेत्र से उनका रिश्ता केवल चुनावी राजनीति तक सीमित नहीं था, बल्कि लोगों के सुख-दुख में शामिल रहने और हर व्यक्ति के लिए आसानी से उपलब्ध रहने के कारण उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई थी। उन्होंने कहा कि मस्तान साहब से उनके व्यक्तिगत संबंध बड़े आत्मीय थे और वे उन्हें बड़े भाई की तरह मानते थे। कुछ दिन पूर्व पूर्णिया के सर्किट हाउस में उनसे मुलाकात हुई थी। वह मुलाकात अब एक याद बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि मस्तान साहब के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी खूबी उनकी सादगी थी—न कोई तामझाम, न अहंकार और न ही अपने पद का कोई दिखावा। इन्तेखाब आलम ने एक पुराना वाकया याद करते हुए कहा कि एक बार दिल्ली से किशनगंज जाते समय मस्तान साहब से मुलाकात होनी थी। उन्होंने कहा कि वे स्टेशन पहुँच जाएंगे और इंटर वाले गेट के पास मिलेंगे। जब वे वहाँ पहुँचे तो मस्तान साहब दिखाई नहीं दिए। काफी देर बाद नजर पड़ी तो वे स्टेशन पर नीचे अखबार बिछाकर बिल्कुल आम आदमी की तरह बैठे हुए थे। उन्होंने कहा कि यही उनकी सादगी और सहज जीवनशैली की वास्तविक तस्वीर थी। उन्होंने कहा कि पटना में भी मस्तान साहब को कई बार मोटरसाइकिल पर अपने परिचितों के साथ साधारण तरीके से घूमते देखा गया। रिजवी परिवार से भी उनके बेहद अच्छे और आत्मीय संबंध थे। वे ऐसे जननेता थे जिनके लिए जनता से दूरी और सुरक्षा के तामझाम से अधिक महत्वपूर्ण लोगों के बीच रहना था। इन्तेखाब आलम ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी अब्दुल जलील मस्तान को व्यक्तिगत रूप से जानते और उनके राजनीतिक योगदान को समझते थे। अमौर की एक सभा में राहुल गांधी ने मस्तान साहब से कहा था कि यदि वे इस बार एक लाख वोट के अंतर से जीतते हैं तो उन्हें मंत्री बनाने की दिशा में बात होगी। मस्तान साहब ने एक लाख से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की और बाद में बिहार सरकार में मंत्री भी बने।



## संक्षिप्त समाचार

### बाढ़ के पानी में डूबने से स्कूली छात्रा की मौत

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मनसाही थाना क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के वार्ड संख्या आठ अड़गारा टोला बड़ी मोहनपुर निवासी नरेश कुमार यादव की इकलौती पुत्री लक्ष्मी कुमारी (10) अपने घर से कुछ हीं दूरी पर पोखर के पास खेत में खेल रही थी और अचानक पैर फिसलने से डूब गई। ओर बच्चे जो खेल रहे थे उसने लक्ष्मी के डूबने की जानकारी परिजनों को दी। परिजन पोखरनुमा गड्ढा में जाकर काफी खोजबीन करने के बाद लक्ष्मी कुमारी की शव मिली। इसकी जानकारी अंचलाधिकारी मो. इस्माइल, मनसाही थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार प्रसाद को दी गई। इस बाबत मनसाही थाना के एसआई राजेश कुमार दल बल के साथ अड़गढ़ा टोला पहुंचकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं राजस्व कर्मचारी सह अंचल निरीक्षक महबूब आलम ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम कराया जाएगा और उनके परिजनों को सरकारी लाभ दिया जाएगा। मालूम हो मृतक लक्ष्मी कुमारी प्राथमिक विद्यालय अड़गढ़ा चांदपुर के वर्ग चार की छात्रा थी। जो पढ़ने में काफी तेज थी। वहीं इस घटना पर बच्चे के माता पिता का रोरो कर बुरा हाल था। इस अवसर पर उप प्रमुख संतोष कुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधि शशि कुमार मंडल,पूर्व सरपंच सवेरा कुमारी,दीपक कुमार मंडल, विकास साह आदि उपस्थित रहे।

### 117 लीटर विदेशी और 50 लीटर देसी शराब के साथ तीन गिरफ्तार, कार जब्त

**डंडखोरा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में विदेशी शराब और अवैध चुलाई शराब के साथ कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पहली कारवाई थाना क्षेत्र के केवटिया मोड़ के पास की गई, जहां शनिवार की शाम पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एक हुंडई आई 10 कार रजिस्ट्रेशन नंबर इफ३९एक्यू 6579 को रोका गया। वाहन की तलाशी के दौरान उससे कुल 117 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने मौके से कार सवार एक तस्कर को गिरफ्तार किया जिसकी पहचान विशाल कुमार (30) पिता सीता राम यादव, निवासी बारी चौक, थाना नगर, जिला कटिहार के रूप में हुई है।दूसरी कार्रवाई रविवार की सुबह सात बजे थाना क्षेत्र के भमरेली गांव में गुप्त सूचना के आधार पर की गई। इस छापेमारी में पुलिस ने 50 लीटर अवैध देसी चुलाई शराब के साथ दो महिलाओं को गिरफ्तार किया। पकड़ी गई महिलाओं की पहचान रूना देवी (50) पति दिनेश शर्मा और रूबी देवी (38) पति कारु शर्मा, दोनों निवासी ग्राम भमरेल, थाना डंडखोरा, जिला कटिहार के रूप में हुई है।

### घास काटने गया बालक महानंदा में डूबने से लापता

**सालमारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बलिया बेलौने क्षेत्र के ग्राम पंचायत शेखपुरा के रोशनगंज निवासी बैजनाथ यादव का 13 वर्षीय पुत्र विक्रम कुमार यादव शनिवार को महानंदा नदी के पश्चिमी भाग में नाव से नदी पार कर के पशुओं का चारा के लिए घास काटने गया था।घर लोटने के क्रम में नाव आने में देरी थी। इस दौरान बालक घास रख कर नहाने के क्रम में महानंदा के तेज धार में बह गया। वहां उपस्थित कुछ महिलाओं ने उसे बचाने का प्रयास किये। लेकिन बालक नदी के तेज धार में बह गया है। अब तक बालक का कुछ पता नहीं चला है।स्थानीय गोताखोर द्वारा बालक की तलाश के लिए महानंदा में गोता लगा रहा है। महानंदा नदी के गहरे पानी में चले जाने से अब तक कुछ पता नहीं है।

### बाघमारा पंचायत में दो पक्षों के बीच मारपीट

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मनिहारी प्रखंड के बाघमारा पंचायत में रविवार को पुराने रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट और गोली चलने का मामला सामने आया है। घटना में किसी के गोली लगने की पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान मौसम कुमार पिता धीरेन पासवान के रूप में हुई है। उसे सिर, हाथ, पैर व कमर में चोट लगने के बाद मनिहारी अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट होने के कारण बेहतर इलाज के लिए कटिहार रेफर कर दिया गया। घटना के समय मौजूद अंकुश कुमार पासवान तथा घायल के चाचा गिरेन पासवान ने बताया कि मौसम पासवान बाघमारा हाल्ट स्टेशन पर ट्रेन की इंतजार कर रहा था कि चार पांच की संख्या में बडी बाघमारा निवासी कुछ असामाजिक तत्व आ धमके, मौसम से उसका मोबाईल मांगा नहीं देने पर बेरहमी से मारपीटकर घायल करने का आरोप लगाया है।

### बाढ़ राहत व्यवस्था को लेकर डीएम को पत्र

**मनिहारी/अमदाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गंगा एवं अन्य नदियों में आई बाढ़ के बीच मनिहारी और अमदाबाद प्रखंड में राहत एवं बचाव व्यवस्था को लेकर विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। विधायक ने 12 सितंबर को जिला पदाधिकारी को पत्र भेजकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सामुदायिक रसोई, पेयजल, शौचालय, चिकित्सा दल तथा नावों की पर्याप्त व्यवस्था कराने की मांग की है।पत्र में कहा गया है कि मनिहारी प्रखंड की फतेहनगर पंचायत में वार्ड संख्या 12, 13, 14 और 15 बाढ़ से प्रभावित हैं। यहां अलग-अलग वार्डों में सामुदायिक रसोई संचालित की जा रही है। वार्ड 12 में दो, वार्ड 13 में दो, वार्ड 14 में दो तथा वार्ड 15 में दो सामुदायिक रसोई चलने की जानकारी दी गई है। करीब एक हजार परिवारों के प्रभावित होने का उल्लेख करते हुए विधायक ने कहा है कि प्रभावित क्षेत्रों में अभी तक शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं हो सकी है। चिकित्सा दल के भी नियमित पहुंचने की आवश्यकता बताई गई है तथा प्रत्येक वार्ड में एक-एक नाव उपलब्ध कराने की मांग की गई है।नीमा पंचायत क्षेत्र की राहत व्यवस्था का उल्लेख करते हुए पत्र में बताया गया है कि सामुदायिक रसोई केंद्रों के माध्यम से विभिन्न वार्डों के बाढ़ पीड़ितों को भोजन कराया जा रहा है। नीमा पंचायत में भी अलग-अलग स्थानों पर सामुदायिक रसोई संचालित होने की जानकारी दी गई है। मध्य विद्यालय, नीमा, उच्च विद्यालय, नीमा, राजकीय भवन दिलारपुर, मध्य विद्यालय बहादुरपुर तथा नीमा नवाटोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है।विधायक ने नीमा टोला के अलावा ताला टोला और लिल्ली मरांडी टोला के आदिवासी परिवारों के लिए भी अतिरिक्त सामुदायिक रसोई की आवश्यकता बताई है। बहादुरपुर के वार्ड संख्या आठ में भी सामुदायिक रसोई स्थापित करने की मांग की गई है। पत्र में नलकूप की आवश्यकता वाले क्षेत्रों में नलकूप उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया है। अमदाबाद प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में संचालित सामुदायिक रसोई की स्थिति का भी पत्र में उल्लेख है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय सहित कई विद्यालयों में बाढ़ पीड़ितों के लिए भोजन की व्यवस्था की जा रही है।

# मनिहारी में बाढ़ के बीच पहुंचे पप्पू यादव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मनिहारी (कटिहार)।** बाढ़ से प्रभावित मनिहारी एवं अमदाबाद क्षेत्र के दौरे पर निकले पूर्णिया सांसद पप्पू यादव मनिहारी पहुंचे। उन्होंने बाढ़ प्रभावित इलाकों का भ्रमण कर पीड़ित परिवारों की स्थिति जानी और प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवारों के बीच निजी स्तर पर नगद राशि देकर आर्थिक सहयोग भी किया। मनिहारी पहुंचने पर नगर मुख्य पार्षद लाखो यादव ने सांसद पप्पू यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद सांसद ने मनिहारी प्रखंड एवं नगर क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों के लिए की गई राहत व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर चल रहे कम्युनिटी किचन का जायजा लिया और वहां पीड़ितों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। सांसद ने बाढ़ और कटाव के कारण ऊंचे स्थानों पर शरण लिए विस्थापित परिवारों से भी मुलाकात की। उन्होंने परिवारों से उनकी परेशानियां सुनीं और राहत एवं बचाव के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि बाढ़ जैसी गंभीर त्रासदी के बीच पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद मिलनी चाहिए। पप्पू यादव ने क्षेत्र में चलाए जा रहे राहत कार्यों को नाकाफी बताते हुए सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बाढ़ जैसी त्रासदी के समय भी नेता और अधिकारी ह्यआपदा में अवसरह्ण तलाश रहे हैं। उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए बाढ़ पीड़ितों के प्रति कथित उदासीनता को गरीबों और प्रभावित परिवारों के साथ क्रूर मजाक बताया। सांसद ने कहा कि अवैज्ञानिक तरीके से बनाए गए डैम और नदी जल समझौते आने वाले दिनों में बिहार के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकते हैं। उन्होंने बाढ़ की समस्या को लेकर दीर्घकालिक और वैज्ञानिक तरीके से समाधान की जरूरत पर भी जोर दिया। दौरे के दौरान सांसद पप्पू यादव ने बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी परेशानियां सुनीं और अपने स्तर से नगद राशि देकर आर्थिक सहयोग किया। इसी दौरान उन्होंने कहा, मेरे पास उतना पैसा है, जितना सरकार के पास नहीं है।

## 5 किलो स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** मद्य निषेध टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 5 किलो स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक का बाजार मूल्य 5 करोड़ रुपये से अधिक बताया जा रहा है। आरोपी की पहचान पूर्णिया जिले के बायसी थाना क्षेत्र के महुआ वार्ड नंबर 13 निवासी मोहम्मद बशीर आलम के रूप में हुई है। मद्य उत्पाद अधीक्षक सुभाष कुमार सिंह ने बताया कि मद्य निषेध की टीम ने यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले से सटे कटिहार के बलरामपुर थाना क्षेत्र में किरौरा रेलवे फाटक के पास की यह कार्यवाई की है। टीम ने बाइक सवार आरोपी को पकड़ा और उसके पास से अनुमानतः 5 किलो स्मैक बरामद किया। बरामद स्मैक का वजन फिलहाल किया जा रहा था। बेहतर अनुसंधान के लिए आरोपी और जब्त सामान को स्थानीय बलरामपुर थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं मद्य निषेध विभाग की एक अन्य टीम ने कटिहार रेलवे जंक्शन पर कार्रवाई करते हुए 104 लीटर विदेशी शराब जब्त की है। दोनों कार्रवाई में मद्य निषेध टीम ने नशीले पदार्थ और शराब की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,460 लंबित चालानों का निबटारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कटिहार।** जिले में लंबित परिवहन एवं यातायात संबंधी ई-चालानों के त्वरित निपटारे के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत जिला परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से कुल 1,460 लंबित चालानों का निष्पादन किया गया। इन चालानों से संबंधित कुल 23,38,700 रुपये की राशि का निपटारा हुआ।लोक अदालत में परिवहन विभाग से संबंधित 118 चालानों का निष्पादन किया गया, जिनकी राशि 7,77,100 रुपये थी। तो यातायात पुलिस से संबंधित 15,61,600 रुपये के 1,342 चालानों का निपटारा किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य लंबित मामलों का त्वरित, सरल एवं आपसी सहमति के आधार पर समाधान उपलब्ध कराना होता है। इसी क्रम में परिवहन एवं यातायात नियमों के उल्लंघन से जुड़े लंबित ई-चालानों के निपटारे के लिए वाहन चालकों को लोक अदालत के माध्यम से विशेष अवसर प्रदान किया गया। इस पहल में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मियों ने आपसी समन्वय के साथ लंबित चालानों के निपटारे की प्रक्रिया को सुगम बनाने में सहभागिता दी। इससे जहां लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी आई। वहीं वाहन चालकों को भी अपने पुराने चालानों के निपटारे का आसान माध्यम मिला। जिला परिवहन विभाग की ओर से वाहन चालकों एवं आम नागरिकों से अपील की गई कि वे यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। ।दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करें और सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाये ।

## एनएफ रेलवे महिला कल्याण संगठन ने आयोजित की 'ऑन द स्पॉट' निबंध प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कटिहार।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे महिला कल्याण संगठन कटिहार मंडल के तत्वावधान में रविवार को अखिल भारतीय 'ऑन द स्पॉट' निबंध प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह पूरी प्रतियोगिता संगठन की अध्यक्षा निवेदिता नरह के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संपन्न हुई। यह प्रतियोगिता रेलवे महिला समिति द्वारा संचालित सिल्वर बेल्स प्राइमरी स्कूल केंद्र पर अध्यक्ष निवेदिता नरह द्वारा सुबह 10:30 बजे प्रश्नपत्र का लिफाफा खोलकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया । इस दौरान रेल महिला समिति द्वारा परीक्षा में शामिल हुए सभी बच्चों को अल्पाहार एवं उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।यह प्रतियोगिता कटिहार मंडल के कुल 8 विभिन्न केंद्रों क टि हा र , पू र्णि या , बारसोई,किशनगंज,सिलीगुड़ी जंक्शन,न्यू जलपाईगुड़ी, रायगंज और मालदा टाउन पर एक साथ आयोजित की गई, जिसमें तीनों वर्गों को मिलाकर कुल 251 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। एनजेपी और मालदा टाउन में संगठन की स्थानीय पदाधिकारियों ने उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं की कमान संभाली। रेल महिला समिति द्वारा लगातार जनहित,समाज सेवा और बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए आए दिन नए-नए रचनात्मक व सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। वही दोपहर 12:30 बजे प्रतियोगिता का शांतिपूर्ण समापन हुआ।

## बाबा गोरखनाथ धाम न्यास समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सालमारी (कटिहार)।** श्रावणी मेला के समापन के बाद बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर की व्यवस्थाओं और आगामी विकास कार्यों को लेकर न्यास समिति ने मंथन शुरू कर दिया है। मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में वर्ष 2026 के श्रावणी मेला के आय-व्यय की समीक्षा के साथ मंदिर के विकास और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता न्यास समिति के अध्यक्ष सह एसडीओ राजू कुमार ने की। बैठक में मेला के दौरान मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ और उन्हें उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की समीक्षा की गई। समिति के सदस्यों ने कहा कि बाबा गोरखनाथ धाम में लगातार श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में आने वाले समय में मंदिर परिसर की व्यवस्था को और व्यवस्थित करने की जरूरत है। बैठक में मेला के दौरान हुई आय तथा विभिन्न मदों में किए गए खर्च का लेखा-जोखा तैयार करने पर भी विचार किया गया। न्यास समिति ने मंदिर परिसर में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने, श्रद्धालुओं के आवागमन को सुविधाजनक बनाने तथा भविष्य में होने वाले निर्माण एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने को लेकर सुझाव रखे।

## लापता बालक का शव संदिग्ध अवस्था में पुलिस ने किया बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार ।** शहर के एमजी रोड स्थित गोलछा कटरा के समीप एक खंडहरनुमा घर में तीन दिनों से लापता एक बालक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। मृतक की पहचान बिनोदपुर धोबी टोला निवासी गोपाल महलदार (12)के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जुट गई। बालक का शव मिलने की खबर पाकर जब परिजन घटनास्थल पर पहुंचे, तो वहां कोहराम मच गया। मौसी और परिवार की अन्य महिलाओं के रोने-बिलखने से माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। सदमे में कई महिलाएं बेहोश भी हो गईं, जिन्हें आसपास के लोगों ने बमुश्किल संभाला। सूचना मिलते ही नगर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सिंह पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और परिजनों का फर्दबयान दर्ज कर मामले की गहराई से छानबीन शुरू कर दी है। घटनास्थल पर एक दरवाजे में नया ताला लगा हुआ था और बालक का एक पैर उसी दरवाजे में फंसा हुआ था। जबकि उसका पूरा शरीर नीचे की ओर लटका हुआ था। शव की स्थिति को देखकर आशंका जताई जा रही है कि मौत दो-तीन दिन पहले हुई होगी। हालांकि बालक इस वीरान खंडहर तक कैसे पहुंचा और मौत की असली वजह क्या है, इसका खुलासा अभी नहीं हो सका है। परिजनों और स्थानीय लोगों ने हत्या कर शव को यहां लटकाए जाने की गंभीर आशंका जताई है।


## बाढ़ पीड़ितों के बीच दिव्यांगों ने किया राहत सामग्री का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कटिहार।** कोशी क्षेत्रीय विकलांग विधवा वृद्ध कल्याण समिति एवं दिव्यांग महापरिवार कटिहार के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को मनसाही प्रखंड के चितौरिया गांव में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों के लिए राहत शिविर लगाया गया। शिविर के माध्यम से बाढ़ से प्रभावित जरूरतमंद परिवारों के बीच राशन एवं आवश्यक राहत सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान संस्था के कार्यकताओं ने बाढ़ पीड़ित परिवारों से मिलकर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। संस्था के बिहार सलाहकार बोर्ड के सदस्य शिव शंकर रमानी के नेतृत्व में राहत कार्य चलाया गया। श्री रमानी ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में जरूरतमंद लोगों की सहायता करना मानवता की सच्ची सेवा है और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य आगे भी जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा किह्लबाढ़ में पीड़ितों की मदद करें, मानवता का फर्ज निभाएंह्व के संदेश के साथ संस्था ने समाज के सक्षम लोगों से भी आगे आकर बाढ़ पीड़ितों की मदद करने की अपील की।इस राहत अभियान की सबसे महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक बात यह रही कि दिव्यांगजनों ने स्वयं अपने पैसे से राहत सामग्री खरीदकर बाढ़ पीड़ित परिवारों की सहायता की। आर्थिक रूप से सीमित संसाधनों के बावजूद दिव्यांग भाई-बहनों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए आपदा की इस घड़ी में जरूरतमंद लोगों के साथ खड़े होने का संकल्प दिखाया। इस अवसर पर जूली शर्मा, आशा आंटी, लक्ष्मी देवी, मुन्ना कुमार शाह, अजय कुमार यादव, विजय मुर्मू, विकास कुमार, पूर्व सरपंच जितेंद्र पासवान, संस्था के मीडिया प्रभारी विजय कुमार शामिल थे।





संक्षिप्त समाचार

## 100 रुपये से अधिक का जीएमपी, 16 सितंबर को खुल रहा आईपीओ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इस हफ्ते कई कंपनियों के आईपीओ खुल रहे हैं। इसी में एक कंपनी




एसएस रिटेल भी है। कंपनी का आईपीओ 16 सितंबर से 18 सितंबर तक खुला रहेगा। दांव लगाने की सोच रहे निवेशकों को ग्रे मार्केट से अच्छी खबर आई है। जीएमपी इस समय 100 रुपये से अधिक के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है। यह एक मेनबोर्ड सेगमेंट का आईपीओ है। आईपीओ के जरिए कंपनी 500 करोड़ रुपये जुटाने का प्रयास करेगी। आईपीओ में ओएफएस और फ्रेश शेयर दोनों शामिल है। फ्रेश इश्यू के जरिए यह कंपनी 360 करोड़ रुपये के शेयर जारी करेगी। वहीं, ऑफर फार सेल के जरिए कंपनी 140 करोड़ रुपये के शेयर बेच रही है। एसएस रिटेल आईपीओ का प्राइस बैंड 403 रुपये से 424 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। कंपनी ने 35 शेयरों का एक लॉट बनाया है। जिसकी वजह से निवेशकों को कम से कम 14840 रुपये का इनवेस्टमेंट करना ही होगा। बता दें, आनंद राठी एडवाइजर्स लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर नियुक्त किया गया है। वहीं, केफिन टेक्नोलॉजी लिमिटेड को रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। कंपनी की लिस्टिंग बीएसई और एनएसई दोनों जगह होगी। इनवेस्टर्स गेन की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में कंपनी का आईपीओ आज 106 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है। जोकि 25 प्रतिशत के लिस्टिंग गेन को दर्शाता है। आईपीओ ग्रे मार्केट में इस समय सबसे मजबूत स्थिति में है। बता दें, आईपीओ का सबसे कम जीएमपी 30 रुपये प्रति शेयर रहा है।

## एचडीएफसी बैंक ने जिमी टाटा को दी बड़ी जिम्मेदारी, एमडी और सीईओ पर आरबीआई को भेजा नाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पद के संभावित उत्तराधिकारियों के रूप में दो उम्मीदवारों के नाम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को भेजे। प्राइवेट सेक्टर के सबसे बड़े बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि आरबीआई को दोनों नाम वरीयता के क्रम में भेजे गए हैं और उनके प्रस्तावित पारिश्रमिक का भी उल्लेख किया गया है। एमडी और सीईओ का कार्यकाल तीन साल का होगा। इसके साथ ही, बैंक ने निदेशक मंडल में भी बदलाव करते हुए पूर्णकालिक निदेशकों की संख्या तीन से बढ़ाकर चार कर दी और चीफ लेंडिग ऑफिसर जिमी टाटा को पूर्णकालिक निदेशक नियुक्त किया। उनके पास 35 साल का अनुभव है। वो 2013 में बैंक से जुड़े थे। एचडीएफसी बैंक के मौजूदा एमडी एवं सीईओ शशिधर जगदीशन ने 29 अगस्त को पद पर दोबारा नियुक्ति की दौड़ से अलग रहने का फैसला किया था। उनका मौजूदा कार्यकाल 26 अक्टूबर को समाप्त हो रहा है। बैंक के निदेशक मंडल ने शनिवार को अपनी शासन, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की सिफारिशों के आधार पर दोनों नामों को मंजूरी दी। आरबीआई आम तौर पर किसी बैंक के एमडी और सीईओ की नियुक्ति के लिए भेजे गए नामों का मूल्यांकन 'उपयुक्त एवं उचित' मानदंडों के आधार पर करने के बाद मंजूरी देता है। एचडीएफसी बैंक को प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंक के रूप में वर्गीकृत किया गया है। एचडीएफसी बैंक ने अपने निदेशक मंडल में पूर्णकालिक निदेशकों की संख्या तीन से बढ़ाकर चार करने का भी फैसला किया है। बैंक के मुख्य ऋण अधिकारी जिमी टाटा को तीन साल के लिए पूर्णकालिक निदेशक और कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। टाटा वर्ष 1994 में बैंक से जुड़े थे।

# ब्रिक्स डिनर में में परोसी गई हिमालय की गुच्छी, कीमत 40000 किलो तक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की राजधानी दिल्ली में दो दिवसीय ब्रिक्स सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। आज इसका दूसरा और आखिरी दिन है। कल शनिवार को हुए डिनर में हिमालय की एक बेहद दुर्लभ चीज ने सबका ध्यान खींचा। डिनर में गुच्छी मार्मिक नाम की पारंपरिक डिश परोसी गई, जिसमें गुच्छी मशरूम का इस्तेमाल किया गया है। इसकी कीमत हजारों रुपये प्रति किलो होती है।

दरअसल, यह मशरूम भारत के सबसे महंगे और दुर्लभ जंगली खाद्य पदार्थों में शामिल है। इसकी अच्छी क्वालिटी वाली सूखी गुच्छी की कीमत कई बाजारों में 15000 से 40000 रुपये प्रति किलो तक है। हालांकि, कीमत क्वालिटी, उपलब्धता और बाजार की स्थिति के हिसाब से काफी बदल सकती है। गुच्छी मशरूम की खेती करके आप बिजनेस शुरू कर सकते हैं। हो सकता है कि कुछ समय में यह मशरूम ट्रेंड में आ जाए। ऐसे में इसकी खेती से आपको अच्छी कमाई हो सकती है।

गुच्छी को दुनिया भर में मोरल मशरूम के नाम से जाना जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम है। यह मुख्य रूप से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में पाई जाती है। गुच्छी आम बटन या ऑयस्टर मशरूम की तरह बड़े पैमाने पर उगाई नहीं जाती। यह मुख्य रूप से जंगलों में प्राकृतिक रूप से पैदा होती है। हिमालय के ऊंचाई वाले इलाकों में शंकुधारी जंगल, मिट्टी




की स्थिति, नमी, तापमान में बदलाव और बर्फ पिघलने जैसी कई प्राकृतिक परिस्थितियां इसके उगने के लिए जिम्मेदार होती हैं। गुच्छी मशरूम को उसके खास छत्ते जैसी जालीदार टोपी से आसानी से पहचाना जा सकता है। इसका रंग हल्के पीले से लेकर गहरे भूरे रंग तक हो सकता है। इसका तना आमतौर पर हल्के रंग का और अंदर से खोखला होता है। हिमालयी क्षेत्रों में यह लोकमान्यता काफी प्रचलित है कि वसंत के मौसम में जब पहाड़ों पर कड़क के साथ बिजली गिरती है, तब जमीन से गुच्छी मशरूम बाहर निकलती है। हालांकि वैज्ञानिक रूप से इसका कोई सीधा प्रमाण नहीं मिला है, लेकिन मौसम के बदलाव और बारिश के बाद इसके अचानक उगने के कारण यह धारणा बनी हुई है।

### कुछ ही हफ्तों का होता है सीजन

गुच्छी की सबसे बड़ी खासियत इसकी दुर्लभता है। इसके उगने का कोई निश्चित तरीका नहीं है और इसकी फसल का मौसम भी बहुत छोटा होता है। आमतौर पर पहाड़ी इलाकों में लोग वसंत के मौसम में कुछ ही हफ्तों के दौरान इसे जंगलों से इकट्ठा करते हैं। इसे ढूंढना भी आसान नहीं होता। स्थानीय लोग ऊंचे और कठिन पहाड़ी इलाकों में जाकर हाथ से गुच्छी इकट्ठा करते हैं। गुच्छी मशरूम को बड़े पैमाने पर व्यावसायिक रूप से उगाना संभव नहीं है। यह जंगल की मिट्टी, नमी, बर्फ पिघलने के पानी और खास तापमान के सही संतुलन से ही प्राकृतिक रूप से उगती है। स्थानीय पहाड़ी ग्रामीण वसंत ऋतु के दौरान बेहद खतरनाक और ढलान वाले पहाड़ों पर मील पैदल चलकर इसे एक-एक करके ढूंढते हैं। इसका सीजन भी बहुत छोटा (कुछ ही हफ्तों का) होता है। ताजी गुच्छी में नमी अधिक होती है। इसे लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए सुखाया जाता है, जिससे इसका वजन काफी कम हो जाता है। इसलिए सूखी गुच्छी की प्रति किलो कीमत आसमान छूने लगती है। इसमें मिट्टी जैसी खुशबू, गहरा उमामी स्वाद और हल्की मस्की सुगंध होती है, जो किसी भी व्यंजन को शाही स्वाद दे देता है।

## दिल्ली से अमेरिका को कड़ा संदेश, ब्रिक्स देश बोले- टैरिफ पर मनमानी नहीं चलेगी, डब्ल्यूटीओ नियम मानने होंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय ब्रिक्स सम्मेलन के पहले दिन ब्रिक्स देशों ने अमेरिका का नाम लिए बिना उसे कड़ा संदेश दिया। ब्रिक्स देशों ने कहा कि टैरिफ को लेकर किसी भी देश की मनमानी नहीं चलेगी। सम्मेलन में ब्रिक्स देशों ने दुनिया



में बढ़ते टैरिफ वॉर और व्यापारिक तनाव के बीच ब्रिक्स देशों ने एकतरफा टैरिफ और गैर-टैरिफ व्यापार बाधाओं को लेकर गंभीर चिंता जताई है। ब्रिक्स सम्मलन में सदस्य देशों ने सर्वसम्मति से मंजूरी दी। घोषणा में कहा गया कि ऐसे एकतरफा कदम वैश्विक व्यापार को प्रभावित करते हैं और विश्व व्यापार संगठन के नियमों के अनुरूप नहीं हैं। भारत की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा को मंजूरी देने का प्रस्ताव रखा। किसी भी सदस्य देश की ओर से आपत्ति नहीं आने के बाद इसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। ब्रिक्स की घोषणा में एकतरफा टैरिफ और गैर-टैरिफ उपायों में बढ़ोतरी पर गंभीर चिंता जताई गई। समूह का कहना है कि इस तरह के व्यापारिक कदम देशों के बीच समान अवसर को प्रभावित करते हैं और वैश्विक व्यापार व्यवस्था में अनिश्चितता बढ़ाते हैं।

## पहाड़ के नीचे दौड़ेगी ट्रेन, 11 किमी लंबी सुरंग हुई आर-पार, टी-49 के बाद दूसरी बड़ी कामयाबी

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड के पहाड़ों में रेल पहुंचाने की महत्वाकांक्षी योजना ने शुक्रवार को एक और बड़ा पड़ाव पार कर



लिया। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के तहत टिहरी जिले के ढालवाला में बन रही पहली एस्केप टनल का ब्रेकथ्रू पूरा हो गया। यानी सुरंग के दोनों छोर आखिरकार आपस में जुड़ गए। इस ब्रेकथ्रू के साथ ही 10.847 किलोमीटर लंबी एस्केप टनल-1 पूरी तरह आर-पार हो गई है। यह देश की दूसरी सबसे लंबी रेलवे सुरंग है। यह उपलब्धि इसलिए भी अहम है क्योंकि 125 किलोमीटर लंबी ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना उत्तराखंड के बेहद कठिन और पहाड़ी इलाके से होकर गुजर रही है। यहां रेल लाइन बिछाने से ज्यादा चुनौती सुरंगों का निर्माण है। ऊंचे पहाड़, कठिन भूगर्भीय परिस्थितियां और सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए सुरंग निर्माण का काम लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है।

### 125 किलोमीटर की रेल लाइन

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना की सबसे बड़ी खासियत और चुनौती इसकी सुरंगें हैं। पूरी परियोजना में कुल 28 सुरंगों का निर्माण किया जाना है। अधिकारियों के मुताबिक इनमें से 22 सुरंगों का काम पूरा हो चुका है। यानी परियोजना की कुल 28 सुरंगों में से करीब 78 फीसदी सुरंगें पूरी हो चुकी हैं। ढालवाला की एस्केप टनल का ब्रेकथ्रू इसी सिलसिले में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

### आरवीएनएल की महत्वपूर्ण भूमिका

रेल विकास निगम लिमिटेड इस परियोजना के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। परियोजना का उद्देश्य केवल ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक रेल कनेक्टिविटी देना नहीं है, बल्कि उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में परिवहन व्यवस्था को नई दिशा देना भी है। अधिकारियों के मुताबिक, सुरंग के रास्ते में बेहद कमजोर चट्टानी क्षेत्र और मायलोनाइट जोन भी मिले।

### पर्यटन को भी मिलेगा बढ़ावा


125 किलोमीटर लंबी यह रेल लाइन पहाड़ी क्षेत्रों के लिए सिर्फ एक नया परिवहन साधन नहीं होगी। इससे सड़क मार्ग पर निर्भरता कम करने, यात्रा को अधिक सुविधाजनक बनाने और पर्वतीय क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत करने में मदद मिल सकती है। कर्णप्रयाग तक रेल कनेक्टिविटी मजबूत होने का असर स्थानीय लोगों के साथ-साथ तीर्थयात्रियों और पर्यटकों पर भी पड़ने की उम्मीद है।

## मिथुन और गोविंदा का वो दौर जब जूता मतलब बाटा था, विदेशी ब्रांड जो बन गया भारत का देसी आइकन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ज्यादातर भारतीयों के मन में रचा-बसा बाटा असल में एक विदेशी ब्रांड है। इसकी शुरुआत 1894 में चेकोस्लोवाकिया में टोमास बाटा ने की थी। भारत में औपनिवेशिक काल के दौरान 1930 के दशक में इसने कदम रखा था। ऐसा करते हुए बाटा ने देश के संगठित फुटवियर बाजार की नींव रखी। साथ ही कोलकाता के पास 'बाटानगर' जैसी पूरी औद्योगिक बस्ती बसाकर भारतीय संस्कृति और मध्यम वर्ग के दिलों में खुद को 'देसी' पहचान के रूप में स्थापित कर लिया। 80-90 के दशक में तो जूता मतलब बाटा बन गया था। आइए, यहां इस ब्रांड के सफर के बारे में जानते हैं।

### जब भारत में हुई एंट्री

1894 में चेकोस्लोवाकिया से शुरू हुए बाटा ने जब 1920-30 के दशक में भारत में प्रवेश किया तब देश में फुटवियर का संगठित ढांचा नहीं था। जापानी आयात का दबदबा था। टोमास बाटा ने आम भारतीयों को किफायती और गुणवत्तापूर्ण जूते देने के मकसद से कोलकाता के पास अपनी पहली प्रोडक्शन यूनिट लगाई। बाटा ने स्थानीय जलवायु और भारतीय पैरों की बनावट के अनुकूल प्रोडक्ट बनाकर देश में औद्योगिक स्तर के जूतों का स्टैंडर्डाइजेशन किया। समय के साथ स्कूल और ऑफिस शूज से आगे बढ़कर कंपनी ने स्नीकर्स, एथलीजर और 'हश पपीज' और 'पावर' जैसे प्रीमियम सब-ब्रांड्स पेश कर अपने पोर्टफोलियो को विविधता दी।




### ब्रांड की सबसे बड़ी ताकत

बाटा की सबसे बड़ी ताकत उसकी बेजोड़ डिस्ट्रीब्यूशन स्ट्रैटेजी और सटीक प्राइसिंग रही है। कंपनी ने हर वर्ग के लिए एंट्री लेवल से लेकर प्रीमियम कैटेगरी तक की कीमतें रखीं। इससे उपभोक्ता बचपन से बड़े होने तक तक ब्रांड से जुड़ा रहता है। 1,500 से अधिक एक्सक्लूसिव स्टोर्स, मजबूत रिटेल नेटवर्क और हालिया ई-कॉमर्स इंटीग्रेशन के कारण यह भारत का सबसे बड़ा फुटवियर नेटवर्क बना हुआ है।

### पुराने ढर्रे के ठप्पे को हटाया

प्रतिस्पर्धा के मोर्चे पर बाटा ने घरेलू ब्रांड्स (जैसे रिलैक्सो, खादिम्स) और नाइके, एडिडास जैसे वैश्विक स्पोर्ट्स ब्रांड्स की चुनौतियों का डटकर मुकाबला किया है। ब्रांड पर लगे 'पुराने ढर्रे' के ठप्पे को हटाने के लिए कंपनी ने दिशा पटानी और कृति सैनन जैसे युवा एंबेसडरों के साथ फैशन-फोकस्ड कैंपेन की शुरुआत की। इसके अलावा, ऑनलाइन डिस्काउंटिंग और महामारी जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए बाटा ने अपने रिटेल फॉर्मेट और डिजिटल डिलीवरी चैनलों को तेजी से आधुनिक बनाया है।

### जूता मतलब बाटा बन गया था

भारत में बाटा का जुड़ाव सांस्कृतिक और भावनात्मक है। 80-90 के दशक में बड़े हुए भारतीयों के लिए 'टेनिस/स्कूल शू' का मतलब ही बाटा था। यह वही दौर था जब सनिमा जगत में मथिुन चक्रवर्ती और गोविंदा छाए हुए थे। भारी बदलावों की जगह लगातार और धीरे-धीरे सुधार की रणनीति अपनाकर बाटा ने 90 से अधिक सालों से भारत में अपनी प्रासंगिकता बरकरार रखी है। यह सफर साबित करता है कि उपभोक्ता की जरूरतों की गहरी समझ, भरोसेमंद उत्पाद और व्यापक पहुंच के दम पर कोई भी ब्रांड किसी देश के जनजीवन का अभिन्न अंग बन सकता है।

## ऐसा कोई कानून नहीं जो रोक सके, इनकम टैक्स विवाद में आईटीएटी का बड़ा फैसला, पत्नी के क्रेडिट कार्ड से किया था खर्च

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पत्नी के क्रेडिट कार्ड से किए गए 6.42 लाख रुपये के बिजनेस ट्रैवल खर्च को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ( आयकर विभाग ) ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि भुगतान कारोबारी की पत्नी के कार्ड से हुआ था। मामला इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल मुंबई पहुंचा, जहां कारोबारी को बड़ी राहत मिली। कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जो किसी व्यक्ति को अपने जीवनसाथी के क्रेडिट कार्ड से बिजनेस खर्च करने से रोकता हो। यह मामला मुंबई निवासी शाह से जुड़ा है। उन्होंने कारोबार के सिलसिले में पेरिस, रूस और अन्य जगहों की यात्रा की थी। इन यात्राओं पर कुल करीब 20.32 लाख रुपये खर्च हुए। इसमें से 6.42 लाख रुपये का भुगतान उन्होंने अपनी पत्नी के क्रेडिट कार्ड से किया। भारत लौटने के बाद शाह ने यह रकम अपनी पत्नी को वापस कर दी। यहीं से आयकर विभाग के साथ विवाद शुरू हो गया।

आयकर विभाग के टैक्स अधिकारी ने तर्क दिया कि शाह की पत्नी का उनके बिजनेस ट्रैवल



से कोई संबंध नहीं था और खर्च उनके बजाय पत्नी के क्रेडिट कार्ड से किया गया था। इसलिए 6.42 लाख रुपये के खर्च को बिजनेस खर्च के तौर पर स्वीकार नहीं किया गया।

मामला आईटीएटी मुंबई पहुंचने पर ट्रिब्यूनल ने कारोबारी के पक्ष में फैसला दिया। ट्रिब्यूनल ने स्पष्ट किया कि ऐसा कोई कानूनी प्रावधान नहीं है, जो किसी व्यक्ति को अपने जीवनसाथी के क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करके बिजनेस खर्च करने से रोकता हो। यह भी माना कि अगर उस खर्च की रकम बाद में कार्डधारक यानी पत्नी को वापस कर दी गई है। आईटीएटी के मुताबिक खर्च वास्तव में बिजनेस के लिए हुआ है, तो सिर्फ इस वजह से इसे बिजनेस खर्च मानने से इनकार नहीं किया जा सकता कि भुगतान पत्नी के क्रेडिट कार्ड से किया गया था। इस मामले में एक और अहम सवाल उठा था। अगर पत्नी ने कारोबारी के लिए भुगतान किया है और बाद में उसे रकम लौटाई गई, तो इसे सर्विस के बदले भुगतान माना जा सकता है और उस पर टीडीएस लागू होना चाहिए। इस दलील को भी खारिज कर दिया। ट्रिब्यूनल ने कहा कि पत्नी को किसी सेवा के बदले भुगतान नहीं किया गया था। उनके क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करके जो खर्च किया गया था, उसकी सिर्फ प्रतिपूर्ति की गई थी। इसलिए पत्नी को लौटाई गई रकम पर टीडीएस काटने की जरूरत नहीं थी।

# डीजल का महासंकट! हूती विद्रोहियों ने दबाई दुनिया की दुखती रग, भारत पर भी पड़ेगा बड़ा असर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** किसने सोचा होगा कि यमन का एक गरीब और सशस्त्र मिलिशिया समूह वैश्विक अर्थव्यवस्था की दुखती रग दबा देगा हूती विद्रोहियों ने मोका बंदरगाह और लाल सागर के दक्षिणी प्रवेश द्वार बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य को नियंत्रित करने वाले द्वीपों पर कब्जा कर लिया है। इसका असर वॉशिंगटन से नई दिल्ली और रियाद से इस्लामाबाद तक दिखाई दे सकता है।

बाब-अल-मंदेब का नाम, जिसका अर्थ 'आंसुओं का द्वार' है, मौजूदा हालात में बिल्कुल सही साबित हो रहा है। साल 2023 में हूती हमले शुरू होने से पहले इस रास्ते से रोजाना करीब 9.3 मिलियन बैरल तेल और पेट्रोलियम उत्पाद गुजरते थे। हूती हमलों के कारण 2025 तक यह मात्रा घटकर करीब 4.6 मिलियन बैरल प्रतिदिन रह गई।

अप्रैल 2026 के बाद जब ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया, तो सऊदी अरब ने अपने ज्यादातर कच्चे तेल को ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन के जरिए लाल




सागर तक पहुंचाना शुरू किया। हूती हमलों में आई शांति के दौरान अप्रैल-जून तिमाही में लाल सागर के रास्ते सऊदी अरब का तेल निर्यात बढ़कर 8.1 मिलियन बैरल प्रतिदिन हो गया था। इससे वैश्विक तेल कीमतों पर भी नियंत्रण रहा।

लेकिन अब हूती विद्रोही सऊदी शहरों, रिफाइनरियों और तेल पाइपलाइन को निशाना बना रहे हैं। इसके चलते सऊदी अरब ने तेल उत्पादन कम कर दिया है और हालात सुधरने का इंतजार कर रहा है। फिलहाल यह साफ नहीं है कि स्थिति कब सामान्य होगी।

इसका असर कच्चे तेल की कीमतों पर भी दिखने लगा है। ब्रेंट क्रूड करीब 90 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 105 डॉलर तक पहुंच चुका है। अगर सऊदी तेल की सप्लाई लंबे समय तक बाधित रहती है तो कीमतों में और तेज उछाल आ सकता है।

सऊदी अरब कुछ तेल छोटे जहाजों के जरिए स्वेज नहर से निर्यात कर सकता है, लेकिन कुल निर्यात में भारी कमी आ सकती है। हूती विद्रोहियों का कहना है कि उनका निशाना केवल सऊदी शिपिंग है और दूसरे देशों के जहाज सुरक्षित हैं। हालांकि, यह भरोसा ज्यादा मजबूत नहीं है, क्योंकि किसी भी समय इस प्रतिबंध का दायरा बढ़ाया जा सकता है। ऐसे में लाल सागर से गुजरने वाले जहाजों का बीमा प्रीमियम काफी बढ़ सकता है। पहले समुद्री रास्तों को रोकने के लिए बड़े नौसैनिक बेड़े की जरूरत पड़ती थी, लेकिन अब ड्रोन और मिसाइलों के साथ ऊंचे बीमा खर्च भी शिपिंग को प्रभावित कर सकते हैं। इसका सबसे बड़ा असर आर्थिक कम और राजनीतिक ज्यादा हो सकता है। सऊदी अरब हमेशा से अमेरिका को अपना सबसे बड़ा सुरक्षा कवच मानता आया है। पिछले साल नवंबर में ट्रंप और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने एक बड़े सुरक्षा समझौते पर दस्तखत किए थे, जिसकी तुलना नाटो से की गई थी। जब हूती ड्रोन और मिसाइलों ने सऊदी ठिकानों पर हमला बोला, तो क्राउन प्रिंस ने ट्रंप से अमेरिकी सेना भेजने की दो बार व्यक्तिगत अपील की।

## यह धैर्य की मैराथन दौड़, दो भाइयों ने बनाया ऐसा मॉडल कि खड़ी कर दी 7.2 करोड़ की कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह कहानी है दो चचेरे भाइयों की। इनके नाम हैं अनुराग भाटिया और आयुष भाटिया। दोनों गुरुग्राम के रहने वाले हैं। बिना किसी बाहरी फंडिंग के सिर्फ डिलीवरी मॉडल के जरिए इन भाइयों ने सफल ब्रांड खड़ा कर दिया है। इसका नाम 'मुगल अफेयर' है। यह ब्रांड 'हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड' के तहत चलता है। बिना किसी बाहरी फंडिंग के इसने 7.2 करोड़ रुपये की सालाना कमाई तक का सफर तय किया है। इस क्लाउड किचन ब्रांड की कहानी स्वाद, सटीक बिजनेस रणनीति और अटूट निरंतरता की मिसाल है। आइए, यहां अनुराग और आयुष की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। साल 2018 के अंत में अनुराग और आयुष ने देखा कि दिल्ली-एनसीआर के लोग उत्तर भारतीय और मुगलई खाने के बेहद शौकीन हैं। लेकिन, डिलीवरी के जरिए रेस्तरां जैसा स्वाद और गुणवत्ता पाना काफी मुश्किल था। पारंपरिक फाइन-डायनिंग का खाना पैक होने के बाद अपना असली स्वाद खो देता था। वहीं, सस्ते डिलीवरी ऑप्शंस क्वालिटी से समझौता करते थे। इस अंतर को पाटने के लिए अप्रैल 2019 में डीएलएफ साइबर सिटी, गुरुग्राम से दोनों ने पहला किचन शुरू किया। ऐसा करने से पहले दोनों ने 5 महीनों तक गहन रिसर्च की। 2 घंटे तक पैक खाने को रखकर उसके स्वाद और तापमान का परीक्षण किया। ब्रांड की नींव दोनों संस्थापकों के अलग-अलग अनुभवों का नतीजा थी। अनुराग के पास मार्केटिंग, मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स का अनुभव था। वहीं, आयुष के पास दिल्ली के कैफे



कल्चर और स्पेस का एक दशक लंबा एक्सपीरियंस था। जहां अन्य रेस्तरां सैकड़ों आइटम्स से मेनू भर देते हैं। वहीं, 'मुगल अफेयर' ने 'लीन मेनू' स्ट्रैटेजी अपनाई। कंपनी की 70 प्रतिशत से अधिक बिक्री केवल दो मुख्य डिशेज से आती है। इनमें दाल मखनी (40 प्रतिशत) और बटर चिकन (30 प्रतिशत) शामिल हैं। उनके सेंट्रल किचन में पारंपरिक पीतल और तांबे के बर्तनों में रात भर धीमी आंच पर रोजाना 500 लीटर से अधिक दाल मखनी तैयार होती है। कंपनी की रफ्तार को पहली बड़ी चुनौती फरवरी 2020 में मिली। तब साउथ दिल्ली के मालवीय नगर में दूसरा किचन खोलते ही कोरोना महामारी और लॉकडाउन की मार पड़ी।

# अवैध लॉटरी टिकट बेचने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

## 1900 लॉटरी का टिकट और मोबाइल बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पाकुड़। पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध लॉटरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक विक्रेता को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान तलवाडागा निवासी विक्रम गुप्ता के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके घर से डियर लॉटरी डे नाइट समेत 1900 अवैध लॉटरी टिकट और एक मोबाइल फोन बरामद किया है।

पाकुड़ एसडीपीओ कुमार गौरव ने अपने कार्यालय में मामले की जानकारी देते हुए बताया कि नगर थाना क्षेत्र के तलवाडागा में विक्रम गुप्ता द्वारा अपने घर से अवैध लॉटरी की खरीद-बिक्री किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गई।

टीम में नगर थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता, सब इंस्पेक्टर मिथुन कुमार, अभिषेक कुमार, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर सुराई तापे सहित नगर थाना के पुलिसकर्मी शामिल थे। गुप्त सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस ने विक्रम गुप्ता के घर पर छापेमारी की।

पुलिस के पहुंचते ही आरोपी भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान घर से 1900 अवैध लॉटरी टिकट और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। मामले में नगर थाना में कांड संख्या 215/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



एसडीपीओ कुमार गौरव ने कहा कि अवैध रूप से संचालित लॉटरी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### बाइक की ठोकर से महिला की मौत

भागलपुर। सड़कों पर सुबह-सुबह बिना किसी रोक-टोक के चलने वाली जानलेवा बाइक रेसिंग और लहरिया कट स्टंटबाजी ने रविवार को एक महिला की जान ले ली। बरारी थाना क्षेत्र के सुखराज राय रोड पर सैंडिस कंपाउंड के ठीक सामने कटहलबाड़ी बड़ी खंजरपुर के समीप 80 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ रही एक अनियंत्रित बाइक ने महिला को जबर्दस्त टक्कर मार दी। बाइक का धक्का इतना भयानक था कि महिला हवा में 8 से 10 फीट दूर उछलकर सड़क किनारे लगे बिजली ट्रांसफार्मर के लोहे के सुरक्षा घेरे से जा टकराई। हादसे में गंभीर रूप से घायल कटहलबाड़ी बड़ी खंजरपुर निवासी संजय यादव की 45 वर्षीय पत्नी रामदुलारी देवी ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया।घटना रविवार सुबह करीब साढ़े छह बजे की है। रोजमर्रा की तरह मृतका घर का कूड़ा पास के कूड़ेदान में डालकर पैदल अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान घूरनपीर मजार की तरफ से तिलकामांझी की ओर छह-सात युवकों का समूह अलग-अलग बाइकों पर रेस लगाते हुए निकला।

# पाकुड़ में गणेश पूजा की तैयारी अंतिम चरण में

## रेलवे मैदान में होगा चार दिवसीय गणपति महोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पाकुड़। जिलेभर में गणेश पूजा को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। विभिन्न पूजा समितियों की ओर से भव्य पंडाल, आकर्षक प्रतिमाएं और विद्युत सज्जा की तैयारी की जा रही है। अधिकांश पूजा स्थलों पर तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।

इसी क्रम में शहर के रेलवे मैदान सार्वजनिक गणेश पूजा समिति इस वर्ष गणेश पूजा का 28वां वर्ष मनाने जा रही है। समिति की ओर से रेलवे मैदान, पूजा स्थल और स्टेशन रोड को भगवा झंडों से सजाया जा रहा है। पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है।समिति के संस्थापक हिसाबी राय ने बताया कि इस वर्ष 28 वर्ष पूरे होने पर गणपति महोत्सव को विशेष रूप से आयोजित किया जा रहा है। रेलवे मैदान में भव्य प्रतिमा और आकर्षक पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका काम अंतिम चरण में है। महोत्सव में बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से आए कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि 14 से 17 सितंबर तक चार दिवसीय गणपति महोत्सव आयोजित होगा। 14 सितंबर को गणपति प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा, पुष्पांजलि और आरती होगी। 15 सितंबर को बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं 16 और 17 सितंबर को डांडिया, मटका फोड़ प्रतियोगिता समेत अन्य कार्यक्रम होंगे।

महोत्सव का उद्घाटन पाकुड़ डीसी मेघा भारद्वाज और एसपी अनुदीप सिंह संयुक्त रूप से करेंगे। विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जाएगा। महोत्सव को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्य तैयारी में जुटे हैं।

### तालाब से शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

नारायणपुर। थाना क्षेत्र के कोरीडीह स्थित डोका तालाब से एक बुजुर्ग का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान कोरीडीह निवासी जहारुद्दीन अंसारी उर्फ डुलिया (60) के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर थाना ले आई। मौत के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है।

# शांति समिति की बैठक में सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूजा करने की अपील



## सोशल मीडिया पर रहेगी प्रशासन की नजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पाकुड़। गणेश पूजा और विश्वकर्मा पूजा 2026 को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर रविवार को पाकुड़िया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो ने की।

बैठक में पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, पूजा स्थलों की सुरक्षा, साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था और आम लोगों की सुविधा समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने पूजा समितियों और उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं दें और बिना पुष्टि के किसी सूचना को सोशल मीडिया पर साझा न करें। उन्होंने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ, आपत्तिजनक या समाज में अशांति फैलाने वाली पोस्ट करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में बाजार क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने तथा पूजा के दौरान यातायात और आम लोगों की आवाजाही सुचारू रखने पर भी विशेष जोर दिया गया।

मौके पर एएसआई सनातन माझी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, हदयानंद भगत, जहांगीर अंसारी, शंभु भगत, जयदेव साहु, सुधीर दास, कालिदास डुट्, निवारण हेम्ब्रम, कमाल अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# राधास्वामी संगठन के नाम पर करोड़ों ठगी का आरोप

## 12 लोगों के खिलाफ दर्ज करायी गयी प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रांची। राधास्वामी संगठन की विभिन्न योजनाओं के नाम पर अनेक लाभुकों से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी, विश्वासघात और धनराशि के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है। नामकुम निवासी डॉ संतोष कुमार ने जगन्नाथपुर थाना में लिखित शिकायत देकर संगठन से जुड़े 12 पदाधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। शिकायत के साथ लाभुकों की नामवार जमा राशि, योजना संबंधी पुस्तिका, फर्म व अन्य दस्तावेज और साक्ष्य भी संलग्न किए, जाने की बात कही गई है। शिकायतकर्ता के अनुसार राधास्वामी संगठन का प्रदेश कार्यालय हटिया के कठहर कोचा स्थित देवी सदन से संचालित होता था।संगठन के पदाधिकारियों की ओर से लोगों को 40 से 90 प्रतिशत छूट वाली ईएमआई योजना, कन्यादान योजना, करोड़पति योजना, एफएमसीजी योजना और छात्रवृत्ति योजना समेत कई योजनाओं की जानकारी दी जाती थी।

लोगों का विश्वास जीतने के लिए बालीवुड अभिनेता सोनू सूद की उपस्थिति और उनके वीडियो भी दिखाए जाते थे। संगठन से बड़े लोगों के जुड़े होने का हवाला देकर लाभुकों को भरोसा दिलाया जाता था कि उनका पैसा सुरक्षित रहेगा।

शिकायत में यह आरोप लगाया गया है कि लाभुकों को आरएसएसबीएन निधि लिमिटेड बैंक के नाम से पासबुक भी दी गई। वाहन योजना में बैंक से लिए गए वाहनों की निर्धारित ईएमआई संगठन की ओर से जमा कराने का भरोसा दिया गया।

इस आश्वासन के आधार पर लोगों से नकद, आनलाइन और बैंक ट्रांजेक्शन के माध्यम से आरएसओजी फूड्स कास्मेटिक प्रा लि के अलग-अलग बैंक खातों में करोड़ों रुपये जमा कराए गए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि वाहन की ईएमआई का भुगतान बंद होने के बाद संगठन के जिला जोनल प्रभारी सह कार्यालय प्रभारी बिनू साहू से संपर्क किया गया।

उन्होंने लगातार यह आश्वासन दिया कि संगठन को केंद्र और विभिन्न राज्य सरकारों की योजनाओं से राशि मिलती है और राशि मिलने के बाद सभी का भुगतान कर दिया जाएगा। शिकायत के अनुसार इसी तरह का आश्वासन संगठन के अन्य पदाधिकारियों की ओर से भी दिया गया।

शिकायत में बिनू साहू, शकुंतला कुमारी, दीपक कुमार शर्मा, रश्मि कुमारी, दीपक शर्मा, अरुण कुमार प्रजापति, सतीश कुमार शर्मा, काजल श्रीवास्तव, मुकेश सिन्हा, अनीशा सिन्हा, जूली सिन्हा और गौरव श्रीवास्तव समेत 12 लोगों पर धोखाधड़ी, रकम हड़पने तथा रकम वापस मांगने पर धमकी और गाली गलौज करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है।

### मरीज की मौत के बाद अस्पताल में हंगामा

दरभंगा। इलाज के दौरान महिला मरीज की हालत बिगड़ी तो स्वजन चिकित्सकों को बुलाने की गुहार लगाते रहे। कुछ देर बाद मरीज की मौत हो गई। इसके बाद डीएमसीएच के मेडिसिन विभाग में स्वजन का आक्रोश फूट पड़ा। नर्सिंग स्टाफ और चिकित्सकों पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए स्वजन चीखने-चिल्लाने लगे। करीब एक घंटे तक विभाग में अफरातफरी की स्थिति बनी रही। सूचना पर पहुंची बेंता थाने की पुलिस और अस्पताल के सुरक्षा गार्डों ने समझाकर मामला शांत कराया। घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के आधारपुर निवासी राजेंद्र दास की पत्नी फुलिया देवी (65) को लो बीपी और चेस्ट पेन की शिकायत थी। स्वजन ने पहले उनका इलाज बेनीपुर के एक अस्पताल में कराया। वहां से रेफर किए जाने के बाद शनिवार को महिला को डीएमसीएच के मेडिसिन विभाग में डा. पंकज मोहन श्रीवास्तव की यूनिट में भर्ती कराया गया था। स्वजन के अनुसार रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे फुलिया देवी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उनकी सांस फूलने लगी और शरीर अकड़ने लगा। स्वजन का आरोप है कि कई बार जानकारी देने के बावजूद समय पर चिकित्सक मरीज को देखने नहीं पहुंचे।

# मुफस्सिल पत्रकार मंच की बैठक में संगठन का विस्तार

## कमर आलम अध्यक्ष व जसीम उद्दीन बनाए गए सचिव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

अररिया। मुफस्सिल पत्रकार मंच अररिया की एक बैठक रविवार को एवरग्रीन होटल में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से मंच का पुनर्गठन किया गया।

मंच का संरक्षक वरीय पत्रकार परवेज आलम और फिरोज आलम को बनाया गया, जबकि मंच का अध्यक्ष कमर आलम और सचिव जसीम उद्दीन को पुनः सर्वसम्मति से बनाया गया। जबकि उपाध्यक्ष के रूप में मो अलाउद्दीन खान ,मुश्ताक सिद्दीकी और जुबैर आलम और संयुक्त सचिव के रूप में हम्माद हैदर ,शमशाद बागी,और रजी अनवर का चयन किया गया। वहीं प्रवक्ता के रूप में फैसल कलीम ,कार्यालय सचिव आमिर रेजा और कोषाध्यक्ष मो सलीम को बनाया गया। बैठक में संरक्षक परवेज आलम ने बताया कि जल्द ही मंच का रजिस्ट्रेशन करा लिया जाएगा,साथ ही मंच की मजबूती और आगामी योजना पर भी सदस्यों ने अपना अपना सुझाव दिया ,जबकि कार्यकारिणी सदस्य में अब्दुल गनी लबीब,अब्दुल कैयूम, साजिद आलम परवेज आलम को बनाया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आईमैक्स मोबाइल के प्रोपराइटर अब्दुर रहमान ने सहयोग किया।

# ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

## गुप्त सूचना के आधार पर की गयी कार्रवाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पाकुड़। जिले की हिरणपुर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से करीब 5 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई है। यह कार्रवाई हिरणपुर-पाकुड़ मुख्य सड़क पर हाई स्कूल मोड़, हाथकाठी के पास की गई।

एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त जानकारी मिली थी कि कुछ लोग अवैध मादक पदार्थ बेच रहे हैं।

इस जानकारी के आधार पर एसडीपीओ कुमार गौरव के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम बनाई गई।

इस टीम में हिरणपुर थाना प्रभारी विनय कुमार, पुलिस सब-इंस्पेक्टर जेना बलमुधु, अरुण कुमार राम, अमरजीत कुमार मिश्रा, असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर ज्योतिष चौधरी, सूरजमल पासवान और कई पुलिसकर्मी शामिल थे।छापेमारी टीम ने गुप्त जानकारी की जांच करते हुए गाड़ियों की चेकिंग शुरू की। तभी मोटरसाइकिल पर आ रहे दो लोग पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया।पकड़े गए आरोपियों की पहचान हिरणपुर थाना क्षेत्र के सुंदरपुर निवासी शिवा दता और कमल घाटी निवासी मोहम्मद जियाउल अंसारी के रूप में हुई है।उनके पास से करीब 5 ग्राम ब्राउन शुगर, सिल्वर पेपर रोल के टुकड़े, एक बिना नंबर की हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल और कुछ अन्य सामान मिला है।दोनों आरोपियों के खिलाफ हिरणपुर थाने में मामला दर्ज किया गया है। उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।बता दें कि पाकुड़ जिले की पुलिस नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत अब तक कई ड्रग तस्करों को पकड़ा जा चुका है और बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं।

# छपेमारी में लाखों की नकली सिगरेट जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मुजफ्फरपुर। चर्चित ब्रांड से मिलते जुलते नाम का उपयोग कर नकली सिगरेट बेचने के अवैध कारोबार का नगर थाने की पुलिस ने रविवार को पदार्फाश किया है। वीएसटी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रतिनिधि की शिकायत पर पुलिस ने धर्मशाला चौक स्थित होलसेल दुकान पर छापेमारी की।

इस दौरान 2145 सिगरेट का पैकेट (करीब 21 हजार स्टिक्स) जब्त किया गया। पैकेट पर चर्चित ब्रांड से मिलता जुलता न सिर्फ नाम का उपयोग किया गया था बल्कि पैकेट की डिजाइन और रंग पर एक सामान है।

पुलिस ने आरोपित दुकानदार अजय कुमार को हिरासत में ले लिया है। इसकी कीमत तीन लाख से रुपये से अधिक बताई गई है। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसने यह नकली माल अहियापुर के जीरोमाइल के एक युवक से लिया था। कंपनी के टेरीटरी प्रबंधन जगमीत सिंह रंधावा ने बताया कि नकली सिगरेट वीएसटी इंडस्ट्रिज के चर्चित ब्रांड के नाम पर तैयार कर बाजार में खपाई जा रही थी। आरोपितों की ओर से इससे मिलते-जुलते नाम और गलत स्पेलिंग वाली पैकिंग का इस्तेमाल किया जा रहा था।

नकली उत्पादों की बिक्री से कंपनी को राजस्व में करीब 50 प्रतिशत तक नुकसान हो रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि हिरासत में लिया गया कारोबारी पहले कंपनी का थोक डिस्ट्रीब्यूटर रह चुका है। आरोप है कि वह असली सिगरेट की आड़ में नकली उत्पादों की आपूर्ति मुजफ्फरपुर समेत आसपास के कई जिलों में कर रहा था।

कंपनी की ओर से बताया गया कि इस सिंडिकेट पर लगातार नजर रखी जा रही थी। इससे पहले पूर्णिया जिले में भी शिकायत के आधार पर कार्रवाई कराई गई थी। वहां से करीब 40 हजार से अधिक नकली सिगरेट जब्त की गई थी।

# पाकुड़ में चलाया गया दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूकता अभियान

## महिलाओं को बताए कानूनी अधिकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पाकुड़। जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ की ओर से जिले के सभी प्रखंडों के ग्रामीण क्षेत्रों में दहेज प्रथा और घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा दिवाकर पांडेय के निर्देश और डालसा सचिव रूपा बंदना किरो के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शहरकोल, हीरानंदपुर, बाबुपुर, खाकसा, रोलाग्राम, कमलघाटी, खजुरडांगा, धर्मपुर, हिरणपुर, अमड़ापाड़ा, पाकुड़िया समेत विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में पैरा लीगल वॉलंटियर्स ने लोगों को दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं के कानूनी अधिकारों की जानकारी दी।



अभियान के दौरान दहेज से जुड़े मामलों में कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया गया। लोगों को आईपीसी की धारा 498ए और 304बी तथा वर्तमान बीएनएस की संबंधित धाराओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि दहेज के लिए महिला को शारीरिक या मानसिक रूप से प्रताड़ित करना गंभीर अपराध है। वहीं, विवाह के सात वर्ष के भीतर असामान्य परिस्थितियों में महिला की मौत और दहेज उत्पीड़न से संबंध पाए जाने पर दहेज मृत्यु के प्रावधान लागू हो सकते हैं। पैरा लीगल वॉलंटियर्स ने लोगों को दहेज उत्पीड़न की स्थिति में 112/100, महिला हेल्पलाइन 181, महिला थाना और जिला विधिक सेवा प्राधिकार से संपर्क करने की जानकारी दी। साथ ही जरूरतमंदों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की बात कही गई। अभियान के दौरान ग्रामीणों ने दहेज प्रथा के खिलाफ एकजुट होकर इसके उन्मूलन का संकल्प भी लिया।

# छठे दिन भी उड़ानें रही रद्द, यात्रियों में दिखा रोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

दरभंगा। मुंबई जाने-आने वाले यात्रियों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। स्पाइसजेट की मुंबई-दरभंगा फ्लाइट लगातार छठे दिन भी रद्द रही। वहीं दिल्ली से आने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट भी निर्धारित समय से करीब पौने दो घंटे देर से पहुंची। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मुंबई से दरभंगा आनेवाली स्पाइसजेट की फ्लाइट संख्या एसजी 115 रविवार को भी शेड्यूल में रद्द रही। विमानन कंपनी ने यात्रियों को फ्लाइट रद्द होने की सूचना पहले ही दे दी थी। लगातार छह दिनों से फ्लाइट रद्द होने से मुंबई रूट के यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। यात्रियों को वैकल्पिक उड़ानों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

दिल्ली से दरभंगा आनेवाली स्पाइसजेट की फ्लाइट संख्या एसजी 495 भी निर्धारित समय से एक घंटा 50 मिनट विलंब से पहुंची। फ्लाइट को दोपहर 3:20 बजे पहुंचना था, लेकिन यह शाम 5:10 बजे दरभंगा एयरपोर्ट पहुंची। इससे दिल्ली और दरभंगा के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी हुई।

जानकारी के अनुसार, रविवार को दरभंगा एयरपोर्ट से दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद के बीच 12 विमानों का आवागमन हुआ। इनमें अकासा, इंडिगो और स्पाइसजेट की उड़ानें शामिल थीं। मुंबई की इंडिगो फ्लाइट निर्धारित समय से 15 मिनट विलंब से पहुंची। दिल्ली से दरभंगा आनेवाली अकासा की फ्लाइट क्यूपी 1405 निर्धारित समय 10:55 बजे से 20 मिनट पहले पहुंची। बेंगलुरु से आनेवाली अकासा की फ्लाइट क्यूपी 1513 भी निर्धारित समय 12:10 बजे से 23 मिनट पहले पहुंच गई। हैदराबाद से आनेवाली इंडिगो की निर्धारित समय 2:20 बजे से 17 मिनट पहले पहुंची। दिल्ली से आनेवाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई360 भी निर्धारित समय तीन बजे से 14 मिनट पहले दरभंगा पहुंच गई।

# महेशपुर में मनाया गया विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पाकुड़। जिले के महेशपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री श्री 1008 बूढ़ा बाबा महेश्वर नाथ शिव मंदिर परिसर में रविवार को विश्व हिंदू परिषद की ओर से स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विहिप के प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, साहिबगंज विभाग मंत्री अरविंद घोष, प्रसार-प्रचार प्रांत टोली सदस्य मनु महाराज और जिला अध्यक्ष अशोक वर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता और वंदे मातरम के जयकारे लगाए। साथ ही हिन्दुत्व और सनातन संस्कृति से जुड़े संदेशों को लेकर विचार व्यक्त किए गए।

जिला अध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि सनातन संस्कृति की रक्षा, धर्म के प्रति निष्ठा और समाज में सामाजिक समरसता मजबूत करने के लिए सभी को आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विहिप समय-समय पर जरूरतमंदों की मदद करता रहा है। बाढ़ और अन्य आपदाओं के दौरान राहत सामग्री पहुंचाने के अलावा समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने वाले कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार ने कहा, धर्मो रक्षित रक्षितः, अर्थात जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। उन्होंने बताया कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना वर्ष 1964 में हुई थी और संगठन का उद्देश्य हिंदू धर्म और समाज के हितों के लिए कार्य करना है। कार्यक्रम में प्रखंड मंत्री विक्रम सिंह, मुकेश भगत, सागर भगत, राहुल मिश्रा, सनी तिवारी, जीत साहा, मदन पहाड़िया, जनार्दन ठाकुर, निर्मल भंडारी, मनोज प्रमाणिक समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### सनातन महाकुंभ का आयोजन

बाबा गरीबनाथ धाम मंदिर परिसर स्थित सत्संग भवन में रविवार को अखंड भारत पुरोहित महासभा की ओर से सनातन महाकुंभ का आयोजन किया गया। इस महाकुंभ में बड़ी संख्या में संत-महंत, आचार्य और पुरोहित जुटे। कार्यक्रम के दौरान पुरोहित समाज के कल्याण और सनातन धर्म की मजबूती के लिए सरकार के समक्ष पांच मुख्य मांगें रखी गईं। इनमें बिहार में आचार्य-पुरोहित संरक्षण आयोग के गठन की मांग सबसे प्रमुख रही।

## पाकुड़िया में खेलो झारखंड प्रतियोगिता

# फुटबॉल में हाई स्कूल पाकुड़िया बना चैंपियन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पाकुड़। पाकुड़ जिले के पाकुड़िया प्रखंड में प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 11 और 12 सितंबर को आयोजित प्रतियोगिता में अंडर-14 और अंडर-17 आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के पहले दिन शुक्रवार को 100, 200, 400, 800 और 1500 मीटर दौड़ के अलावा ऊंची कूद, लंबी कूद, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जेवलिन थ्रो और रिले रेस सहित विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की गई। खिलाड़ियों ने अलग-अलग स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

शनिवार को अंडर-17 वर्ग के फुटबॉल मुकाबले में प्रखंड के विभिन्न हाई स्कूलों की टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला हाई स्कूल पाकुड़िया और एकलव्य विद्यालय राजबाड़ी के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में हाई स्कूल पाकुड़िया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1-0 गोल से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। मुकाबला देखने पहुंचे दर्शकों में भी खासा उत्साह रहा।

प्रतियोगिता के समापन पर विजेता टीम और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को कप और मेडल देकर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बिरनाल सोरेन समेत सुनील मरांडी, सागनेन टुडू, बबलू किस्कू, प्रदीप सोरेन, प्रीति मुर्मु, स्नेहलता सोरेन, शिवजी साव, सत्यवती हेंब्रम, सुबान किस्कू और शांतिलता बास्की सहित शिक्षकों एवं आयोजन से जुड़े लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# रायबकिना ने पहली बार यूएस ओपन जीता, वर्ल्ड नंबर-1 बनीं

## सबालेंका लगातार तीसरा खिताब जीतने से चूकीं, हार के बाद रैकेट तोड़ा

**न्यूयॉर्क।** कजाकिस्तान की एलेना रायबकिना ने बेलारूस की आर्यना सबालेंका को हराकर पहली बार यूएस ओपन खिताब जीत लिया। न्यूयॉर्क के आर्थर ऐश स्टेडियम में शनिवार रात खेले गए फाइनल में रायबकिना ने सबालेंका को 6-4, 5-7, 6-2 से हराया। इस जीत के साथ रायबकिना ने अपना तीसरा विमेंस सिंगल्स ग्रैंड स्लैम खिताब जीता और सोमवार को आधिकारिक तौर पर वर्ल्ड नंबर-1 बन जाएंगी। हार के बाद निराश सबालेंका ने अपना रैकेट तोड़ दिया।

**सबालेंका का लगातार तीसरा खिताब जीतने का सपना टूटा** – रायबकिना की जीत से सबालेंका का लगातार तीसरी बार यूएस ओपन चैंपियन बनने का सपना टूट गया। इसके साथ ही रु ओपन में उनकी 19 मैचों की जीत का सिलसिला भी खत्म हो गया। सबालेंका पिछले 99 हफ्तों से दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी थीं।

**पहले सेट में रायबकिना का दबदबा** – पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, लेकिन रायबकिना ने अहम मौकों पर बेहतर खेल दिखाया और सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। इस दौरान गुस्से में गेंद स्टैंड की ओर मारने पर सबालेंका को चेतावनी भी मिली।

**सबालेंका ने दूसरे सेट में की वापसी** – दूसरे सेट में सबालेंका ने अपनी लय वापस हासिल की। उन्होंने रायबकिना पर लगातार दबाव बनाया और 5-5 के बाद ब्रेक हासिल कर सेट 7-5 से जीत लिया। इससे मुकाबला निर्णायक तीसरे सेट में पहुंच गया।



**तीसरे सेट में फिर हावी हुई रायबकिना** – निर्णायक सेट में रायबकिना ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। उन्होंने 5-2 की बढ़त बना ली। इसके बाद मैच पॉइंट पर जीत कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। फाइनल 2 घंटे 21 मिनट चला।

**इस साल का दूसरा ग्रैंड स्लैम** – रायबकिना ने इससे पहले 2022 में विंबलडन और 2026 में ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता था। ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में भी उन्होंने सबालेंका को हराया था। यूएस ओपन जीतने के बाद अब रायबकिना के पास करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने के लिए सिर्फ फ्रेंच ओपन का खिताब जीतना बाकी है।

### चोट से जूझने के बाद हासिल की बड़ी सफलता

रायबकिना यूएस ओपन से पहले चोट की समस्या से जूझ रही थीं। इसके बावजूद उन्होंने न्यू यॉर्क में शानदार प्रदर्शन किया और पहली बार टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचकर खिताब जीत लिया। रूस में जन्मी रायबकिना अब कजाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करती हैं।

### रायबकिना को करीब 46 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि

यूएस ओपन का खिताब जीतने पर रायबकिना को 55 लाख डॉलर यानी करीब 46 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि मिली। वहीं, उपविजेता सबालेंका को 28 लाख डॉलर मिले। रायबकिना ने जीत के बाद कहा कि उनके पास अपनी भावनाएं व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं। उन्होंने बताया कि वह पिछले 10 साल से न्यू यॉर्क आ रही हैं, लेकिन यहां उन्हें कभी ऐसी सफलता नहीं मिली थी।

# अनाहत सिंह ने कतर क्लासिक स्क्वॉश में उलटफेर किया

### वर्ल्ड नंबर-16 फरिदा मोहम्मद को चार गेम में हराया, अब टिन्ने जिलिस से मुकाबला



**नई दिल्ली।** भारत की युवा स्क्वॉश खिलाड़ी और वर्ल्ड जूनियर चैंपियन अनाहत सिंह ने सीजन के पहले प्लैटिनम टूर्नामेंट कतर क्लासिक में जीत के साथ अभियान शुरू किया। विमेंस सिंगल्स के पहले राउंड में वर्ल्ड नंबर-20 अनाहत ने मिस्र की 16वें नंबर की फरीदा मोहम्मद को 13-11, 3-11, 11-7, 11-7 से हराया।

- **दूसरे गेम में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी** – मुकाबले की शुरुआत कड़ी टक्कर के साथ हुई। अनाहत ने पहला गेम 13-11 से जीता। दूसरे गेम में फरीदा ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 11-3 से जीत दर्ज की और स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद अनाहत ने संयम बनाए रखा। उन्होंने तीसरा गेम 11-7 और चौथा गेम भी 11-7 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।
- **प्री-क्वार्टर फाइनल में टिने गिलिस से मुकाबला** – पहले राउंड में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली खिलाड़ी को हराने के बाद अनाहत अब प्री-क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम की वर्ल्ड नंबर-9 टिने गिलिस से भिड़ेंगी।
- **मेंस कैटेगरी में अभय सिंह और वीर चोटरानी पर नजरें** – पुरुष एकल में भारत की ओर से अभय सिंह और वीर चोटरानी चुनौती पेश करेंगे। अभय वर्ल्ड रैंकिंग में 24वें और वीर 38वें स्थान पर हैं।

**एशियन गेम्स में भी भारतीय टीम का हिस्सा** – अनाहत सिंह हाल ही में वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियन बनी थीं। आगामी एशियन गेम्स में भारतीय स्क्वैश टीम में अनाहत के साथ अभय सिंह, वीर चोटरानी और तन्वी खन्ना भी शामिल हैं।

# भारत जूनियर विमेंस एशिया कप का खिताब जीता

### चीन को 1-0 से हराया, हॉकी इंडिया ने खिलाड़ियों-सपोर्ट स्टाफ के लिए कैश प्राइज का ऐलान किया



**नई दिल्ली।** भारत ने रविवार को चीन को 1-0 से हराकर जूनियर विमेंस एशिया कप का खिताब जीत लिया। फाइनल में जीत के तुरंत बाद हॉकी इंडिया ने हर खिलाड़ी के लिए 3 लाख रुपए कैश प्राइज का ऐलान किया। सपोर्ट स्टाफ के लिए भी कैश प्राइज घोषित किया गया।

**फाइनल से पहले भारत का प्रदर्शन** – भारत ने सेमीफाइनल में साउथ कोरिया को 5-1 और क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान को 19-0 से हराया। इससे पहले टीम ने मेजबान चीन के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ खेला था। भारत ने जापान को 7-0 और मलेशिया को 11-1 से शिकस्त दी। टूर्नामेंट के पहले मैच में भी भारत ने साउथ कोरिया को 4-1 से हराया था।

# वर्ल्ड नंबर-1 कार्लसन की ग्लोबल चेस लीग में पहली हार

### टीम फिर भी फाइनल में पहुंची, गंगेज ग्रैंडमास्टर्स से मुकाबला

**बेंगलुरु।** ग्लोबल चेस लीग के चौथे सीजन में मैग्नस कार्लसन को पहली हार मिली। बेंगलुरु में शनिवार को खेले गए मुकाबले में त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स के अलीरेजा फिरोजा ने उन्हें हराया। इसके बावजूद कार्लसन की टीम अल्पाइन पाइपर्स 18 मैच पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंच गई। रविवार को खिताबी मुकाबले में पाइपर्स का सामना गंगेज ग्रैंडमास्टर्स से होगा।



**कार्लसन की चेतावनी के बाद अलीरेजा ने दी मात** – टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले मैग्नस कार्लसन ने मजाकिया अंदाज में अलीरेजा फिरोजा को कम समय में हराने की चेतावनी दी थी। दोनों के बीच पहली बाजी ड्रॉ रही थी। शनिवार को अलीरेजा ने कार्लसन को हराकर टूर्नामेंट में उनकी जीत का सिलसिला तोड़ दिया।जीत के बाद अलीरेजा ने कहा, 'यह टूर्नामेंट हमारे लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा। हमारी टीम में फाइनल जीतने का दम था, लेकिन कुछ करीबी मुकाबलों ने खेल बिगाड़ दिया। दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी के खिलाफ यह जीत बेहद खास है।

# मोहम्मद सिराज हैदराबाद रणजी टीम के कप्तान बने

### चामा मिलिंद उपकप्तान, 11 अक्टूबर को त्रिपुरा से पहला मुकाबला



**नई दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज 2026-27 रणजी ट्रॉफी सीजन में हैदराबाद के कप्तान होंगे। हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (HCA) ने शनिवार को इसका ऐलान किया। सीजन 11 अक्टूबर से शुरू होगा। हैदराबाद का पहला मुकाबला त्रिपुरा से होगा। तेज गेंदबाज चामा मिलिंद को टीम का उपकप्तान बनाया गया है।

**हैदराबाद रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप B में** – हैदराबाद को रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप क्रमें रखा गया है। इस ग्रुप में सौराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, असम और त्रिपुरा भी हैं। सिराज ने पिछले रणजी ट्रॉफी सीजन में भी हैदराबाद की दो मैचों में कप्तानी की थी। सिराज हाल ही में तिलक वर्मा की कप्तानी में 2026 की दलीप ट्रॉफी में साउथ जोन के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करते नजर आए थे।

**रणजी ट्रॉफी की शुरुआत 11 अक्टूबर से होगी** – रणजी ट्रॉफी 2026-27 11 अक्टूबर 2026 से 3 मार्च 2027 तक खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट दो लेग में खेला जाएगा, जिसमें एलीट ग्रुप में 32 टीमें और प्लेट ग्रुप में 6 टीमें शामिल हैं। BCCI के 2026-27 के डोमेस्टिक सीजन में कुल 1,788 मैच खेले जाएंगे। इस सीजन की शुरुआत दलीप ट्रॉफी से हुई थी और रणजी ट्रॉफी के अलावा इसमें सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंट भी शामिल हैं।

### श्रीलंका दौरे पर कम हुई थी रफ्तार

श्रीलंका दौरे के दौरान सिराज की रफ्तार को लेकर चिंता जताई गई थी। उनकी रफ्तार सामान्य 140 किलोमीटर प्रति घंटे के मध्य स्तर से घटकर 120 किलोमीटर प्रति घंटे के आखिरी स्तर तक पहुंच गई थी। दो मैचों की सीरीज में सिराज ने 44 ओवर गेंदबाजी की थी। उन्होंने इस दौरान चार विकेट लिए थे। दलीप ट्रॉफी फाइनल के बाद चेन्नई में सिराज ने कहा, दो महीने के ब्रेक के बाद सीधे मैच में उतरने से मेरी लय पूरी तरह नहीं बन पाई थी। मैं पूरी तरह लय पर निर्भर रहने वाला गेंदबाज हूं। अगर मैं लय में नहीं हूं, तो क्रीज से पूरी ताकत के साथ गेंद नहीं फेंक पाता। उन्होंने कहा, श्रीलंका में यही परेशानी थी। मेरा रन-अप बिखरा हुआ लग रहा था। कुछ कदम बहुत छोटे थे और कुछ बहुत लंबे। इससे मेरा प्रवाह टूट गया और मेरी रफ्तार कम हो गई।

## सार-समाचार

# चामिंडा वास दिल्ली कैपिटल्स के बॉलिंग कोच बन सकते हैं

### टीम ने जहीर खान और कुंबले से भी बात की, युवराज बैटिंग कोच होंगे



**नई दिल्ली।** श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज चमिंडा वास दिल्ली कैपिटल्स के नए बॉलिंग कोच बन सकते हैं। फ्रेंचाइजी ने इस पद के लिए जहीर खान और अनिल कुंबले से भी बातचीत की थी, लेकिन बात नहीं बन सकी। युवराज सिंह को पहले ही बैटिंग कोच नियुक्त किया जा चुका है।

- **जहीर के साथ बातचीत अंतिम दौर तक पहुंची** – मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जहीर खान के साथ बातचीत सेवा की शर्तों पर सहमति नहीं बनने के कारण रुक गई। इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स ने चमिंडा वास को जिम्मेदारी सौंपने का फैसला किया।
- **युवराज सिंह पहले ही बने बैटिंग कोच** – दिल्ली कैपिटल्स ने अगले सीजन के लिए पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह को बैटिंग कोच नियुक्त किया है। पिछले दो सीजन के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद टीम अपने कोचिंग स्टाफ में बदलाव कर नई शुरुआत करना चाहती है।
- **हेड कोच की तलाश जारी** – बॉलिंग और बैटिंग कोच तय होने के बाद अब दिल्ली कैपिटल्स नए हेड कोच की तलाश में जुटी है। फ्रेंचाइजी जल्द ही इस पद पर औपचारिक घोषणा कर सकती है। चमिंडा वास के अनुभव से टीम के तेज गेंदबाजों को फायदा मिलने की उम्मीद है।

## मेसी का 99वां गोल

# इंजरी टाइम में गोल कर नेशविल टीम ने ड्रॉ खेला

- इंटर मियामी को 2-2 पर रोका

**बार्सिलोना।** इंटर मियामी और नेशविल के बीच रात में मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा। नेशविल ने आखिरी समय में बराबरी का गोल किया। लियोनेल मेसी ने 62वें मिनट में गोल किया। मेसी का इंटर मियामी के लिए यह 99वां गोल था।



**सैम सरिज ने दो गोल किए** – नेशविल के लिए दोनों गोल सैम सरिज ने किए। उन्होंने चौथे मिनट में पहला गोल किया। इसके बाद इंजरी टाइम में गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इस नतीजे के बाद नेशविल मेजर लीग सॉकर के ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में इंटर मियामी से 9 पॉइंट्स आगे है। इंटर मियामी और नेशविल पिछले तीन सीजन में ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस के राइवल बन गए हैं। दोनों टीमें अहम कप मुकाबलों, प्लेऑफ और बड़े रेगुलर-सीजन मैचों में भिड़ चुकी हैं। MLS में नेशविल के खिलाफ मेसी का 14 मैचों में उनका 17वां गोल था।

**सरिज का शानदार प्रदर्शन** – इंग्लैंड में जन्मे स्ट्राइकर सैम सरिज ने इस मुकाबले में पूरा प्रभाव छोड़ा। शनिवार को किया गया उनका पहला गोल इस सीजन का 15वां गोल था। मेसी 19 गोल के साथ MLS गोल्डन बूट की रेस में सबसे आगे हैं। वे लगातार तीसरी MLS मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का अवॉर्ड जीतने के सबसे मजबूत दावेदार भी हैं।

**मियामी का खराब दौर** – इसके बावजूद इंटर मियामी इस सीजन बेहद खराब प्रदर्शन रहा है। मुख्य कोच गिलर्मो होयोस के नेतृत्व में टीम पिछले 9 मैचों में सिर्फ एक बार जीती है। मेसी को इस हफ्ते 2026 बैलन डी'ओर के लिए नामांकित किया गया है। इसके बावजूद वह ड्रॉ के नतीजे से निराश दिखे।

**नेशविल का मजबूत सीजन** – नेशविल ने 2025 यूएस ओपन कप जीता था। 2020 में MLS में शामिल होने के बाद यह उसका पहला खिताब था। नेशविल 19 सितंबर को आत्मविश्वास से भरी शिकागो फायर टीम की मेजबानी करेगा। इंटर मियामी का अगला मैच 20 सितंबर को नू स्टेडियम में सैन डिएगो एफसी के खिलाफ है।

# सिल्वरस्टोन रेस ट्रैक पर सीएम थलपति विजय का सरप्राइज!

### दोस्त अजित कुमार को लगाया गले, तृषा संग वीडियो वायरल

**चैन्नई।** साउथ सिनेमा के मेगास्टार से तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बनने तक का थलपति विजय का सफर बेहद दिलचस्प और ऐतिहासिक रहा है। राजनीति में पूर्ण रूप से कदम रखने के बाद उन्होंने अभिनय की दुनिया को पूरी तरह अलविदा कह दिया और राज्य की कमान संभाली। मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही वे अपनी भूमिका के साथ-साथ अपनी निजी और सामाजिक गतिविधियों को लेकर लगातार सुर्खियों में बने रहते हैं। हाल ही में तमिलनाडु के सीएम विजय ब्रिटेन के मशहूर सिल्वरस्टोन रेस सर्किट पहुंचे, जहां उनके वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।

**सिल्वरस्टोन में अजित-विजय का भावुक पल** – सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि तमिलनाडु के सीएम थलपति विजय, एक्टर और पेशेवर रेसर अजित कुमार का हौसला बढ़ाने पहुंचे। अजित कुमार प्रतिष्ठित मिशेलिन ले मैन्स कप रेस में भाग ले रहे थे। वीडियो में जैसे ही विजय ने रेस ट्रैक पर अजित कुमार को देखा, वे खुशी से दौड़ते हुए आए और अपने पुराने साथी व दोस्त अजित को कसकर गले लगा लिया। दोनों सुपरस्टार्स के इस भावनात्मक और आपसी सम्मान से भरे वीडियो को फैंस इंटरनेट पर जमकर शेयर कर रहे हैं।





**लंदन में विजय के साथ स्पॉट हुई एक्ट्रेस तृषा कृष्णन** – अजित कुमार की रेस के दौरान रेस सर्किट और लंदन के गलियारों से विजय के साथ मशहूर एक्ट्रेस तृषा कृष्णन की भी तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं। रेस से ठीक पहले तृषा कृष्णन की तस्वीरें सीनियर एक्ट्रेस राधिका सरथकुमार के साथ सामने आईं, जिसे राधिका ने खुद इंटरनेट पर शेयर किया था। इसके बाद सिल्वरस्टोन रेस ट्रैक पर भी विजय और तृषा को साथ देखा गया।

### विजय और तृषा की पर्सनल लाइफ फिर चर्चा में

थलपति विजय और तृषा कृष्णन की नजदीकियों और अफेयर की खबरें पिछले कई सालों से मीडिया की सुर्खियों में बनी रही हैं, हालांकि दोनों ही कलाकारों ने कभी इन अफवाहों पर सार्वजनिक रूप से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। गौरतलब है कि जब थलपति विजय ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी, तब तृषा कृष्णन भी उस ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुई थीं। समारोह के दौरान विजय की पहली राजनीतिक स्पीच सुनते वक्त तृषा का भावुक होना भी काफी चर्चा में रहा था। अब यूके में रेस ट्रैक से सामने आए इन नए वीडियोज ने एक बार फिर दोनों की मौजूदगी की ओर फैंस का ध्यान खींच लिया है।

# शेर-ए-पंजाब टी20 लीग में आया एसआरएस के बल्लेबाज का तूफान

- **कप्तानी पारी खेलकर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया**
- **सलिल अरोड़ा ने शेर-ए-पंजाह लीग में जड़ा शतक**

**मोहाली।** शेर-ए-पंजाब टी20 लीग 2026 के बेहद रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में लुधियाना लायंस ने जालंधर वॉरियर्स को 17 रनों से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। मोहाली के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में खेले गए इस मैच में लुधियाना की जीत के असली हीरो कप्तान सलिल अरोड़ा रहे, जिन्होंने मुश्किल वक्त में आकर महज 56 गेंदों में 120 रनों की आतिशी शतकीय पारी खेलकर अपनी टीम को खिताबी जंग में पहुंचाया।

**साहिल भास्कर की घातक गेंदबाजी** – 221 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी जालंधर वॉरियर्स ने कप्तान प्रभसिमरन सिंह और हरजस टंडन के दम पर एक समय 154/3 का स्कोर बना लिया था और वे जीत की तरफ बढ़ रहे थे। लेकिन इसके बाद तेज गेंदबाज साहिल भास्कर का जादू चला। साहिल ने एक ही ओवर में 3 विकेट झटककर जालंधर के बैटिंग लाइन-अप की कमर तोड़ दी और 4 ओवर में 6/16 का करिश्माई स्पेल फेंककर जालंधर को 203/8 पर रोक दिया।



### 105 रन पर गिर चुके थे 5 विकेट, फिर आया सलिल का शतकीय तूफान

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लुधियाना लायंस की शुरुआत बेहद खराब रही। जालंधर के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए लुधियाना के टॉप ऑर्डर को ध्वस्त कर दिया और टीम 105 रन के स्कोर पर अपने 5 अहम विकेट गंवाकर गहरे संकट में आ गई थी। ऐसे दबाव के समय कप्तान सलिल अरोड़ा ने मोर्चा संभाला। उन्होंने माधव पठानिया के साथ मिलकर न केवल पारी को संभाला, बल्कि जालंधर के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दीं। सलिल और पठानिया ने छठे विकेट के लिए महज कुछ ही ओवरों में 115 रनों की अटूट साझेदारी कर मैच का पासा पलट दिया। सलिल अरोड़ा अंत तक आउट नहीं हुए और उन्होंने 56 गेंदों में 120 रनों की आतिशी पारी खेली, जिसकी बदौलत लुधियाना ने 20 ओवर में 220/5 का विशाल स्कोर खड़ा किया।

**रविवार को अमृतसर सूरमाओं से होगा फाइनल मुकाबला** – कप्तान सलिल अरोड़ा का यह नाबाद शतक लुधियाना की जीत का मुख्य आधार बना। अब फाइनल मुकाबले में लुधियाना लायंस का सामना अमृतसर सूरमाओं से रविवार को होगा। दिलचस्प बात यह है कि दोनों टीमों ने अपने स्टार खिलाड़ियों (अर्शदीप सिंह और अभिषेक शर्मा) की अनुपस्थिति के बावजूद टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाघमारा में धंसी चाल, दो महिलाओं की मौत; कई लोगों के दबे होने की आशंका

**धनबाद/बाघमारा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामकनाली ओपी क्षेत्र के कुम्हार पट्टी रोड में रविवार सुबह अवैध कोयला खनन के दौरान चाल अचानक धंस गई। मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। मलबे में गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं की अस्पताल ले जाने के दौरान मौत हो गई। स्थानीय लोग राहत-बचाव में जुटे हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

### रमना में नींव की खुदाई में मिली पुरानी लोहे की तिजोरी, मचा कौतूहल

**गढ़वा/रमना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रमना बाजार स्थित प्राचीन शिवालय के पास शुक्रवार को आवासीय भवन की नींव खुदाई के दौरान जमीन के अंदर से पुरानी लोहे की तिजोरी मिली। जेसीबी से खुदाई के दौरान मशीन के झटके से तिजोरी का पता चला, जिसके बाद सावधानी से मिट्टी हटाकर उसे बाहर निकाला गया। तिजोरी जंग लगी और कुछ क्षतिग्रस्त बताई जा रही है। तिजोरी मिलने की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी और इसके इतिहास को लेकर तरह-तरह के कयास लगने लगे। सूचना पर रमना थाना पुलिस ने तिजोरी को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### हाइवा ने पति-पत्नी को कुचला, मौके पर मौत; सिल्ली-रांगामाटी रोड जाम

**बुंडू/सोनाहातु/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोनाहातु थाना क्षेत्र के बारेदा टोला देवानसारण में रविवार को भीषण सड़क हादसे में हाइवा की चपेट में आने से पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान पश्चिम बंगाल के झालदा थाना क्षेत्र स्थित कुशी पापड़ाहुडुम गांव निवासी रमेश महतो और 42 वर्षीय सिंधु बाला देवी के रूप में हुई है। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने सिल्ली-रांगामाटी मुख्य मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया। शव सड़क पर ही पड़ा है। जाम के कारण आवागमन बाधित है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने और सड़क से जाम हटाने का प्रयास कर रही है।

### आहर से अज्ञात युवक का शव बरामद

**हरिहरगंज, पलामू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीपरा थाना क्षेत्र के होलेया गांव स्थित प्रिंस ईंट भट्ठे के समीप रविवार को आहर से करीब 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। दुर्गंध आने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया। थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि शव तीन-चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा है और अब तक पहचान नहीं हो सकी है। पहचान के लिए शव को 72 घंटे तक शवगृह में रखा गया है। पुलिस इंटरनेट मीडिया समेत अन्य माध्यमों से पहचान कराने में जुटी है।

### शराब माफिया के हमले में उत्पाद विभाग के कई पुलिसकर्मी घायल

**समस्तीपुर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के समस्तीपुर जिले में हलई थाना क्षेत्र के बनवीरा गांव में शराब बरामदगी के लिए छापेमारी करने पहुंची उत्पाद विभाग की टीम पर शराब माफिया और उसके समर्थकों ने कथित तौर पर हमला कर दिया, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि उत्पाद विभाग की टीम रविवार को जिले के हलई थाना क्षेत्र में शराब के कारोबार की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची थी। इसी दौरान शराब माफिया और उसके सहयोगियों ने टीम पर पथराव शुरू कर दिया। अचानक हुए हमले के बाद पुलिसकर्मियों को अपनी जान बचाने के लिए मौके से पीछे हटना पड़ा।हमलावरों ने आक्रामक रुख को देखते हुए उत्पाद विभाग के कर्मी अपने वाहनों को मौके पर छोड़कर वहां से निकल गये। हमलावरों ने उत्पाद विभाग के वाहनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद पुलिस बल की मौजूदगी में इलाके में दोबारा छापेमारी शुरू की गयी। पुलिस हमलावरों और शराब के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटाने तथा हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### पंचायत परिसीमन के बाद ही पंचायतों में चुनाव होंगे

**बांका, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने बताया पंचायतों में परिसीमन का कार्य चुनाव आयोग के निर्देशानुसार किया जा रहा है। परिसीमन कार्य पूरा होने पर ही यहां चुनाव होंगे। सरकार इसके लिए तैयार है। वे आज यहां सर्किट हाउस में एक पत्रकार सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जिले में कुल 185पंचायतों में सरकार पंचायत भवन बनाने का कार्य किया जा रहा है जिसमें 80पंचायतों में भवन निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। सभी पंचायत सरकार भवन में पंचायत स्तरीय कर्मचारियों की पदस्थापना कार्य शीघ्र पूर्ण हो जाएगा। इन भवनों में आधार सेवा शुरू करने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।12पंचायतों में कन्या विवाह मंडप का कार्य किया जा रहा है जिसमें 8 में विवाह मंडप बनकर तैयार हो गया है। उन्होंने कहा कि जिले के 25290सोलर स्ट्रीट लाइट की स्वीकृति मिली है जिसमें 25649सोलर स्ट्रीट लाइट लगा दिया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार जन जन की सेवा के लिए संकल्पित है और ग्रामीण क्षेत्रों के हरेक लोगों की समस्या को दूर करने के सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया है।

### मोटरसाइकिल की टक्कर से सड़क पार कर रही महिला घायल

**भागलपुर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरारी थाना क्षेत्र में रविवार सुबह सड़क हादसे में 46 वर्षीय महिला की मौत हो गयी. मृतका की पहचान कटहलबाड़ी निवासी संजय यादव की पत्नी रामदुलारी देवी के रूप में हुई है. परिजनों के अनुसार, रामदुलारी देवी सुबह करीब 5:30 बजे घर के पास कूड़ा फेंकने के लिए सड़क पार कर रही थीं. इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी. हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गयीं.

# ग्रामीणों से सीधा संवाद, अपराध पर पैनी नजर: मोहम्मदगंज में पंचायतवार बीट प्रभारी तैनात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मोहम्मदगंज ,पलामू।** पलामू एसपी कपिल चौधरी के निर्देश पर ग्रामीणों से बेहतर समन्वय स्थापित करने और क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र की सभी पंचायतों में पंचायतवार बीट प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। थाना प्रभारी के नेतृत्व में थाना में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों को अलग-अलग पंचायतों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जारी व्यवस्था के तहत एसआई (सब-इंस्पेक्टर) मनोज मुंडा को भजनिया, एएसआई (असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर) प्रद्युम्न पासवान को सोनवरसा, एसआई हरेंद्र प्रसाद को रसूलपुर, मुद्दीन अंसारी को भली, एएसआई अनिल कुमार को बड़ांडा, एएसआई बुडू उरांव को कादल तथा एसआई भगवान पूर्ति को संबंधित बीट की जिम्मेदारी दी गई है।बताया गया कि कुछ पुलिस पदाधिकारी फिलहाल श्रावणी मेला ड्यूटी के लिए देवघर गए हुए हैं। ऐसी स्थिति में उनके क्षेत्र से सटी पंचायतों के बीट प्रभारियों को डबल प्रभार सौंपा गया है, ताकि पुलिसिंग व्यवस्था प्रभावित न हो।

पंचायतवार बीट प्रभारी नियुक्त करने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान, आम लोगों के साथ बेहतर संवाद और पुलिस-जनता के बीच समन्वय को मजबूत करना है। इसके साथ ही बीट क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों पर नियमित नजर रखते हुए अपराध की रोकथाम और संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी को भी प्राथमिकता दी जाएगी। पुलिस की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की पहुंच और जवाबदेही दोनों बढ़ने की उम्मीद है।

# बीरपुर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी सहित साली की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सुपौल।** बिहार में सुपौल जिले के बीरपुर थाने क्षेत्र में शनिवार की रात सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी सहित साली की मौत हो गई

पुलिस सूत्रों ने आज रविवार को बताया कि हृदय नगर पंचायत के अन्तर्गत एक पेट्रोल पम्प के समीप एक ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिससे सुरती देवी ( 22 वर्ष)की मौत घटनास्थल पर हो गई जबकि अरविंद ऋषिदेव ( 26 वर्ष)और मूर्ति देवी 20 बुरी तरह घायल गए ।

पुलिस ने बताया कि डायल 112 पर सूचना मिलने पर पुलिस वहां पहुंची और घायलों बीरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया । घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन लोगो का प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया लेकिन रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई ।

पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ट्रेक्टर को जब्त करते हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

सूत्रों ने कहा कि अरविंद ऋषिदेव अपनी पत्नी सुरती देवी और साली मूर्ति देवी के साथ हरिपुर गांव में अपने रिश्तेदारों से मिलकर अपने घर भीमनगर थाने के कटैया वापस जा रहा था इसी घटना में पति , पत्नी और साली की मौत हो गई है।

# भोज की पत्तल बनी कैनवास, सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने ट्रायंगल में उकेरे चित्र



**मोतिहारी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कला के लिए कैनवास का आकार नहीं, बल्कि कलाकार की कल्पना और हुनर मायने रखता है। इसी सोच को अपनी कला में साकार करते हुए अपनी अनोखी कला और प्रयोगधर्मिता के लिए बिहार के चर्चित विश्व प्रसिद्ध रेत कलाकार मधुरेंद्र कुमार ने इस बार कला एक अनोखा प्रयोग किया है। उन्होंने पारंपरिक कैनवास के बजाय भोज में भोजन परोसने के लिए इस्तेमाल होने वाली पत्तल को अपनी कला का माध्यम बनाकर नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 18 वाँ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन (इक्फ्रर 2026) में शामिल होने वाले प्रमुख वैश्विक नेताओं के चेहरे को उकेरे हैं। सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने इन पत्तलों पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी, इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो सहित कई वैश्विक नेताओं के चित्र को ट्रायंगल में तैयार किए हैं।

कलाकृति के साथ ह्वएछ्उउंट ळठ क्ठअ्ळ झ इक्फ्रर 2026ह्व संदेश भी अंकित किया गया है। अलग-अलग पत्तलों पर नेताओं के चित्रों को फ्रेम की तरह सजाकर तैयार की गई यह रचना इक्फ्रर सम्मेलन के लिए भारत आने वाले विश्व नेताओं के स्वागत को समर्पित है। कलाकार मधुरेंद्र कुमार के अनुसार, इस विशेष कला को तैयार करने में करीब 15 दिनों का समय लगा। पत्तल की सतह सामान्य कैनवास की तुलना में अलग होने के कारण उस पर बारीक चित्र उकेरना आसान नहीं था। इसके बावजूद उन्होंने चेहरे की रूपरेखा, आंखों, बाल, दाढ़ी और भाव-भंगिमा जैसे सूक्ष्म विवरणों को उभारने का प्रयास किया।मधुरेंद्र कहते हैं कि उनका उद्देश्य केवल विश्व नेताओं के चित्र बनाना नहीं, बल्कि कला के माध्यम से भारत की मेहमाननवाजी, शांति, संवाद और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का संदेश देना है। मधुरेंद्र कुमार की कला की खास पहचान उनके प्रयोगों में दिखाई देती है। वह पारंपरिक कैनवास तक सीमित रहने के बजाय रेत, मिट्टी, कोयले की राख, पीपल के पत्ते, फल और सब्जियों जैसे अलग-अलग माध्यमों पर कलाकृतियां तैयार करते रहे हैं। इस बार भोज में इस्तेमाल होने वाली पत्तल को कैनवास बनाकर विश्व नेताओं के चित्र उकेरना उनके इसी प्रयोगधर्मी कला सफर की एक नई कड़ी है। साधारण रूप से भोजन परोसने के काम आने वाली पत्तल को उन्होंने अपनी बारीक चित्रकारी के जरिए एक कलात्मक रूप देने का प्रयास किया है। मधुरेंद्र कुमार का कहना है कि इक्फ्रर जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर दुनिया के अलग-अलग देशों के नेता एक साथ आते हैं। ऐसे में उन्होंने अपनी कलाकृति के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया है कि देशों के बीच संवाद और सहयोग से वैश्विक समस्याओं का समाधान निकाला जा सकता है।उन्होंने कहा, मैंने अपनी इस कलाकृति के जरिए दुनिया के तमाम नेताओं का भारत में स्वागत करने की कोशिश की है। मेरी कला का संदेश है कि दुनिया के सभी देश आपसी मतभेद भुलाकर एक साथ आएं, क्योंकि मिलजुलकर ही हम शांति स्थापित कर सकते हैं और दुनिया की बड़ी चुनौतियों का समाधान निकाल सकते हैं। पत्तल पर बनाए गए विश्व नेताओं के चित्रों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं। एक तरफ जहां अलग-अलग देशों के नेताओं के चेहरे इस कलाकृति का मुख्य आकर्षण हैं, वहीं दूसरी ओर भोज में इस्तेमाल होने वाली पत्तल को कला के माध्यम के रूप में इस्तेमाल करना इस रचना को खास बनाता है।

मधुरेंद्र कुमार का यह प्रयोग यह संदेश भी देता है कि कला किसी एक माध्यम की मोहताज नहीं होती। कलाकार अपनी कल्पना और सृजनात्मकता से रोजमर्रा की साधारण वस्तु को भी कला का रूप दे सकता है।

# पीएम श्री स्कूलों में पढ़ाई की जगह पसरी अव्यवस्था!

**हुसैनाबाद,पलामू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीएम श्री विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने के सरकारी दावों के बीच शनिवार को हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के विद्यालयों के निरीक्षण में कई जगहों पर व्यवस्था की बदहाली सामने आई। झारखंड स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की उपसचिव जयंती देवगम ने विभिन्न पीएम श्री विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान हुसैनाबाद शहर स्थित उर्दू मध्य विद्यालय में प्रथम दृष्टया ही अव्यवस्था नजर आई। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में प्रविष्टि फार्म तक भरा हुआ नहीं मिला, जबकि उपलब्ध सामग्रियों के रख-रखाव की स्थिति भी संतोषजनक नहीं थी। विद्यालय की व्यवस्था को लेकर प्रभारी प्रधानाध्यापक समेत शिक्षकों के कार्यों पर भी उपसचिव ने नाराजगी जताई। निरीक्षण में शिक्षकों में कार्य के प्रति

### ● उपसचिव के निरीक्षण में खुली व्यवस्था की पोल

अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखी। इसके बाद मध्य विद्यालय मोहम्मदगंज का निरीक्षण किया गया। यहां स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर मिली, लेकिन उपसचिव ने विद्यालय प्रबंधन को निर्धारित गतिविधियां समय पर पूरा करने और सभी पंजी नियमित रूप से संधारित करने का निर्देश दिया। वहीं, हैदरनगर प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पतरिया की स्थिति निरीक्षण के दौरान सबसे अधिक चिंताजनक पाई गई। विद्यालय में पीएम श्री योजना के अनुरूप संचालन और व्यवस्थाएं अपेक्षित स्तर पर नहीं मिलीं। उपसचिव ने विद्यालय प्रबंधन को व्यवस्था में सुधार लाने और पीएम श्री विद्यालय के निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने की हिदायत दी।

# चिरैयाखांड़ गांव में सात दिनों से अंधेरा

## 100 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हुसैनाबाद ,पलामू।** हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत चिरैयाखांड़ गांव में वज्रपात से 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर जल जाने के कारण करीब 100 घर पिछले सात दिनों से अंधेरे में हैं। बिजली आपूर्ति बाधित रहने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने सहायक विद्युत अभियंता, हुसैनाबाद को आवेदन देकर तत्काल नया ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग की है। आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि करीब सात दिन पूर्व वज्रपात के कारण गांव का 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर जल गया। इसके बाद से बिजली आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित है। बिजली नहीं रहने से स्कूली बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। वहीं किसानों को धान की फसल की सिंचाई करने में भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बिजली का लोड अधिक होने के कारण 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर पहले से ही पर्याप्त क्षमता के साथ



काम नहीं कर पा रहा था। ऐसे में इसके जल जाने के बाद समस्या और गंभीर हो गई है। ग्रामीणों ने जनहित को देखते हुए पुराने 63 केवीए ट्रांसफॉर्मर के स्थान पर 100 केवीए क्षमता का नया ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराने की मांग की है।

ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द नया ट्रांसफॉर्मर लगाकर बिजली व्यवस्था बहाल करने की गुहार लगाई है। आवेदन की प्रतिलिपि पलामू के महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता सह उप महाप्रबंधक तथा कार्यपालक विद्युत अभियंता को भी सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है।

# जरकुंडा में केज कल्चर और नौका विहार का डीडीसी ने किया निरीक्षण

**बोकारो, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्राम जरकुंडा मत्स्यजीवी सहयोग समिति में संचालित केज कल्चर यानी पिंजरा मत्स्य पालन और नौका विहार का उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समिति की गतिविधियों, आधुनिक मत्स्य पालन तकनीक और क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं का जायजा लिया।



डीडीसी ने जलाशय में संचालित केज कल्चर का निरीक्षण करते हुए मत्स्य पालकों से मछलियों की प्रजाति, उत्पादन, चारा प्रबंधन, बाजार की उपलब्धता और आय से जुड़ी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि समिति बेहतर कार्य कर रही है और मत्स्य पालन के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। केज कल्चर के माध्यम से कम क्षेत्र में अधिक मत्स्य उत्पादन किया जा सकता है, जिससे स्थानीय मत्स्यजीवी परिवारों के लिए रोजगार और आय के अवसर बढ़ेंगे।

इसके बाद डीडीसी ने नौका विहार स्थल का भी निरीक्षण किया। जलाशय और आसपास के प्राकृतिक वातावरण को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की संभावनाओं पर चर्चा की गई। उन्होंने स्वच्छता, सुरक्षा, पर्यटकों की सुविधा और नौका संचालन को व्यवस्थित करने पर जोर दिया। मौके पर समिति के अध्यक्ष धीरज कुमार लहेरी, सचिव अशोक महतो समेत देवेंद्र महतो, यमुना महतो, निरंजन महतो, नीरज लहरी, महावीर महतो और तुलसी सिंह मौजूद थे।

### सदर थाना द्वारा अवैध मादक पदार्थ के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार

**पूर्णियाँ, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज दिनांक 13.09.2026 को पूर्णियाँ सदर थाना को गुप्त सूचना मिलने के बाद कि गई कारवाई में एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो और ग्रे रंग की स्विफ्ट कार से भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद किया गया, जिसे फारबिसगंज की ओर से जीरोमाईल होते हुए कुसेलों की ओर ले जाया जा रहा था। सूचना पर वरीय पुलिस अधीक्षक पूर्णियाँ के निर्देश पर टीम गठित कर ठक्-57 गुलाबबाग धर्मकांटा मंडी गेट नंबर 02 के पास दोनों गाड़ियों की तलाशी ली गई। तलाशी में दोनों गाड़ियों से कुल 246.05 किलोग्राम गांजा जैसा पदार्थ और तीन मोबाइल बरामद किया गया। मौके से 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त में

1. सोनु कुमार उम्र 24 वर्ष
2. अनंत कुमार उम्र 24 वर्ष
3. मो खुर्शीद उम्र 19 वर्ष
4. अवधेश मंडल उम्र 26 वर्ष

सभी फार्बिसगंज, अररिया जिले के निवासी बताये जा रहे है।

### राघोपुर बांध पहुंचे प्रभारी मंत्री, अधिकारियों से मांगी पूरी जानकारी

**नवगछिया, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भागलपुर जिले के प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा ने रविवार को खरीक प्रखंड के राघोपुर बांध का निरीक्षण कर कटाव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से बांध की वर्तमान स्थिति और अब तक किये गये कटावरोधी कार्यों की जानकारी ली। मंत्री ने नवगछिया के अनुमंडल पदाधिकारी परीक्षित से भी बाढ़ और कटाव से उत्पन्न स्थिति के संबंध में जानकारी ली। प्रभारी मंत्री ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता से कटाव की स्थिति, अब तक किये गये बचाव कार्य और आगे की कार्ययोजना के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को कटाव रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने और बचाव कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि बांध की सुरक्षा को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी रखने और स्थिति पर नजर बनाए रखने को कहा।

# कार्यपालक सहायकों को राज्य कर्मी का दर्जा देने की मांग को लेकर अक्टूबर से आंदोलन का ऐलान

## सरकार के ढुलमुल रवैये व वादाखिलाफी के खिलाफ आंदोलन की रणनीति पर हुई विस्तृत चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा (सारण)।** बिहार राज्य कार्यपालक सहायक सेवा संघ की सारण जिला इकाई की बैठक को समाहरणालय परिसर स्थित गोपुट के संघ भवन में रवीश कुमार श्रीवास्तव एवं कार्यकारी जिला अध्यक्ष जन्मेजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कार्यपालक सहायकों की लंबित मांगों, संगठन को मजबूत करने तथा सरकार के रवैये के खिलाफ आंदोलन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि सारण जिला कमेटी के तत्कालीन जिला अध्यक्ष निलेश कुमार के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद जिला अध्यक्ष का पद रिक्त हो गया है। इस पद पर आगामी 20 सितंबर तक सर्वसम्मति से चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही 20 सितंबर को संघ भवन में प्रदेश अध्यक्ष के सम्मान समारोह के आयोजन का भी निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के नेताओं ने कहा कि कार्यपालक सहायकों को सम्मानजनक मानदेय वृद्धि के साथ राज्य कर्मी का दर्जा देने की मांग लंबे समय से की जा रही है। पूर्व में आंदोलन और हड़ताल के दौरान



सरकार की ओर से मांगों के समाधान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आश्वासन के करीब नौ माह बाद भी कोई ठोस एवं सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया है। इससे कार्यपालक सहायकों में सरकार के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है। संघ नेताओं ने कहा कि कार्यपालक सहायक विभिन्न विभागों एवं सरकारी कार्यालयों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाते हुए सरकारी योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद उनकी जायज व लंबित मांगों की अनदेखी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने चेतावनी दी कि सितंबर माह के अंत तक मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो अक्टूबर से राज्यव्यापी चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी बिहार सरकार की होगी। बैठक में संगठन को और मजबूत एवं संगठित करने तथा सभी कार्यपालक सहायकों को एकजुट करने पर भी जोर दिया गया। उपस्थित सदस्यों ने अपने अधिकारों एवं जायज मांगों के लिए लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

बैठक में इन मांगों और मुद्दों पर बनी सहमति। आवास विभाग एवं मनरेगा (वीबी-जी रामजी) में कार्यरत कार्यपालक सहायकों के सात माह से लंबित मानदेय का भुगतान कराने की मांग। सभी विभागों में समूह स्वास्थ्य बीमा एवं कॉरपोरेट सैलरी पैकेज लागू करने के लिए सरकार को अल्टीमेटम देने का निर्णय। कार्यपालक सहायकों को हटाकर उनकी जगह आउटसोर्सिंग के माध्यम से सेवा लेने की किसी भी कोशिश का पुरजोर विरोध। कार्य समीक्षा अथवा वित्तीय बोझ का हवाला देकर कार्यपालक सहायकों को हटाने की धमकी का विरोध।

ईपीएफ, अवकाश एवं अन्य वैधानिक/देय सुविधाओं में अनियमितता के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन। मानदेय पुनर्निर्धारण एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में सरकार और मिशन कार्यालय द्वारा लंबे समय से दिए जा रहे आश्वासनों एवं टालमटोल के खिलाफ निर्णायक संघर्ष।

बैठक में पप्पू पासवान, रितेश कुमार, श्री राम जी, मोहम्मद अमीर हसन, निक्कू माझी, विक्की कुमार सिंह, चंदन कुमार, निर्भय कुमार निर्मल, राजन कुमार, विकास कुमार, विशाल कुमार, सोनू कुमार, अभिषेक कुमार, सुशील कुमार शर्मा, मोहम्मद जाकिर हुसैन, मुन्ना कुमार, संदीप कुमार, शेषनाथ शर्मा, राजेश प्रसाद, अजय राज, मोहम्मद मुमताज, सनी कुमार, राजेश कुमार, आदित्य कुमार मल्होत्रा, सुधांशु श्रीवास्तव, नागमणि प्रसाद, अमर कुमार, सोनी कुमार सैनी, बृजमोहन कुमार, रवि कुमार, नवीन कुमार गिरी, सुबोध महतो, जयप्रकाश, भास्कर, मनमोहन कुमार, अभिषेक कुमार, संदीप रंजन, मुकेश कुमार, कमलेश कुमार, पंकज कुमार, प्रवीण कुमार समेत दर्जनों कार्यपालक सहायक मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने सेल के 45 लंबित मुद्दों पर उठाई आवाज

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने सेल कर्मियों से जुड़े कॉरपोरेट स्तर के लंबित मुद्दों के समाधान की मांग को लेकर देश के शीर्ष नीति-निर्धारकों को पत्र भेजा है। यूनियन का आरोप है कि सेल प्रबंधन की नीतियों के कारण कर्मचारियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मामले वर्षों से लंबित हैं। न्याय नहीं मिलने पर कुछ मुद्दों को लेकर न्यायालय की शरण भी ली गई है। यूनियन के अनुसार, वेज रिविजन 2017, बोनस फॉर्मूला, एनजेसीएस में सुधार और बोकारो स्टील प्लांट में यूनियन चुनाव समेत कई मामले अदालत में विचाराधीन हैं। वहीं सेल कॉरपोरेट स्तर पर कर्मचारियों से जुड़े कुल 45 मुद्दे लंबित बताए गए हैं। इनमें नए श्रम कानूनों को सेल में लागू करना, 2007 इंसेंटिव फॉर्मूले में संशोधन, स्टैगनेशन इंक्रीमेंट, हाउस परक्विजिट पर आयकर छूट, आवास एवं वाहन ऋण, शिक्षा भत्ता, लीव बैंक, शिफ्ट रोटेटिंग अलाउंस, पदनाम व सुपरवाइजरी कैडर जैसे मुद्दे शामिल हैं। यूनियन ने कर्मचारियों की सुरक्षा, दुर्घटना के बाद अनुग्रह राशि, वेज रिविजन 2027 में बेहतर पे-स्केल, मेडिकल सुविधा, पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभ समेत कई मांगें भी उठाई हैं। संघ ने प्रधानमंत्री, केंद्रीय इस्पात मंत्री और इस्पात सचिव से मामले में हस्तक्षेप करते हुए सेल प्रबंधन को लंबित मुद्दों के शीघ्र निराकरण का निर्देश देने की मांग की है।

### रणधीर वर्मा चौक पर चला स्वच्छता अभियान, हर रविवार सामूहिक सफाई का संकल्प

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 'मैं हूं धनबाद' एवं धनबाद नगर निगम के सौजन्य से आज रणधीर वर्मा चौक स्थित धरना स्थल पर स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत धरना स्थल एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष पूजा रत्नाकर ने कहा कि स्वच्छ धनबाद केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। 'मैं हूं धनबाद' के द्वारा धनबादवासियों के सहयोग से प्रत्येक रविवार सार्वजनिक स्थलों की सामूहिक सफाई का अभियान चलाया जाएगा। साथ ही शहर के विभिन्न वार्डों में भी स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने धनबादवासियों से अपील की कि यदि आप अपने वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाना चाहते हैं, तो 'मैं हूं धनबाद' से संपर्क करें। संगठन नागरिकों के सहयोग से प्रत्येक क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का प्रयास करेगा। सचिव सनोज कुमार ने कहा, अधिकारों की बातें बहुत हुईं, अब आइए अपने कर्तव्यों का निर्वाह करें। उन्होंने आम लोगों से संगठन से जुड़कर स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की। अभियान में नंदन कुमार बर्नवाल, शुभम कुमार निषाद, निलेश पांडेय, पवन कुमार संतोष कुमार, रवि, राहुल कुमार सिंह, अमित कुमार, शुभम निषाद (झरिया) नगर निगम सफाई कर्मी सहित अन्य सदस्यों एवं स्थानीय लोगों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। धनबाद हमारा है, स्वच्छता की जिम्मेदारी भी हमारी है।

### 98 लाख से बन रही मुख्य सड़क, दो दिन के लिए बदला प्रवेश मार्ग

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसएनएमएमसीएच की लंबे समय से जर्जर पड़ी मुख्य सड़क के निर्माण का काम रविवार से शुरू हो गया। भवन प्रमंडल की ओर से करीब 98 लाख रुपये की लागत से सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य को देखते हुए अगले दो दिनों तक अस्पताल के गेट नंबर-1 से वाहनों और लोगों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा। इस दौरान अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों, परिजनों और अन्य लोगों को गेट नंबर-2 का इस्तेमाल करना होगा. गेट नंबर-1 बंद रहने के दौरान एंबुलेंस समेत अस्पताल आने-जाने वाले सभी वाहनों की आवाजाही गेट नंबर-2 से होगी. अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों और उनके परिजनों से वैकल्पिक प्रवेश मार्ग का इस्तेमाल करने तथा निर्माण कार्य में सहयोग करने की अपील की है. गेट नंबर-1 से प्रवेश बंद रहने के कारण गेट नंबर-2 पर वाहनों का दबाव बढ़ने की संभावना है. ऐसे में अस्पताल आने वाले लोगों को अतिरिक्त समय लेकर पहुंचने और अनावश्यक भीड़ से बचने की सलाह दी गयी है. एसएनएमएमसीएच की मुख्य सड़क लंबे समय से जर्जर स्थिति में थी. सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण मरीजों और उनके परिजनों को आवागमन में परेशानी होती थी. एंबुलेंस के अस्पताल परिसर में आने-जाने के दौरान भी दिक्कत होती थी. गंभीर मरीजों को एंबुलेंस से अस्पताल लाने के दौरान



सड़क के गड्ढों और झटकों के कारण परेशानी और बढ़ जाती थी. अस्पताल में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज और उनके परिजन पहुंचते हैं. ऐसे में मुख्य सड़क की खराब स्थिति लंबे समय से समस्या बनी हुई थी. सड़क निर्माण पूरा होने के बाद अस्पताल परिसर में मरीजों, परिजनों और एंबुलेंस की आवाजाही पहले की तुलना में सुगम होने की उम्मीद है. फिलहाल निर्माण कार्य के दौरान गेट नंबर-1 बंद रहने से अस्पताल आने वाले लोगों को गेट नंबर-2 का इस्तेमाल करना होगा. निर्माण कार्य के दौरान अस्पताल प्रबंधन और संबंधित एजेंसी की ओर से आवागमन व्यवस्था को सुचारु रखने पर भी ध्यान देना होगा.

### पूर्वी टुंडी में सहकार भारती का अभ्यास वर्ग संपन्न, समाज और सहकारिता के विस्तार पर मंथन

**पूर्वी टुंडी/धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिले के पूर्वी टुंडी स्थित शाश्वत वाटिका, शंकरडीह में सहकार भारती के उत्तर पूर्व भारत के विभाग प्रमुखों का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग रविवार को संपन्न हुआ. अभ्यास वर्ग में सहकारिता के विस्तार और उसकी उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की गयी. कार्यक्रम का उद्घाटन चेतना महाविद्यालय के संस्थापक सह नंदीग्राम के संरक्षक शैलेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया. प्रथम दिन के अभ्यास वर्ग में सहकार भारती के उत्तर




पूर्व भारत प्रभारी विनय खटावकर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय पाचपोर और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य केशव हड़ोदिया मौजूद रहे. दो दिवसीय अभ्यास वर्ग में झारखंड के पांचों प्रमंडल उत्तरी छोटानागपुर, दक्षिणी छोटानागपुर, कोल्हान, पलामू और संथाल परगना के अलावा बिहार और पश्चिम बंगाल के करीब 40 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया. इस दौरान सहकार भारती के कार्य विस्तार और सहकारिता की उपयोगिता को लेकर परिचर्चा हुई. अंतिम सत्र में सहकार भारती के राष्ट्रीय महामंत्री दीपक चौरसिया शामिल हुए. उन्होंने कहा कि समाज आगे और सत्ता पीछे की परिकल्पना से ही समाज का समग्र विकास संभव है. वर्तमान समय में समाज को आर्थिक, मानसिक और सामाजिक बदलाव की जरूरत है. सहकारिता के माध्यम से समाज को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किया जाना चाहिए. अभ्यास वर्ग में सहकार भारती धनबाद जिला अध्यक्ष सरोज कुमार, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरेंद्र पाठक, प्रदेश महामंत्री धनंजय सिंह, उपाध्यक्ष नयन कुमार कमल, प्रदेश संगठन मंत्री भारत भूषण समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे. बिहार प्रांत के अध्यक्ष रामदयाल जी सहित करीब 20 प्रतिभागियों ने भी अभ्यास वर्ग में हिस्सा लिया.

# 17 सितंबर से शुरू होगा सेवा संकल्प अभियान: राज सिन्हा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो परिसदन में रविवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में बीजेपी के बोकारो जिलाध्यक्ष सुरेंद्र राज समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में धनबाद के भाजपा विधायक राज सिन्हा मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। राज सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से शुरू होने वाले एक महीने लंबे सेवा संकल्प अभियान की रूपरेखा पत्रकारों के सामने रखी। उन्होंने बताया कि अभियान देशभर में आयोजित किया जाएगा। इसके तहत सामाजिक सरोकार और जनसेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के दौरान 'आशीर्वाद का दिया', 'मेरे सपनों का भारत', 'नमो सेवा', 'आंगन मिलन सेवा' और रक्तदान शिविर समेत कई कार्यक्रम होंगे। बीजेपी नेताओं के अनुसार, इन कार्यक्रमों के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों और



उपलब्धियों को आम लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। राज सिन्हा ने बताया कि 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम के तहत दीप जलाकर प्रधानमंत्री के कार्यों के प्रति आशीर्वाद व्यक्त किया जाएगा। वहीं, प्रधानमंत्री के जन्मस्थल वडनगर से कर्मस्थल काशी तक यात्रा निकालने की भी योजना है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अभियान को सफल बनाने और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने की अपील की।

## लापता महिला का शव बरामद, राजमिस्त्री पर हत्या का आरोप

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-12 थाना क्षेत्र के भट्ठा टोला से लापता 42 वर्षीय केशवती देवी का शव पुलिस ने बरामद कर लिया है।



महिला 4 फरवरी से लापता थी। परिजनों ने मामले की शिकायत सेक्टर-12 थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस की जांच और पूछताछ में राजमिस्त्री का काम करने वाले कमरुद्दीन अंसारी पर हत्या का आरोप सामने आया है। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान आरोपी ने महिला की गला दबाकर हत्या करने की बात स्वीकार की। इसके बाद पुलिस आरोपी को कथित वारदात वाली जगह पर लेकर पहुंची। वहां एफएसएल टीम, मजिस्ट्रेट और पुलिस की मौजूदगी में जमीन की खुदाई कर महिला का शव बरामद किया गया। सिटी डीएसपी राजीव रंजन के अनुसार, प्रारंभिक जांच में महिला की हत्या 5 फरवरी को किए जाने की बात सामने आई है। इसके बाद आरोपी ने 7 फरवरी को गड्ढा खोदकर शव को दफना दिया था। पुलिस ने शव मोहनडी क्षेत्र से बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक, शव काफी हद तक डीकंपोज हो चुका था और जानवरों द्वारा क्षत-विक्षत किए जाने की बात भी सामने आई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। फिलहाल पुलिस हत्या के पीछे की वजह और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच में जुटी है।

## चीराचास में चोरी की घटनाओं से दहशत, बंद मकान को बनाया निशाना

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के चीराचास थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है। ताजा मामला के सिंह कॉलोनी स्थित



नवीन कोऑपरेटिव का है, जहां चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता सोनी देवी के अनुसार, उनके घर में चोरी से पहले आसपास के दो अन्य मकानों में भी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि अवधेश, शंकर प्रसाद और उमेश के घर भी चोरों के निशाने पर रहे हैं। लगातार हो रही घटनाओं से स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। ताजा चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में करीब छह संदिग्ध दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में लगातार चोरी की घटनाएं होने के बावजूद चोरों पर लगाम नहीं लग पा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है और उसमें दिखाई दे रहे संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर संदिग्धों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का भरोसा दिया है।

### पेटरवार में श्री गणेश पूजनोत्सव की तैयारियां पूरी

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार श्री सिद्धिविनायक गणेश पूजा ट्रस्ट, खत्री टोला की ओर से गुरुजुवा खत्री टोला में 17वें वर्ष श्री गणेश जी महाराज का पूजनोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। पांच दिवसीय धार्मिक एवं आध्यात्मिक अनुष्ठान का आयोजन 14 से 18 सितंबर तक किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष अनूप सेठी और सचिव सचिन सेठी ने बताया कि 14 सितंबर को कलश यात्रा के साथ पूजा-अर्चना का शुभारंभ होगा। शाम को महाआरती के साथ श्रीकृष्ण लीला की झांकी भी प्रस्तुत की जाएगी। कलश यात्रा पूजा स्थल से निकलकर ठाकुर टोला, पटवा टोला, पूजा भंडार गली, मठ टोला और बक्शी टोला होते हुए खत्री टोला स्थित राजा तालाब पहुंचेगी। यहां आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद कलशों में जल भरा जाएगा। इसके बाद श्रद्धालु कलश लेकर वापस पूजा स्थल पहुंचेंगे।

## गुरु रविदास जी की जन्मस्थली से लाई मिट्टी के कलश शक्ति केंद्रों को सौंपे

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी पेटरवार मंडल कार्यालय परिसर में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी समरसता संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गुरु रविदास जी की पावन जन्मस्थली उत्तर प्रदेश के वाराणसी से लाई गई पवित्र मिट्टी के कलश मंडल के सभी शक्ति केंद्रों के पदाधिकारियों को सौंपे गए। मंडल प्रभारी राजेश पांडेय और पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद महतो की मौजूदगी में शक्ति केंद्रों के पदाधिकारियों को कलश प्रदान किए गए। इन कलशों को पेटरवार मंडल के विभिन्न गांवों और प्रमुख मंदिरों में श्रद्धापूर्वक स्थापित कर पूजित किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष लाल बहादुर शर्मा ने कहा कि पावन जन्मस्थली से लाई गई मिट्टी के कलशों को श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक



समरसता के संदेश के साथ सभी शक्ति केंद्रों तक पहुंचाया गया है। अभियान का उद्देश्य गुरु रविदास जी के विचारों और उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। मंडल प्रभारी राजेश पांडेय ने कहा कि कलशों के माध्यम से संत रविदास जी के समानता, भाईचारे, सामाजिक समरसता और मानवता के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान के जरिए समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करने का आह्वान किया जा रहा है। कार्यक्रम में पंकज कुमार सिन्हा, मुकेश ओझा, अमर ज्योति बनर्जी, लालमोहन नायक, शालिग्राम प्रसाद, बेनीलाल महतो, महेश तुरी, मुकेश महतो, उगन ठाकुर, अशोक पांडेय, राजेश नायक, पिंटू महतो, मनोहर तिवारी और सुमित्रा देवी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एमएमडीआर संशोधन बिल के विरोध में झामुमो का 19 सितंबर को धरना

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एमएमडीआर यानी खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन संशोधन बिल के विरोध में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आंदोलन की रणनीति तैयार करने को लेकर बोकारो सर्किट हाउस में बैठक की। बैठक में केंद्र सरकार के प्रस्तावित खान एवं खनिज संशोधन बिल के प्रावधानों और इसके संभावित प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई। झामुमो नेताओं ने कहा कि प्रस्तावित बिल झारखंड के हित में नहीं है। नेताओं का दावा है कि इसके लागू होने से राज्य के राजस्व पर असर पड़ सकता है, जिसका सीधा प्रभाव लोक कल्याणकारी योजनाओं पर भी पड़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की गरीबों के लिए अबुआ आवास योजना और



महिलाओं के लिए मंईयां सम्मान योजना जैसी योजनाएं भी प्रभावित हो सकती हैं। बैठक में झामुमो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने कहा कि इस बिल का विरोध गठबंधन में शामिल कांग्रेस समेत अन्य दल भी करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इस प्रस्तावित संशोधन के खिलाफ झामुमो और गठबंधन की ओर से चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। मंटू यादव ने बताया कि 19 सितंबर 2026 को राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से धरना कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की।

### सैनिक मार्केट स्थित आजाद फामेर्सी में आग लगने से अफरा तफरी

**रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रांची के प्रसिद्ध सैनिक मार्केट स्थित आजाद फार्मा में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि दुकान में पानी के रिसाव के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसके बाद आग लग गई। हालांकि स्थानीय लोगों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया। घटना के बाद सैनिक मार्केट के मेंटेनेंस और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। रांची के सैनिक मार्केट मे आजाद फार्मा दुकान में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक दुकान के आसपास पानी का रिसाव हो रहा था। इसी पानी के कारण बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट होने की बात सामने आ रही है, जिसके बाद दुकान में आग लगी। हालांकि समय रहते स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पा लिया। इससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद सैनिक मार्केट के मेंटेनेंस को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## निरसा में ग्रामीणों और सीआईएसएफ के बीच झड़प, महिला की पिटाई के बाद बढ़ा विवाद



**निरसा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** निरसा ईसीएल के चापापुर ओसीपी के समीप रविवार को ग्रामीणों और सीआईएसएफ जवानों के बीच झड़प की घटना सामने आई। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क से गुजर रही एक महिला को सीआईएसएफ जवानों ने कोयला चोर बताकर कथित रूप से मारपीट कर घायल कर दिया। महिला की पिटाई की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आक्रोश जताया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा सीआईएसएफ के वाहनों में तोड़फोड़ किए जाने और जवानों के साथ मारपीट किए जाने की बात सामने आई है। ग्रामीणों के अनुसार, स्थिति बिगड़ने के बाद सीआईएसएफ जवानों ने फायरिंग की, जिसके बाद ग्रामीण और अधिक आक्रोशित हो गए। घटना के बाद सैकड़ों ग्रामीण मौके पर डटे रहे। ग्रामीण घायल महिला के समुचित इलाज और मुआवजे की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उनका गांव ईसीएल प्रोजेक्ट के समीप है और ग्रामीणों का सड़क से आना-जाना सामान्य है। ऐसे में सड़क से गुजरने वाले ग्रामीणों को कोयला चोरी के संदेह में कार्रवाई का निशाना बनाया जाना स्वीकार नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि यदि कोयला चोरी की घटना होती है तो सीआईएसएफ को परियोजना क्षेत्र में कोयला चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए, न कि सड़क से गुजरने वाले ग्रामीणों के साथ मारपीट करनी चाहिए। घटना के बाद इलाके में तनाव को देखते हुए स्थिति पर नजर रखी जा रही है। फायरिंग और मारपीट की घटना के संबंध में सीआईएसएफ या पुलिस का आधिकारिक पक्ष सामने आना अभी बाकी है।

## जगेश्वर विहार में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई, कार से 30 बोतल विदेशी शराब बरामद

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जगेश्वर विहार थाना क्षेत्र से 30 बोतल अवैध विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस ने शराब तस्करी में इस्तेमाल की जा रही सिल्वर रंग की अल्टो कार को भी जब्त किया है। हालांकि, कार सवार दो संदिग्ध पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार,



13 सितंबर 2026 को करीब 11 बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक सिल्वर रंग की अल्टो मारुति सुजुकी कार से दो व्यक्ति बोरे में अवैध शराब लेकर तिलैया गांव होते हुए रेलवे ओवरब्रिज की ओर जा रहे हैं। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए जगेश्वर विहार थाना प्रभारी प्रकाश यादव के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम तिलैया गांव में अशोक महतो के चाय-पकौड़े के होटल के पास पहुंची। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही उक्त कार को पुलिस ने देखा। पुलिस वाहन को देखते ही कार में सवार दोनों व्यक्ति वाहन से उतरकर जंगल की ओर भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने कार की तलाशी ली। डिक्की में प्लास्टिक के बोरे से 750 एमएल की 30 बोतल बरामद की गई। पुलिस ने शराब और कार को जब्त कर लिया है। फरार दोनों आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

## फादर केविन ग्रोगन मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संत जेवियर्स विद्यालय, बोकारो में आयोजित तीन दिवसीय फादर केविन ग्रोगन मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट 2026 का रविवार को उत्साह और खेल भावना के साथ समापन हुआ। अंतिम दिन जूनियर और सीनियर वर्ग के फाइनल मुकाबले खेले गए, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल और टीम भावना का प्रदर्शन किया। जूनियर वर्ग के फाइनल में सहोदया स्कूल, पलामू और कैथोलिक आश्रम, भुरकुंडा के बीच मुकाबला हुआ। शानदार प्रदर्शन करते हुए कैथोलिक आश्रम, भुरकुंडा ने जीत दर्ज कर जूनियर वर्ग की विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं सीनियर वर्ग के फाइनल में सहोदया हाई स्कूल, पलामू और संट जोसेफ हायर सेकेंडरी स्कूल, महुआडांड़ आमने-सामने रहे। रोमांचक मुकाबले में सेंट जोसेफ हायर सेकेंडरी स्कूल, महुआडांड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीनियर वर्ग का

**जूनियर में भुरकुंडा और सीनियर में महुआडांड़ चैंपियन**




खिताब जीता। व्यक्तिगत प्रदर्शन के लिए जूनियर वर्ग में कैथोलिक आश्रम, भुरकुंडा के हर्दिप कुमार और सीनियर वर्ग में सेंट जोसेफ हायर सेकेंडरी स्कूल, महुआडांड़ के संजय कोरवा को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बोकारो स्टील प्लांट के मुख्य संचार अधिकारी मणिकांत धान रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल से अनुशासन, नेतृत्व, धैर्य और सहयोग की भावना विकसित होती है। विद्यालय के प्राचार्य फादर अरुण मिंज के मार्गदर्शन में आयोजित टूर्नामेंट में विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता ने खिलाड़ियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, मित्रता और भाईचारे का संदेश दिया। यह आयोजन फादर केविन ग्रोगन के आदर्शों और खेल भावना को समर्पित रहा।

### राष्ट्रीय नारी शक्ति महिला संगठन ने विधवा महिलाओं को ढाई हजार देने की आवाज बुलंद की

**रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय नारी शक्ति महिला संगठन ने राज्य सरकार से मईया योजना की तर्ज पर झारखंड की विधवा महिलाओं को भी ढाई हजार रुपए की राशि देने की मांग की है। रांची में आज संगठन की ओर से सम्मान समारोह तथा सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रांची के विधायक सीपी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष आरती बेहरा ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से झारखंड में रहने वाली 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को मईया योजना के तहत ढाई हजार रुपए प्रति महीने दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड आदिवासी बहुल इलाका है। विधवा महिलाओं को भी 1000 पेंशन की जगह ढाई हजार रुपए मिलने चाहिए। मौके पर रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि मईया योजना के तहत 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को मिलने वाली ढाई हजार रुपए की राशि का कोई विरोध नहीं है लेकिन विधवा महिलाओं को उनकी जरूरत को देखते हुए ढाई हजार रुपए देने चाहिए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK